4 रायपुर संभाग
ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति की मुआवजा राशि देने की मांग

6 फिल्मी
भूल भुलैया 3 की बजबूत पकड़...

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य के क्षेत्र में वरदान साबित हो रहे हैं...

10 संस्कारधानी
चुनाव में आरक्षण पर टकराव... एसटी ने खुज्जी...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 11 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-80 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### 2005 के पहले शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था : नीतीश



**गया।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 2005 के पहले शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था, जो लोग शासन में थे उन लोगों ने कोई काम नहीं किया। मुख्यमंत्री कुमार गया जिले के बेलागंज पड़ाव पर मैदान पहुंचे, जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया।

### रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव आज भारत आयेंगे



**नयी दिल्ली।** रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव भारत-रूस अंतरसरकारी आयोग की बैठक में भाग लेने के लिए दो दिन की यात्रा पर यहां आएंगे। रूस के राजदूतावास ने यह जानकारी देते हुए कहा कि मंतुरोव भारत की दो दिन की कामकाजी यात्रा पर सोमवार को मुंबई में रूसी-भारतीय बिजनेस फेरम के पूर्ण सत्र में भाग लेंगे। रूसी राजदूतावास की विज्ञप्ति के अनुसार इस आयोजन का उद्देश्य दोनों देशों के उद्यमियों के बीच सहयोग संबंधों का विस्तार करना है।

### महंगाई आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह अक्टूबर के जारी होने वाले खुदरा एवं थोक महंगाई आंकड़ों पर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 237.8 अंक अर्थात 0.3 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 79486.32 अंक पर आ गया।

### यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार से नवाजे जाएंगे दीपेश नायर



**नयी दिल्ली।** 'ट्रेनिंग एंड एजुकेशनल सेंटर फॉर हियरिंग इम्पेयर्ड' के सह-संस्थापक एवं महाराष्ट्र में ठाणे के निवासी दीपेश नायर को प्राध्यापक यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार-2024 के सम्मान से निवाजे जाएंगे। गौरतलब है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिल्पकार माने जाने वाले प्रा. यशवंतराव केलकर के नाम पर दिया जाने वाला यह पुरस्कार शिक्षा, समाज, पर्यावरण, विज्ञान जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को दिया जाता है।

## कांग्रेस आदिवासियों को उच्च पदों पर बर्दाश्त नहीं कर सकती : पीएम मोदी

एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के गुमला में आयोजित चुनावी रैली में लोगों से भाजपा के लिए वोट मांगा। मोदी ने कहा कि झारखंड में घुसपैठ रोकने के लिए, युवाओं के रोजगार के लिए, झारखंड की पहचान बचाने के लिए, महिला सुरक्षा के लिए प्रदेश में भाजपा सरकार जरूरी है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी एकता को कमजोर करने के एजेंडे पर काम कर रही है।वो एक एसटी समुदाय को दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रही है। जेएमएम के नेतृत्व वाला गठबंधन रेत, जंगल, पानी लूट रहा है, यहां तक कि जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए भी रिश्वत ले रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों को उच्च पदों पर बर्दाश्त नहीं कर सकती।वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का अपमान करती है। गुमला में जेएमएम और कांग्रेस पर हमला करते हुए मोदी ने कहा कि इन दोनों पार्टियों को आपकी सुविधा से कोई लेना-देना नहीं है। वे अपनी तिजोरियां भरने में व्यस्त हैं।हमने झामुमो-कांग्रेस नेताओं के पास नकदी के पहाड़ देखे हैं। गिनती करने वाली मशीन भी थक गई लेकिन इनके नोट खत्म नहीं हुए। उन्होंने कहा कि 'जिन्होंने लूटा, उन्हें लौटना पड़ेगा' और उन्हें जेल में जिंदगी बितानी पड़ेगी। कांग्रेस-जेएमएम झारखंड में सब कुछ बेच रही है। उन्होंने हमारे द्वारा शुरू की गई मुफ्त चावल योजना में भी घोटाला किया है। उन्होंने आपके बच्चों की थाली से चावल चुरा लिया है। रैली में मोदी ने कहा कि कुछ बच्चे मेरे लिए संदेश लाए हैं। कुछ बेटियां उपहार लेकर आई हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि उपहरा के पीछे अपना नाम और पता लिखें। मैं आपको वापस पत्र लिखूंगा। उन्होंने गुमला में कहा कि इस स्थान को माता अंजना और वीर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने जनसभा में कहा कि 'मैं आप सभी को देखकर धन्य हो गया हूं'। उल्लेखनीय है कि मोदी ने झारखंड में पहली चुनावी सभा बोकारो में की जबकि दूसरी सभा गुमला में आयोजित हुई।

### कांग्रेस हमेशा से एससी, एसटी, ओबीसी की एकता की घोर विरोध रही है

मोदी ने कहा कि झारखंड के तेज विकास के लिए सबका प्रयास हो इसकी जरूरत है। इसलिए आप सभी को कांग्रेस जेएमएम की बहुत बड़ी साजिश से सर्तक रहना है। सजग रहना है। कांग्रेस जेएमएम की चौकड़ी ने नया खेल खेलना शुरू किया है। ये सत्ता पाने के लिए कुछ भी कर सकती है। कांग्रेस हमेशा से एससी, एसटी, ओबीसी की एकता की घोर विरोध रही है। आजादी के बाद हमार दलित समाज, हमारा एससी समाज बिखरा रहा, हमारा आदिवासी भाई बहना बिखरा रहा, हमारा ओबीसी समाज बिखरा रहा तब तक कांग्रेस बांटो और राज छीनों के सिद्धांत पर मजे से केंद्र में सरकार बनाती रही। लेकिन जैसे ही समाज एकजुट हुआ। हमारे दलित समाज के भाई बहन एससी के रूप में उनकी पहचान बनी। आदिवासी भाई बहन की एसटी के रूप में पहचान बनी तो कांग्रेस ने कभी भी पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार नहीं बना पाई। उन्होंने कहा कि 1990 में ओबीसी समाज को आरक्षण मिला। ओबीसी के अलग-अलग जातियों का संख्या बल एक साथ जुट गया उसके बाद से कांग्रेस आज तक लोगसभा में 250 सीटें नहीं जीत पाई।

## सड़क निर्माण, अनुसंधान और गुणवत्ता नियंत्रण के सम्बन्ध में हुई चर्चा




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर स्थित साईस कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित इंडियन रोड कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन के तीसरे दिन विभिन्न सत्रों के माध्यम से सड़क निर्माण, अनुसंधान और गुणवत्ता नियंत्रण पर चर्चा की गई है। आज के तकनीकी सत्र में आयोजित बैठक में 'भारत में किए गए सड़क अनुसंधान कार्य' पर विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी गई। इसके उपरांत राज्य सरकार के लोक निर्माण विभाग, स्थानीय निकाय और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के अधिकारियों द्वारा सड़क निर्माण से संबंधित नवीनतम तकनीकों के सम्बन्ध में चर्चा की गई। इसके पश्चात राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुतियाँ साझा की गई जिसमें वार्षिक कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ भविष्य की रणनीतियों पर भी चर्चा की गई।

## डॉ. मनसुख मांडविया छत्तीसगढ़ में जनजातीय गौरव दिवस समारोह के भाग के रूप में पदयात्रा करेंगे

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 13 नवंबर को छत्तीसगढ़ के जशपुर में जनजातीय गौरव दिवस पर माई भारत यूथ वालंटियर्स के साथ पदयात्रा करेंगे। इस पदयात्रा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ राज्य के अन्य मंत्री भी शामिल होंगे। यह कार्यक्रम भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में उनकी विरासत और देश के विकास में आदिवासी समुदायों के महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान में मनाया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम में आदिवासी विरासत को याद करने, समावेशिता को बढ़ावा देने और आदिवासी समुदायों को लाभ पहुंचाने वाली सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 10,000 से अधिक माई भारत यूथ वालंटियर्स भाग लेंगे। ये वालंटियर्स आदिवासी संस्कृति, विरासत और विरासत की रक्षा और संरक्षण की भावना को बढ़ावा देंगे। पदयात्रा कोमड़ो गांव से शुरू होगी और लगभग 7 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए रणजीत स्टेडियम में समाप्त होगी। यह पदयात्रा युवाओं, आदिवासी नेताओं और समुदाय के सदस्यों को आदिवासी विरासत और भावना के जीवंत उत्सव में एकजुट करेगी।

## क्वेटा रेलवे स्टेशन विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हुयी



**क्वेटा (पाकिस्तान)।** क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार को हुए आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 26 लोग मारे गए और 62 घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान, विशेष रूप से बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में पिछले साल आतंकवाद से संबंधित घटनाओं में तेज वृद्धि देखी गई है। 'डॉन न्यूज' ने प्रांतीय स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता वसीम बेग के हवाले से बताया कि विस्फोट में दो लोगों की मौत के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई, जबकि 62 अन्य घायल हो गए।

## समाज को बांटने में लगे हैं भाजपा-आरएसएस : खरगे

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज को बांट रहे हैं और वह जाति व्यवस्था को खत्म नहीं करना चाहते हैं। खरगे ट्वीट किया कल आप लोगों ने मोदीजी का नासिक का भाषण सुना होगा। उन्होंने हम पर एससी, एसटी और ओबीसी को बाँटने का आरोप लगाया। ओबीसी कार्ड खेला, कांग्रेस को गाली दी और भी कई झूठे आरोप लगाए। उन्होंने कहा जिस समाज को मनु ने चार वर्णों में बांटा था, भाजपा और संघ वाले भी हमेशा से उसी अवधारणा को आगे बढ़ा रहे है। वो संविधान की जगह मनुस्मृति का राज चाहते है। भाजपा-आरएसएस ने चार वर्ण की व्यवस्था में पांचवा वर्ण-अति शूद्र जोड़ दिया है। ये तो बाबा साहेब के संविधान की शक्ति है कि लोगों को उनके अधिकार मिले और उनकी रक्षा हुई। खरगे ने कहा समाज को बांटने वाले लोग तो भाजपा आरएसएस के ही लोग है, जो आज नारा देते है कि बटेंगे तो कटेंगे। बाँटने वाले भी यही लोग, काटने वाले भी यही लोग। मेरा कहना है कि अगर भाजपा की बातों में फँसेंगे तो खिस केंगे।

## झारखंड में हेमंत सरकार जनता के मुद्दों पर पूरी तरह से फेल रही है : चिराग पासवान

एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com



लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान ने पलामू प्रमंडल के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जनसभा को सम्बोधित किया एवं एनडीए प्रत्याशीयों के जीत के लिए जनता से वोट की अपील की। पासवान ने राज्य की झामुमो कांग्रेस राजद की गठबंधन वाली सरकार को सबसे भ्रष्ट सरकार करार दिया । उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जनता के मुद्दों पर पूरी तरह से फेल रही है। राज्य में सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा बदहाल स्थिति में है और इसकी जिम्मेवार वर्तमान सरकार है। पेपर लीक और भ्रष्टाचार पर इस सरकार ने रिकॉर्ड कायम किया है। हेमंत सरकार ने सिर्फ जनता को लूटने का काम किया है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि इस राज्य का विकास केवल डबल इंजन की सरकार ही कर सकती है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेई ने इस झारखंड राज्य का निर्माण किया था और अब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस राज्य का विकास होगा। उन्होंने कहा कि विदेशी घुसपैठ राज्य के लिए गंभीर खतरा है इसे हर हाल में रोकना होगा। पासवान ने पलामू के भवनाथपुर मे भाजपा के प्रत्याशी भानू प्रताप शाही, हुसैनाबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह एवं विश्रामपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चन्द्रवंशी के लिए सभाएं कर उनके समर्थन में वोट मांगा।

## धान खरीदी न करने का षडयंत्र रच रही है विष्णु देव सरकार : भूपेश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस भवन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ में तीन दिन बाद यानी 14 नवंबर से धान ख़रीदी शुरु होनी है। लेकिन धान ख़रीदी करने वाली 2,058 समितियों के लगभग 13000 कर्मचारी चार नवंबर से हड़ताल पर हैं। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने तीन सूत्रीय मांगें रखी हैं। पहला ये कि मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज़ पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी प्रत्येक समितियों को तीन-तीन लाख का अनुदान दिया जाए। दूसरा पुनरीक्षित वेतनमान और तीसरा ये कि सुखत का प्रावधान करते हुए प्रति क्विंटल 500 ग्राम की क्षतिपूर्ति का प्रावधान किया जाए, तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा के कमीशन की राशि समितियों को दी जाए। वहीं उन्होंने ने कहा इन तीन मांगों में से दो मांगें वही हैं जो कर्मचारी संघ ने 2021 में उठाई थीं। उस समय हमारी सरकार थी और मैं मुख्यमंत्री था. वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, तब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष थे। उस समय साय ने मुझे संबोधित करते हुए एक पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया था। अपने पत्र में साय ने सुखत का प्रावधान करने व कर्मचारियों के संविलियन की बात की थी। भूपेश बघेल ने कहा धान उपार्जन की हमारी सरकार की नीति को भाजपा सरकार ने बदल दिया है। नई नीति के अनुसार 72 घंटे में बफ़र स्टॉक के उठाव की नीति को बदल दिया है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 नवंबर को जमुई बिहार से वर्चुअल रूप से जुड़कर इस समारोह का शुभारंभ करेंगे

## 14 एवं 15 नवंबर को राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का होगा भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 14 एवं 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के भव्य राज्य स्तरीय आयोजन की तैयारी की जा रही हैं। साइंस कॉलेज मैदान में जनजातीय गौरव दिवस के दौरान 14 एवं 15 नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक जनजातीय गौरव पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें विषय विशेषज्ञ सहित कई राज्यों के आदिवासी कलाकार, आदिवासी कला संस्कृति के मर्मज्ञ शामिल होंगे। दो दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से आदिवासी नर्तक दलों एवं कलाकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। अब तक 18 राज्यों के 22 आदिवासी नर्तक दलों ने इस दो दिवसीय आयोजन में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दी है, जिसमें अरूणांचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैण्ड, मेघालय, आसाम, त्रिपुरा, उत्तराखण्ड, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित अन्य राज्यों के आदिवासी नर्तक दल शामिल हैं। इनमें पुरूष एवं महिला कलाकारों की संख्या लगभग 425 है। गौरतलब है कि भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 'जनजातीय गौरव दिवस' के उपलक्ष्य में 14 एवं 15 नवंबर को राजधानी रायपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 नवंबर को जमुई बिहार से वर्चुअल रूप से जुड़कर इस समारोह का शुभारंभ करेंगे और पीएम जनमन योजना में शामिल जिलों के हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में भी एक दिवसीय गौरव दिवस का आयोजन किया जा रहा है। आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस के शुभारंभ कार्यक्रम का लाईव प्रसारण पीएम जनमन योजना में शामिल जिलों में दो-तरफा संवाद एवं शेष जिलों में केबल प्रसारण की व्यवस्था की जा रही है। साइंस कॉलेज मैदान में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की शुरूआत 14 नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से होगी। इस दौरान अतिथिगणों के उद्बोधन के साथ ही अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 14 नवंबर एवं 15 नवंबर को साइंस कॉलेज मैदान में संध्या 3 बजे से अंतर्राज्यीय लोक नर्तक दलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ-साथ जनजातीय गौरव से संबंधित विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन तथा जनजातीय जीवन शैली पर चित्रकला का प्रदर्शन होगा।



# दुकानों में धड़ल्ले से बिक रही नकली खाद, अधिकारी नहीं कर रहे कार्यवाही

## अन्नदाताओं के साथ किया जा रहा धोखाधड़ी, रासायनिक खाद के नाम पर किसानों को बेचा जा रहा नमक

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले में सैकड़ों गाड़ी नकली खाद योजनाबद्ध तरीके से किसानों को बेचा जा चुका है वहीं कृषि विभाग को अब तक इसकी भनक तक नहीं लगना संदेह को जन्म देता है।

ज्ञात हो की राजनांदगांव की एक कंपनी अपने एजेंटों के माध्यम से बड़े पैमाने पर नकली खाद जिले में किसानों के पास खपा रही है जिस पर कुछ जागरूक किसानों ने जानकारी देते बताया कि उन्होंने अपने कृषि के कार्य के लिए पोटाश व डीएपी कृषि केंद्रों से क्रय किया था, लेकिन खेत में प्रयोग के दौरान उन्हें उर्वरक पर शंका होने पर उक्त पोटास की जांच पड़ताल करने पर उन्हें ज्ञात हुआ कि केवल बोरो में पोटास सा दिखने वाला कलर चढ़ा कर नमक बेचा जा रहा है, किसानों ने बताया कि उनके साथ आर्थिक रूप से धोखा किया जा रहा है।









### जब खाद की सेंपलिंग होती है तो सेम्पल पास कैसे हो जाता है नमक के बोरों का उर्वरक के मानक में

कृषि विशेषज्ञ से पड़ताल पर जानकारी मिल रही है की नमक को बाकायदा कलर चढ़ा कर के पोटास के रूप में बेचा जा रहा है और वही आर्गेनिक मेनूयर मे फ्लाईएस भर के बेचा जा रहा है नकली खाद देखने में ही समझ में आ रहा है और जो साफ-साफ दिख रहा है तो जब उक्त खाद की सेंपलिंग होती है तो सेम्पल का पास होना अपने आप मे संदेहास्पद है, वही कुछ कंपनियों के द्वारा पूरे प्रदेश में एक बड़ा खेल किया जा रहा है किसानों के साथ ठगी का यह भी उच्च स्तरीय जांच के विषय है क्योंकि बगैर शॉर्टकट के इतना बड़ा कालाबाजारी करना संभव ही नहीं है। बड़ी बात यह है कि जो बायो पोटाश के नाम पर लाइसेंस प्राप्त करके नकली खाद खपाया जा रहा है, दुकानदार उसे रसायनिक खाद के नाम से किसानों को बेच रहे हैं।वहीं जानकारों का कहना है कि जो राखड़ किसानों को बेचा जा रहा है उसे सिंगल सुपर फोस्पेट के नाम पर बेचा जा रहा है कई गुना ज्यादा दाम पर बायो आर्गेनिक मेनूयर को।

### कृषि विभाग की कार्यवाही भी संदेह के घेरे में

बाकायदा लाइसेंसी कृषि केंद्रों से पोटाश के नाम पर नमक को रंग चढ़ा कर बेचा जा रहा है आखिर किसके परमिशन और शह पर आर्गेनिक मेनूयर पावडर और दानेदार की बोरी मे सुपर पावडर लिख के बेचा जा रहा है जबकि उक्त बोरियों पे आर्गेनिक मेनूयर पावडर लिखना चाहिए ना की सुपर पावडर ऐसा लिख के किसानों को गुमराह किया जा रहा है, किसानों को सिंगल सुपर फोसपेट है ऐसा लगता है जिसके धोखे में वे ठगी का शिकार हो रहे हैं आखिर इसकी मॉनिटरिंग विभाग क्यों नहीं कर पाया, कृषि विभाग की उदासीनता के चलते दुकानदार व कंपनी द्वारा मिल कर डुप्लीकेट खाद कई गुना भाव मे बेच कर किसानों को लूट रहे है । कविता बायो फ़र्टिलाइज़र जो नमक को कलर कर के बेच रहे है और आर्गेनिक मेनूयर मे फ्लाईएस भर के बेच रहे है देखने मे साफ साफ दिख रहा है आखिर जिले के कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा उक्त खाद की सैंपलिंग क्यों नहीं की गई अगर समय रहते सैंपलिंग होती तो हजारों किसान ठगे जाने से बच गए होते, क्योंकि यह किसानों से जुड़ा एक गंभीर मामला है। क्योंकि नकली खाद से किसानों का फसल ख़राब हो रहा है और जमीन की उर्वरक शक्ति कम हो रही है।

### जिम्मेदार अधिकारी जवाब देने से कतरा रहे

वही जब इस पूरे मामले पर आनंद नेताम फर्टिलाइजर इंस्पेक्टर डी पी टांडे डीडीए को कॉल किया गया तो वह कई बार फोन करने के बाद भी फोन नहीं उठा रहे है।

### कलेक्टर ने टीम भेजकर कार्यवाही करने का दिया आश्वासन

इस पूरे मामले पर जब कुणाल दुदावत को दूरभाष के माध्यम से अवगत किया गया तो उन्होंने मामले को गंभीरता दिखवाते हुए टीम भेजकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# लगन, निष्ठा और मेहनत असंभव कार्य को संभव बना देता है : पद्मश्री अजय मंडावी

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

कोई भी कार्य बड़ा या छोटा नहीं होता है उस कार्य को पूरी लगन, निष्ठा और कड़ी मेहनत से किया जाए तो असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। उपरोक्त बातें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगांव राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सात दिवसीय विशेष शिविर में पधारे पद्मश्री अजय मंडावी ने कही। ग्राम - पंडीपारा हरनपुरी बौद्धिक चर्चा में स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए आपने कहा कि भौतिक सुख सुविधाएं और दिखावा हमें आकर्षित भले ही करती है पर हमें शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर बनाती है, जीवन को सादा और साधारण तरीके से जीना चाहिए। सादा जीवन जीते हुए जरूरतमंद लोगों का सहयोग करने से जो आत्मिक शांति और सुकून मिलता है वह कहीं और प्राप्त नहीं किया जा सकता। अपने उद्बोधन में आपने आगे कहा कि जेल के कैदियों को मेडिटेशन एवं काष्ठ कला की बारीकियां सिखाना, जीवन जीने की आश छोड़ चुके लोगों को काउंसिलिंग के माध्यम से नव जीवन देना मेरी उपलब्धि रही है। इसके पहले राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी के एल कटेंद्र, पुकेश्वर साहू, सहायक कार्यक्रम अधिकारी जागृति ध्रुव, सरोज दुग्गा, कमांडर सुमन भूआर्य, गर्ल्स कमांडर सोनम सिन्हा, बॉयज कमांडर प्रियांशु देवांगन एवं समस्त स्वयंसेवकों द्वारा पद्मश्री अजय मंडावी का श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया।



# कोड़ेनार में किया गया विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र फोटो युक्त निर्वाचक नामावली के अंतर्गत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु दिनांक 10 नवम्बर रविवार मतदान केंद्र भवन प्राथमिक शाला कोड़ेनार क्रमांक 01 के शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें नवीन मतदाताओं का नाम जोड़ने का संशोधन विलोपन करने का कार्य किया गया। इस शिविर में बीएलओ विजेंद्र गुप्ता, नरेंद्र नागे, सुरेन्द्र साहू अभिहित अधिकारी मोपी मंडल रेवती ध्रुव उपस्थित थे।

# रायपुर में हुए द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन में किरन्दुल के मनोज पांडेय ने हासिल किया तीसरा स्थान

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रविवार सुबह 5:30 बजे आयोजित हुई द ग्रेट छत्तीसगढ़ रन 2024 50 वर्ष ऐज कैटेगरी में दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल एनएमडीसी अस्पताल में कार्यरत कर्मचारी मनोज पांडेय ने भाग लेकर दौड़ को 1 घंटे 46 मिनट 09 सेंकड समय में दौड़ पूर्ण कर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया।जिसके लिए किरन्दुल एनएमडीसी अधिकारियों कर्मचारियों एवं नगरवासियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




# विशेषज्ञ द्वारा स्वयंसेवियों को वन, कृषि, स्वास्थ्य के बारे में दी जानकारी

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के रासेयो ईकाई का 6 नवम्बर से ग्राम चवेला में 7 दिवसीय विशेष शिविर चल रहा है। इस दौरान स्वयंसेवक-सेविकाओं द्वारा गांव के गली-मोहल्ले, नल के आसपास सफाई कर रहे है। शिविर के दूसरे दिन की बौद्धिक चर्चा में भानुप्रतापपुर उपवनमण्डलाधिकारी ईश्वर प्रसाद गेंदरे और सेवानिवृत्त कृषि उप संचालक नरेन्द्र कुमार नागेश उपस्थित थे। उपवनमण्डलाधिकारी गेंदरे ने स्वयंसेवियों को एनएसएस के कर्तव्यों और उद्देश्यों से अवगत करवाया। इन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवियों का दायित्व है कि वे समुदाय की आवश्यकताओं और समस्याओं की पहचान कर उन्हें समाधान की प्रक्रिया में शामिल करें। स्वयंसेवी अपने सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी को विकसित करें। उन्होंने स्वयंसेवियों को वन्य जीव जंतुओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमें वन्य जीवों की रक्षा करना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि जब तक हम किसी भी वन्य जीव को नुकसान नही पहुचाएंगे तब तक वे भी मानव को भी नुकसान नही करेगा। वन्य जीव जंतु रहेगा तभी हमारा पर्यावरण भी सन्तुलित रहेगा। सेवानिवृत्त कृषि उप संचालक नरेन्द्र कुमार नागेश ने उपस्थित स्वयंसेवियों को कृषि के बारे में जानकारी देते हुए कहा आज देश के अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सबसे बड़ा योगदान कृषि का है। अगर हम आधुनिक तकनीक के साथ खेती किसानी करेंगे तो अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने नील की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उपवनमण्डलाधिकारी एवं स्वयंसेवको द्वारा प्राथमिक शाला चवेला परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया।



शिविर के तीसरे दिन शिविर स्थल पर भानुप्रतापपुर स्वस्थ केंद्र के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें स्वयंसेवियों एवं ग्रामीणों का निःशुल्क चेकअप करके दवाई दी गई। तीसरे दिन की बौद्धिक चर्चा में कांकेर मेडिकल कॉलेज के डॉ. योगिता जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने स्वयंसेवियों को मलेरिया, शुगर, बबासीर आदि रोगों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एनएसएस जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिभाओं के धन को इकट्ठा करने के लिए जिम्मेदार है जो छात्रों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ सामुदायिक विकास में भी बदलाव लाता है। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी नंदिनी ध्रुव, सहायक कार्यक्रम अधिकारी योगेश यादव सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक-सेविकाएं उपस्थित थे।

# कोण्डागांव जिला में पाचों विकासखंड के शिक्षक 11 को मुख्यमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिला कोंडागांव संयोजक ऋषिदेव सिंह ने बताया कि प्रदेश के एलबी संवर्ग के शिक्षक अपनी पांच सूत्रीय मांग को लेकर 11 नवंबर को पांचो विकासखंड कोंडागांव, फरसगांव, माकड़ी, बड़ेराजपुर एवं केशकाल मुख्यालय में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर लामबंद होकर मोदी की गारंटी लागू करने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने बताया कि सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी संवर्गो को क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान प्रदान करने, साथ ही समतुल्य वेतन में 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया, पूर्ण पेंशन, लम्बित मंहगाई एरियर्स भुगतान की मांग की जाएगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने जिला कोण्डागांव के विकास खंडवार आंदोलन प्रभारी नियुक्ति किया है। विकास खंड कोण्डागांव में प्रांतीय सह संयोजक चन्द्रकांत ठाकुर, जिला सह संयोजक अरूण दीवान, ब्लॉक संयोजक मन्नाराम नेताम, मदन राठौर, विकास खंड फरसगांव में फरसगांव प्रांतीय सह संयोजक शेषनाथ पाण्डेय, जिला सह संयोजक सुरेंद्र कुमार ठाकुर, ब्लॉक संयोजक सुकूराम नेताम, महेंद्र पटेल, विकास खंड बड़ेराजपुर में प्रांतीय सह संयोजक अखिलेश राय, जिला संयोजक शंकरलाल नेताम, ब्लॉक संयोजक डूमनलाल मरकाम, मानसाय मरकाम, विकास खंड माकड़ी में जिला सह संयोजक चन्द्रकांत जैन, ब्लॉक संयोजक रमेश प्रधान, महेंद्र नेताम, विकास खंड केशकाल में जिला सह संयोजक सदाराम चतुर्वेदानी, ब्लॉक संयोजक रामसिंह मरापी, देवेन्द्र कुपाल के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा जाएगा।




## आंवला नवमी पर आंवला पेड़ की पूजा-अर्चना की है परंपरा

# अंचल में आंवला नवमी पूजा आयोजित कर प्रसाद ग्रहण किया

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भानुप्रतापपुर अंचल में आंवला नवमी पूजा आयोजित किया गया। आंवला पेड़ की सुहागिन और महिलाओं ने पारंपरिक ढंग से पूजा-अर्चना कर कन्या पूजन के साथ आंवला भोज आयोजित किया।आंवला पेड़ की छांव में बैठकर लोगों ने प्रसाद भोजन ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने बताया कि आंवला नवमी पर पारंपरिक रूप से आंवला पेड़ की पूजा अर्चना की परंपरा है। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर भोजन करने से अक्षय सौभाग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा से आरोग्य फल की भी प्राप्ति होती है। आंवला नवमी पर दान पुण्य के साथ आंवला पेड़ की पूजा करने और उसकी छांव में भोजन करने का विशेष महत्व है क्योंकि शास्त्र अनुसार नवमी से लेकर पूर्णिमा तक भगवान विष्णु का वास आंवले की पेड़ पर रहता है और इस दौरान नवमी तिथि पर आंवले के पेड़ की पूजा करने से सभी मनोकामना पूरे होते हैं। संतान प्राप्ति के साथ जन आरोग्य का भी वरदान प्राप्त होता है।मान्यता यह भी अक्षय नवमी पर विधि- विधान के साथ पूजा अर्चना करने से सभी इच्छाएं पूर्ण होती है, इसलिए इसे इच्छा नवमी भी कहते हैं। रविवार को सुबह से विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी आंवला पूजन किया गया। पौराणिक मान्यता के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी यानी आंवला नवमी (10 नवंबर) से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक भगवान विष्णु आंवले के वृक्ष पर निवास करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन की गई पूजा-अर्चना और दान का अक्षय फल मिलता है, इसलिए इसे अक्षय नवमी भी कहा जाता है। आंवला नवमी के दिन ही कृष्ण ने कंस के आमंत्रण पर वृंदावन छोड़कर मथुरा की ओर प्रस्थान किया था। 'पद्म' और 'स्कंद' पुराण में वर्णन है कि आंवले की उत्पत्ति ब्रह्माजी के आंसुओं से हुई थी। जबकि एक अन्य कथा के अनुसार समुद्र मंथन के समय अमृत कलश से पृथ्वी पर अमृत की बूंदें गिरने से आंवले की उत्पत्ति हुई। और शिव के विषपान करते हुए जो बूंदें पृथ्वी पर गिरीं, उससे भांग-धतूरे की उत्पत्ति हुई। एक कथा है कि एक बार देवी लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण कर रही थीं। उनकी इच्छा हुई कि कैसे भगवान विष्णु और शिव की एक साथ पूजा की जाए। तभी उन्हें ध्यान आया कि विष्णु को तुलसी प्रिय है और शिव को बेल। इन दोनों के गुण एक साथ आंवले में हैं। लक्ष्मी ने आंवले के वृक्ष को विष्णु और शिव का प्रतीक मानकर उसकी पूजा की। उनकी पूजा से प्रसन्न होकर विष्णु और शिव प्रकट हुए। माता लक्ष्मी ने आंवले के पेड़ के नीचे उन्हें भोजन कराया और उसके बाद स्वयं भोजन को प्रसाद रूप में ग्रहण किया। उस दिन से ही यह तिथि आंवला नवमी के नाम से प्रसिद्ध हुई। ऐसी मान्यता है कि इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा, आंवले से स्नान, आंवले को खाने और आंवले का दान करने से अक्षय पुण्य मिलता है। एक अन्य कथा के अनुसार इसी दिन आदि शंकराचार्य को एक निर्धन स्त्री ने भिक्षा में सूखा आंवला दिया था। उस निर्धन स्त्री की गरीबी से द्रवित होकर शंकराचार्य ने मां लक्ष्मी की मंत्रों द्वारा स्तुति की, जो 'कनकधारा' स्त्रोत के रूप में जानी जाती है। उस निर्धन स्त्री के भाग्य में धन न होते हुए भी शंकराचार्य की विनती पर मां लक्ष्मी ने उसके घर स्वर्ण आंवलों की वर्षा करके उसकी दरिद्रता दूर की। इसी दिन भगवान विष्णु ने कूष्मांडा राक्षस का वध किया था।





# अंतागढ़ के डाकघर में सर्वर डाउन होने से लोगों के काम अटके, पोस्ट मास्टर बोले- 1 नवंबर से है समस्या

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

अंतागढ़ के उप डाकघर में पिछले 11 दिनों से लेखा कार्य बंद होने से सारा कामकाज ठप है और आम लोग परेशान हो रहे हैं।उनके पास एक ही जवाब है कि टेक्निकल खराबी है और इसके कारण काम नहीं हो रहा। लेकिन कब-तक ठीक होगा इसकी जानकारी उन्हें भी नहीं है। लोग आते हैं और निराश होकर लौट जाते हैं।

कांकेर जिले के अंतागढ़ का पोस्ट ऑफिस में 1 नवम्बर से लेखा कार्य प्रभावित है। जिसके कारण उपभोक्ता सहित कार्य करने वाले कर्मचारी परेशान हैं। इस संबंध में अंतागढ़ के सिविल ठेकदारों ने पोस्टमास्टर से शिकायत की है। लेकिन उनका यही कहना है कि सर्वर डाउन है तो हम क्या कर सकते हैं।अंतागढ़ के ठेकदारों ने बताया नगर पंचायत में टेंडर प्रक्रिया चल रहा है ऐसे में उनके लिफाफा पोस्ट नही हो रहा है। जबकि लिफाफा पहुंचने की अंतिम तिथि सोमवार 11 नवम्बर तक है। उन्होंने बताया मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत अंतागढ़ को निविदा प्रपत्र के संबंध में तिथि को आगे बढ़ाने की भी मांग की है।नगर पंचायत अंतागढ़ के द्वारा निविदा निकाली गई थी जिसे समय अवधि पर लेखक कार्यालय पोस्ट ऑफिस जाकर स्पीड पोस्ट करने गए थे वहां पर बताया गया कि 1 तारीख से सर्वर डाउन है। हमारे द्वारा दूसरे जगह से स्पीड पोस्ट किया गया है किंतु समय अवधि में पहुंचने की स्थिति नहीं हो सकती है इसलिए निर्धारित समय को निविदा पहुंचाने एवं खोलने की तिथि को बढ़ाया जाए ।

गौरतलब है कि अंतागढ़ का पोस्ट ऑफिस में लगभग सभी काम ऑनलाइन होते हैं। लेकिन नेटवर्क समस्या के चलते कोई भी कार्य सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। नेटवर्क समस्या के चलते डाकघर में जमा निकासी का कार्य प्रभावित होता है। इसके चलते उपभोक्ताओं को उनका जमा धन समय से नहीं मिल पा रहा है। यहां से रजिस्टर्ड व स्पीड पोस्ट के लिए पहुंचे लोगों को निराशा हाथ लग रही है।



# बबूल लकड़ी के कागजात पर ट्रक में खैर लकड़ी की तस्करी



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

वन विभाग द्वारा लगातार इमारती व खैर लकड़ियों के तस्करी होने की शिकायत पर सीमाओं व वन चौकियों पर सघन जांच किये जाने के निर्देश जे तहत सभी स्थानों पर सतर्कता के साथ निगरानी की जा रही थी। राजमार्ग पर सीमा पर स्थित बंजारी नाका में जांच जे दौरान ओडिशा से आ रही एक ट्रक को जांच हेतु रोक गया। शंका के आधार पर ट्रक की जांच किये जाने पर वास्तविकता सामने आई। ट्रक चालक द्वारा बबूल लकड़ी का बिल बनवाकर ट्रक में खैर इमारती लकड़ी की तस्करी कर रहा था। जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु रोका गया है। उस संबंध में सरायपाली वन परिक्षेत्राधिकारी प्रत्यूष पांडे ने जानकारी देते हुवे बताया कि वनमंडलाधिकारी महासमुन्द पंकज राजपुत के निर्देशन में उप वनमंडलाधिकारी सरायपाली अनिल भास्करन के मार्गदर्शन में वनोपज जांच चौकी। बंजारी नाका में वाहन जांच के दौरान एक ट्रक 12 चक्का वाहन में अवैध रूप से खैर लकड़ी बलांगीर (ओडिसा) की ओर से आ रही वाहन क्रमांक जी.जे. 12 बी.जेड 1709 वाहन में जांच के दौरान वाहन को रोककर वन विभाग द्वारा वाहन चालक से पुछताछ किया गया। पुछताछ के दौरान वाहन चालक द्वारा बताया गया की उक्त खैर लकड़ी को बलांगीर (ओडिसा) से हरियाणा ले जा रहें है एवं वाहन मालिक का नाम नसीम खान बताया गया। चालक द्वारा वाहन से संबंधित कागजात दिखाया गया जिसमे फायर यूड इसरायली बबूल एण्ड बबूल 24.20 एम.टी.एस. कागजात में पाया गया। उक्त कार्यवाही में खैर प्रजाति के लठ्ठा एवं एक 12 चक्का ट्रक वाहन कमांक जी.जे. 12 बी.जेड 1709 खैर लठ्ठा मय जप्त की गई, जिसका पी.ओ.आर. नं. 14383/01 09.11.2024 जारी की गई है। जप्त वनोपज की कीमत एवं मात्रा वनोपज के गणना अभी की जा रही है। संभावना है कि इस लकड़ी की कीमत लाखो रुपये होगी। वाहन ड्राइवर नाम मनोज यादव एवं हेल्पर अतुल यादव से पुछताछ कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा धारा 41, 42 के साथ धारा 76, छ.ग. अभिवहन (वनोपज) नियम 2001 की धारा 03, 04, 05, 14 एवं धारा 22 के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। प्रकरण की विवेचना जारी है। उपरोक्त कार्यवाही में स.प.अ. सिंघोडा संतोष कुमार पैकरा, पुरुषोत्तम साव वन रक्षक और सुरक्षा श्रमिकों का सहयोग रहा।

# ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति का मुआवजा राशि देने की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



पिछले रबी सीजन में हुई ओलावृष्टि से रोहिना, कापुडीह, दुर्गापाली क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ रबी फसल को काफी नुकसान पहुंचा था। जिसकी मुआवजा राशि अब तक नहीं मिल पाई है। ग्राम रोहिना के किसानों ने 6 नवंबर को कलेक्टर महासमुन्द से मुआवजा राशि तत्काल दिये जाने की मांग की है। किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि से गेहूं और मूंग फसल को काफी नुकसान पहुंचा था। ओलावृष्टि का प्रकोप रोहिना के आसपास के गांव में ज्यादा था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा फसल क्षति का आकलन भी करवाया गया तथा हल्का पटवारी द्वारा आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा प्रकरण तैयार कर तहसील कार्यालय में 16.04. 2024 को जमा किया गया है। राजस्व विभाग का कहना है कि मुआवजा राशि के लिए एक करोड रुपए आबंटन की मांग की गई है। राहत शाखा से मिली जानकारी के अनुसार 5 नवंबर को ही तहसील कार्यालय बसना को एक करोड़ रुपए का आवंटन भेज दिया गया है। तहसीलदार बसना को मुआवजा राशि शीघ्र वितरण के निर्देश दिए गए हैं। पिछले 20 मार्च को रोहिना क्षेत्र में भयंकर ओलावृष्टि हुई जिसके चलते रबी फसल बर्बाद हो गई। जिन किसानों ने गेहूं, मूंग, उड़द आदि फसल लिए थे उनकी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। ओलावृष्टि से रोहिना, कापुडीह, दुर्गापाली, सागरपाली, बिजराभांठा, बिरसिंगपाली, बुधुडोंगर आदि गांव में व्यापक रूप से क्षति हुई है। किसानों ने बताया कि पहली बार इतने बड़े-बड़े ओले गिरते हुए देखा था। आधे घंटे की ओलावृष्टि से लहलहाती फसल चौपट हो गई। किसानों की मांग पर राजस्व विभाग द्वारा फसल क्षति का आकलन कर मुआवजा प्रकरण तैयार किया गया है।

## एक करोड़ मुआवजा राशि की मांग

तहसील कार्यालय बसना से मिली जानकारी के अनुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत रबी फसल क्षति का मुआवजा राशि वितरण करने हेतु बजट आवंटन उपलब्ध कराने संबंधी पत्र 19.7.2024 को कलेक्टर महासमुंद राहत शाखा को प्रेषित किया गया है। पत्र में बताया गया है कि तहसील बसना अंतर्गत बेमौसम बरसात एवं ओलावृष्टि से हुई क्षति के लिए करीब 1 करोड़ राशि की मांग की गई है। ओलावृष्टि में बसना ब्लॉक के अंतर्गत करीब 244 किसानों के करीब 296 हेक्टेयर में लगी रबी फसल खराब होने की जानकारी दी गई है। तहसील बसा को आबंटन राशि भेज दी गई है। आवंटन राशि प्राप्त होने के कारण किसानों को मुआवजा राशि शीघ्र मिलने की उम्मीद है। यह ज्ञातव्य हो कि मुआवजा राशि वितरण में हो रही विलंब को लेकर सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने विधानसभा में मामले को रख चुकी है।

# पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

अर्जुन ढीमर निवासी ग्राम तरेंगा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 09.11.2024 को लगभग 10:00 बजे वह सामान खरीदने के लिए नाका नंबर-01 भाटापारा स्थित एक किराना स्टोर गया। वहां पर अपनी टीवीएस स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल क्र. सीजी-04 एलवाय 7260 को खड़ी कर सामान लेने के लिए दुकान गया, इस बीच वह मोटरसाइकिल से चाबी निकालना भूल गया। प्रार्थी सामान लेकर जब वापस आया तो मोटरसाइकिल वहां पर नहीं था, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 507/2024 धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए लक्ष्मी अपार्टमेंट भाटापारा में एक आरोपी को चोरी का मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में घूमते हुए पकड़ा गया। आरोपी से विस्तृत पूछताछ पर आरोपी द्वारा नाका नंबर-01 भाटापारा से प्रार्थी का मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया गया, तथा आरोपी से चोरी का टीवीएस मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 10.11.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# नगर में 33 वें वर्ष का राउत नाच महोत्सव मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर में होने वाले राउत नाच महोत्सव के 33वें वर्ष में प्रवेश वर्ष के रुप में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय रामलीला मैदान पुराना गंज मंडी परिसर में हुआ। जिसमें बडी संख्या में ग्रामीण अंचल के 8 यादव नर्तक दल ने हिस्सा लिया। विदित हो कि नगर में होने वाले राउत नाच महोत्सव के 33 वें वर्ष के रुप में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय रामलीला मैदान पुराना गंज मंडी परिसर में हुआ। जिसमें बडी संख्या में ग्रामीण अंचल के आठ यादव नर्तक दल ने हिस्सा लिया। जिसे देखने के लिए नगरवासियों ने देर रात्रि तक आनंद उठाया। राउत नाच महोत्सव को देखने के लिए लोगों में उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में लोग नगर सहित आसपास के गांवों से पहुंचे थे। राउत नाच महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में इन्द्रसाव विधायक भाटापारा विधानसभा क्षेत्र व कार्यक्रम की अध्यक्षता परमेश्वर यदु पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, विशेष अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता व अन्य अतिथि, कुबेर यदु, सुरेन्द्र यदु जनपद उपाध्यक्ष, ईश्वर सिंह ठाकुर सुकृत साहू अधिवक्ता, सुनील गुप्ता, संतोष नेतराम यादव, बल्देव भारती उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान कृष्ण की तैलचित्र पर पूजा-अर्चना व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इन्द्र साव विधायक भाटापारा ने कहा कि भाटापारा नगर छत्तीसगढ़ी धरोहर लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अग्रणी रहा है। जिसका पूरा श्रेय रमेश यदु को जाता है जिनके अथक प्रयास से छत्तीसगढी लोक संस्कृति कला को अक्षुण्य बनाये रखा है। भाटापारा नगर लोकोत्सव, रामनाम सप्ताह समापन जुलुस व राउतनाच महोत्सव के नाम से जाना जाता है। साव ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस आयोजन के पीछे एक ही मकसद है समाज के सभी वर्ग एक साथ एक मंच में उपस्थित होकर कार्यक्रम दें व संगठित रहे तथा राजनीति क्षेत्र में भी अपनी संगठन क्षेत्र का आह्वान किया साव ने इस कार्यक्रम के माध्यम से राउतनाच महोत्सव समिति को इस आयोजन हेतु प्रतिवर्ष 10 हजार देने की घोषणा की साथ रामसागर वार्ड में किचन शेड निर्माण कार्य कराये जाने का भी घोषणा की। आभार प्रदर्शन मंच के संरक्षक रमेश यदु ने किया। इस कार्यक्रम में अतिथी के अतिरिक्त संतोष सोनी, मन्नीमहाराज, सलीमखान, राजकुमार शर्मा, महेश उपाध्याय, नरेन्द्र यदु चन्द्रशेखर चक्रधारी, अशोक यदु, शैलेन्द्र अहिरवार, भरतवर्मा कडार, छोटू यादव, मनोज साहू, शिवयदु,अजय यदु, धनीराम यदु, मदनठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोकसंस्कृति नगरवासी उपस्थित थे।






## 08 नर्तक दल ने की शिरकत

राउत नाच महोत्सव में लगभग 08 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम डोंगरिया, सिनोधा, तुरमा, लटुवा, भिलौनी, रामसागर वार्ड से शामिल है। प्रतियोगिता में डोंगरिया का नर्तक दल प्रथम को शील्ड के साथ 7000 नगद, द्वितीय सिनोधा को शील्ड के साथ 5000 नगद तृतीय तुरमा व लटुवा को शील्ड के साथ 3000-3000 नगद तथा शेष नर्तक दलो को 2000 रू नगद सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# हर घर जल से बदलती गांवों की तस्वीर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित जल जीवन मिशन ने न केवल गांव के लोगों को पानी के स्रोत से जोड़ा है, बल्कि स्वास्थ्य और स्वच्छता के स्तर को भी सुधारा है। ग्रामीण अब शुद्ध पानी का सेवन कर रहे हैं, जिससे जलजनित बीमारियों में भी कमी आई है। इसके अलावा, बच्चों और महिलाओं को अब पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती। वह समय का उपयोग अन्य कार्यों में करने लगे हैं। यह मिशन केवल पानी की उपलब्धता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण ग्रामीण समाज के विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। जल जीवन मिशन के माध्यम से बेमेतरा जिले के ग्राम पंचायत मोहतरा (ख) में सफलता की एक प्रेरणादायक कहानी लिखी गई है, जहां हर घर जल का सपना अब हकीकत बन गया है। हाल ही में इस गांव में 'हर घर जल उत्सव' का आयोजन हुआ। यह उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि उन सभी ग्रामीणों के लिए गर्व का क्षण था, जिन्होंने जल जीवन मिशन के इस महत्वपूर्ण अभियान का हिस्सा बनकर अपने गांव में एक नया अध्याय लिखा। गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 260 घरों में नल कनेक्शन दिए गए हैं, जिससे अब हर घर में शुद्ध पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। इस काम को अंजाम देने के लिए 3305 मीटर की पाइप लाइन बिछाई गई है, जो गांव के हर कोने तक पानी पहुंचाने का काम करती है।

# उड़ीसा से धान लाती पिकअप के खिलाफ तहसीलदार देवांगन की बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

उड़ीसा से हजारों क्विंटल की तादात धान की अवैध सप्लाई को मद्देनजर रखते इन दिनों तहसीलदार ने कार्यवाही की कमान अपने हाथ में लेकर ताबड़तोड़ कार्यवाही को अंजाम दे रहे हैं इसी तर्ज़ पर उडीसा के धान से लदी पिकअप 9917 खूंटगांव बॉडर से देवभोग आ रही थी जिसे तहसीलदार चितेश देवांगन ने रोककर पतासाजी किया, तब उड़ीसा से धान लाना बताया गया। जिसके आधार पर तहसीलदार चितेश देवांगन ने 55 बोरी धान से लदी वाहन के खिलाफ कार्यवाही करते थाना को सुपुर्द कर दिया। इस कार्यवाही के बाद छोटे से लेकर बड़े धान कारोबारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। इस बीच तहसीलदार चितेश देवांगन ने कहा कि हकीकत किसानों को किसी प्रकार कोई रोक टोक नहीं है। वह अपने खेत से बिना भय के ला सकते है लेकिन जिस किसी भी व्यापारी या कोचिया द्वारा उड़ीसा से धान लाया जाता हैं तो उसके खिलाफ इसी तरह के कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा और ना किसी प्रकार बख्शा जाएगा इसलिए लगातार सीमावर्ती क्षेत्र में पैनी नज़र बनाया गया हैं ताकि हर हाल में उड़ीसा के धान को रोका जा सके हालांकि अभी झाखरपारा सीमावर्ती इलाकों से काफी मात्रा मे धान सप्लाई किया जा रहा है खासकर उड़िसा के परला खोकसरा बेहरा जैसे कई गांव का धान पिकअप से लाया जा रहा है।




## बिना धान कटाई दहीगांव सहित आजू बाजू उड़ीसा का धान डंप

सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि देवभोग ब्लॉक के दहीगांव के ज्यादातर खेतों की फसल कटाई नहीं हुआ और ना पूरी तरह धान पका है फिर भी इस गांव सहित आजू बाजू गांव में कोचिया के माध्यम से पहुंचाई उड़िसा का धान काफी मात्रा मे डंप हुआ दहीगाँव के ग्रामीणों अनुसार खोकसरा थिरलीगुड़ा होते हुए पिकअप बेधड़क धान कई घरों से रखा गया है सूत्रों की माने तो गांव के बड़े कोचिया द्वारा 300 से अधिक क्विंटल धान जगह जगह डंप किया इसके बाद भी उड़ीसा से धान सप्लाई का सिलसिला जोरो पर हो रहा है।

## चेक पोस्ट में तैनात कर्मचारियों के कार्यप्रणाली पर सवाल

सीमावर्ती क्षेत्र में अस्थाई चेकपोस्ट बनाया गया है जिसमें पटवारी सचिव सहित अन्य की ड्यूटी होने के बावजूद मुख्यालय सहित कई गांव उड़ीसा का धान डंप हो रहा है उसे देख तैनात कर्मचारियों के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा किया जा रहा है मतलब जिम्मेदार की मिलीभगत से ही उड़िसा का धान आना संभव है।

# आत्मा नंद विद्यालय में रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नशामुक्त भारत का निर्माण एक पहल थीम के तहत चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन स्कूली विद्यार्थियों के लिए विद्यालय स्तर पर नोडल शिक्षक यशवन्त कुमार चौधरी के नेतृत्व में किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ठ कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए रंगीन चित्र उकेरे और सुंदर, शिक्षाप्रद रंगोली बनाए। चित्रकला में प्रथम स्थान अन्वेषा प्रधान (सातवीं), द्वितीय स्थान अपूर्वा पटेल (छटवीं), तृतीय स्थान प्रतीक साव (सातवीं) रहे इसके साथ ही अखिल देव डडसेना, निकिता गार्डिया, यज्ञनी नायक, डिलेश खम्हारी, कोमल साहू, बीना पटेल, आशी सतपथी, समृद्धि नायक, कोमल प्रधान, अंजू नर्मदा, भावेश साहु, शुभम मिर्धा, आभास साहु, खिरती निर्मलकर, मनीषा यादव का प्रयास भी सराहनीय रहा। इसी तरह रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान देविका प्रधान एवं रेणुका पटेल,द्वितीय स्थान देविका चौधरी एवं रिया यादव, तृतीय स्थान सोफिया बानो एवं कमलनयनी सिंह राजपुत ने प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत हेतु नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए नए आइडिया के साथ चित्र उकेरते हुए इस व्यापक समस्या का समाधान स्वयं एवं समाज की जागरुकता को बताया है। निर्णायक मंडल में यशवंत चौधरी, विनोद चौधरी, रश्मि राजा, मौसमी माथुर, श्यामसुंदर दास, विशीकेशन नैरोजी का खूब योगदान रहा।

## संवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर की जा रही है गश्त

# वन विभाग की मुस्तैदी से 2 शिकारी बंदूक सहित गिरफ्तार, 4 फरार, खोजबीन जारी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शिकार एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु सम्पूर्ण वनमंडल के संवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर गश्ती की जा रही है। गश्ती के दौरान अर्जुनी परिक्षेत्र की रात्रि गश्ती टीम द्वारा 9 नवंबर को रात्रि 02:30 बजे, अर्जुनी- नवागांव मार्ग में परिक्षेत्र सोनाखान अंतर्गत आने वाले भुसड़ीपाली परिसर के कक्ष क्रमांक 242 में दो शिकारी आरोपियों को भरमार बंदूक सहित शिकार करने के पूर्व ही गश्त टीम द्वारा धर दबोचा गया। उक्त शिकार के आरोपी क्रमशः हृदयलाल वल्द भगवतिया चारपाली मोहल्ला टाड़डीपा थाना-सरसीवा, तहसील बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं इंदल वल्द बलिराम रावत ग्राम दलदली थाना-बसना तहसील बसना जिला महासमुन्द को वन अमलों द्वारा मौके पर पकड़ लिया गया, उक्त व्यक्तियों के पास से वाहन मोटर सायकल बजाज सी टी 100 इंजन नं. चेचीस नं. 441 01 नग एवं भरमार बंदूक गोली बारूद भरा हुआ और 01 नग टार्च भी जप्त किया गया। इसके साथ ही अन्य 04 आरोपी जिनके नाम क्रमशः अनिल कुमार बिंझवार ग्राम चारपाली टाड्डीपा थाना-सरसीवा तहसील बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, भोजप्रकाश बल्द साहेब लाल यादव ग्राम-चारपाली (टाड्डीपा) थाना सरसीवा, तहसील बिलाईगढ़ जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ, जीवन लाल वल्द निर्मल यादव ग्राम चारपाली (टाड़डीपा) थाना सरसीवा, तहसील-बिलाईगढ़ जिला. सारंगढ़ बिलाईगढ़, उपनाम भड्डा यादव ग्राम गढ़ गांव ग्राम पंचायत दलदली, थाना-बसना तहसील बसना, जिला महासमुंद के निवासी हैं, जो फरार है। उक्त रात्रि गश्ती टीम में परिक्षेत्र अर्जुनी के हरिराम साहू वनपाल, सुशील कुमार पैंकरा वनरक्षक, मुकुल बघेल वनरक्षक एवं अन्य सुरक्षा श्रमिक शामिल थे। उक्त कार्यवाही हेतु उप वनमंडलाधिकारी कसडोल, परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान, परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी एवं वन कर्मचारियों की संयुक्त टीम द्वारा फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए छापामारी की कार्यवाही की गई। उक्त आरोपी अपने घरों से फरार हो गये थे किन्तु उनके पास से 01 नग मोटर सायकल हिरो डिलक्स (बिना नंबर) एवं अन्य शिकार संबंधी सामग्री जप्त किया गया। उक्त शिकार में संलिप्त 2 आरोपी को परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान सुनीत साहू द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए वन्जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के साथ आर्म्स एक्ट 1959 के तहत कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी कसडोल जिला- बलौदाबाजार- भाटापारा के सुपुर्द में दिया गया। प्रकरण के संबंध में आगामी कार्रवाई पुलिस विभाग द्वारा की जावेगी।

# ग्राम जोगीडीह में भूमि आबंटन हेतु प्रस्तुत दावा-आपत्तियों की हुई सुनवाई



**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर अपर कलेक्टर जी आर मरकाम ने जोगीडीह के बांध विस्थापित निवासियों द्वारा भूमि सर्वेक्षण उपरांत भूमि आबंटन के संबंध में प्रस्तुत दावा-आपत्तियों की सुनवाई ग्राम जोगीडीह में 7 नवम्बर को कैम्प लगाकर की। जोगीडीह के ग्रामवासी भूमि आबंटन कार्यवाही से संतुष्ट हैं।

# राजस्व टैक्स वसूली एवं स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान साथ-साथ चलाएगा निगम

## 10 करोड़ की वसूली के लिए जोनवार जिम्मेदारी, 11 नवंबर से 31 दिसंबर तक चलाया जाएगा विशेष अभियान

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com




दुर्ग नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने स्वच्छता सर्वेक्षण और राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से अधिकारी/कर्मचारी को जिम्मेदारी सौंपी है।इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा व राजस्व अधिकारी मनीष कुमार गायकवाड़ के निर्देशानुसार कार्य को सम्पादन करेंगे।निगम द्वारा टैक्स वसूली और स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए एक साथ अभियान चलाया जाएगा। बता दे कि 11 नवंबर से शुरू होने वाले यह विशेष अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा। इस अवधि में नगर निगम प्रशासन द्वारा 10 करोड़ रुपये की टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा गया है।अभियान प्रतिदिन सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक चलेगा। इस दौरान निगम कर्मी डोर टू डोर टैक्स वसूली के साथ सफाई कार्य भी देखेंगे। कमिश्नर ने की अपील-टैक्स जरूर पटाएं, शहर आपका है और यहां की व्यवस्था बनाने में आपके टैक्स का योगदान अहम है,इसलिए टैक्स जमा करने के लिए सजग रहें। नगर निगम क्षेत्र में वर्षों से बकाया संपत्ति व अन्य करों की वसूली के लिए निगम प्रशासन द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में आने वाले दिनों में नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर वार्डवार चलाए जाने वाले अभियान के दौरान राजस्व वसूली को लेकर भी अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा जोन वार कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। नगर निगम को चार जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में 15 अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।जिसमे जोन 1 के 15 वार्डो के लिए प्र.राजस्व उपराजस्व निरीक्षक राम खिलावन शर्मा, जोन 2 के 15 वार्डो में राजस्व उपनिरीक्षक संजय मिश्रा,जोन 2 में राजस्व उपनिरीक्षक निशांत यादव एवं जोन 4 में प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक थान सिंह यादव को जिम्मेदारी तय किया गया है। आपको बता दे कि उक्त कर्मचारी प्रतिदिन सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक डोर टू डोर राजस्व वसूली करेंगे। इस दौरान डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के संबंध में भी जानकारी लेंगे। ज्ञात हो कि आने वाले दिनों में स्वच्छता सर्वेक्षण होना है। इसे भी ध्यान में रखते हुए नगर निगम सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए कवायद कर रहा है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली में तेजी लाने संबंधी निर्देश राजस्व विभाग को दिया है, जिसके तहत कमिश्नर लगातार राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए बकायदारों से वसूली एवं करो की वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है। वहीं कमिश्नर ने बड़े बकायादारों की सूची बनाने के साथ ही उन बकायदारों से वसूली का निर्देश देते हुए राजस्व विभाग की टीम बनाने का भी निर्देश दिया है।उक्त गठित टीम के द्वारा बड़े बकायादारों से वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

# एक युद्ध नशे के विरूद्ध, बाल विवाह एवं बेटी बचाओं बेटी पढाओं जागरूक कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय उत्कृष्ट आत्मानंद बालक हाई हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं शासकीय कन्या हाई हायर सेकेंडरी स्कूल दाढ़ी, परियोजना खंडसरा में बाल संरक्षण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत स्कूली छात्र छात्राओं को अंतरविभागीय टीम द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर, बाल संरक्षक विषय में-एक युद्ध नशे के विरूद्ध, सडक जैसी परिस्थिति वाले बच्चों का चिन्हांकन, बाल विवाह एवं बेटी बचाओं बेटी पढाओं विषय पर जागरूक किया गया। जिसमे राजेंद्र चंद्रवंशी परियोजना समन्वयक, चाइल्ड हेल्पलाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बाल संरक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया गया था। उक्त बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ अभियान के प्रभावी रोकथाम हेतु जिले में लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 2बी के अनुसार ऐसा विवाह जिसमें वर (जिसकी आयु 21 वर्ष से कम) तथा वधु (जिसकी आयु 18 वर्ष से कम) अवयस्क या बच्चे हो, तब उसे बाल विवाह माना जायेगा। बाल-विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है जिसके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम प्रसंग कारण हो सकते हैं, जिन्हें विमर्श में लेकर उन कारणों को पूर्णतः समाप्त कर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों और उनके विकास को प्रभावित करता है। यह विकास को बाधित करने वाली गंभीर समस्या है जिसके पूर्ण रोकथाम हेतु सामाजिक, कानूनी और आर्थिक स्तर पर लोगों को जागरूक करना एवं इस कुप्रथा से होने वाले दुष्परिणामों को जन-जन को समझाना महत्वपूर्ण है, ताकि इसे प्रभावी तरीके से रोका जा सके और बच्चों का सर्वांगीण विकास कर उन्हें पूर्णतः सुरक्षित रखा जा सके। 18 वर्ष से अधिक आयु का पुरूष, यदि 18 वर्ष से कम आयु की किसी महिला से विवाह करता है तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रूपय तक हो तकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

# डी ए वी स्कूल जांता में पालक बालक शिक्षक मीटिंग का भव्य आयोजन

## पालक बालक संगोष्ठी में नई शिक्षा नीति, अपार आईडी के महत्व के साथ ही वैदिक हवन यज्ञ भी सम्पन्न हुआ

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




सीबीएसई एफ्फिलेटेड स्कूल जांता में पालक बालक शिक्षक मीटिंग का आयोजन हुआ। इस आयोजन में नई शिक्षा नीति 2020 के उचित शिक्षा की उचित परिपालन के जानकारी, उसके व उसके विभिन्न चरणों व नई शिक्षा नीति से बच्चों सर्वांगीण विकास पर चर्चा हेतु विशेष आयोजन रखा गया, साथ ही आपार आई एक राष्ट्र, एक छात्र, एक आई डी, के जानकारी को बताया गया। जिसमें पालको ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों के पढ़ाई स्तर को जानने के लिए बड़ी संख्या में माता-पिता विद्यालय पहुँचे, डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में सी बी एस ई शिक्षा व पाठ्यक्रम को लेकर लोगों की सोच बदलने का अद्वितीय कार्य किया जा रहा है। डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जाँता प्राचार्य पी.एल. जायसवाल ने बताया कि डी ए व्ही स्कूल अपने सी.बी.एस.ई. पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक शिक्षा, व अच्छी संस्कार व सी.बी.एस.ई. के प्रत्येक एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। महर्षि दयानंद सरस्वती जी के नाम से ही दयानंद एंग्लो वैदिक विद्यालय प्रारंभ हुआ है। महर्षि दयानंद जी आर्य समाज के संस्थापक है।संस्था में प्रत्येक शनिवार को हवन यज्ञ व संस्कार को लेकर नैतिक शिक्षा की पढ़ाई निरंतर होते आ रहा है,साथ ही पालकों ने भी को वैदिक हवन यज्ञ व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के चर्चा परिचर्चा हेतु पालक- बालक, शिक्षक में लंबी चर्चा के साथ भव्य संगोष्ठी में अभिभावकगण भी शामिल हुए। प्राचार्य जायसवाल ने अपने उद्बोधन में बताया कि अत्यधिक लाड प्यार से पुत्र और शिष्य दोनों गुणहीन हो जाते है, और ताड़ना से गुणी हो जाते है, यदि शिष्य को गुरु का व पुत्र को पालक का भय बना रहेगा, तो वह गलत मार्ग पर नहीं जा सकता है। साथ आगे जानकारी साझा किया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु हमे तीनो कड़ी को मजबूत होना अनिवार्य हैं पालक-बालक-शिक्षक आपस में मिलकर ही हम छात्रों की उज्वल भविष्य की गणना कर सकतें हैं। छात्रों के प्रति मेहनत करने व आगे बढ़ाने के लिए विद्यालय के शिक्षक प्रयासरत व सदैव तत्पर हैं। विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा में सुधार कैसे करें माता-पिता और शिक्षक का एक ही लक्ष्य होता है, बच्चे की सफलता। माता-पिता, शिक्षक और बच्चे की साझेदारी स्कूली प्रक्रिया को समृद्ध और प्रभावी बनाती है। माता-पिता अपने बच्चों के पहले शिक्षक होते हैं। उनका सहयोग बच्चे की पढ़ाई और विकास को प्रभावित करता है।एक सफल अभिभावक के सहयोग के लिए, आपको शिक्षकों के साथ निरंतर बातचीत करने की आवश्यकता होती है। माता-पिता और शिक्षक साथ मिल ही हम विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य को गढ़ सकते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों ने विद्यालय पहुंचकर अपने बच्चों के पढ़ाई की स्तर को जाना, साथ ही विद्यालय के हो रहे विभिन्न एक्टिविटी व पढ़ाई को लेकर अभिभावकों में काफी उत्साह हैं। वैदिक हवन यज्ञ व पालक बालक संगोष्ठी में प्रमुख रूप में विद्यार्थियों के लगभग 300 से सहित पालकों ने हिस्सा लिया। स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र रूद्र चंद्राकर ने शिक्षक गोविंद साहू के साथ मिलकर भव्य वैदिक हवन यज्ञ कराया। साथ ही संस्था के शिक्षकगण ललित देवांगन, अखिलेश पटेल, अनिल चन्द्रवंशी, कैलाश सिंह, गोविंद साहू, राजा तन्तुवेय, छोटू राम साहू, निशु गुप्ता, आयुषी जैन, मनीषा सोनी, रितिका साहू, रेणुका पटेल, सरिता साहू, दीपिका वर्मा, अभिषेक दुबे, नम्रता चतुर्वेदी, मधुस्मिता, उमेश साहू, विमल साहू, कुसुम साहू,देवीका जैन, सुखदेव, विजय, नरेश, रुकमणी, रामेश्वरी, युवराज़ आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाए।

# प्रधान पाठिका संतोषी ने दिया बच्चों को नेवता भोज



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला तिवरैया, विकासखण्ड बेरला में, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत पोषक मूल्य में वृद्धि के उद्देश्य से शाला की प्रधान पाठिका संतोषी रजक ने बच्चों को नेवता भोज दिये। इस अवसर पर अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य और संकुल समन्वयक विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर नेवता भोज का आनंद भी लिया प्राथमिक शाला तिवरैया की शिक्षिका रंजीता वर्मा ने इस बताया नेवता भोज समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को बढ़ाता है। समुदाय को शाला से जोड़ने की यह एक महत्वपूर्ण योजना है। शादी, वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मोत्सव, तीज त्यौहार के महत्वपूर्ण अवसर पर पूर्ण भोजन प्रदान कर बच्चों को नेवता भोज करा सकते है। प्रधान पाठिका संतोषी रजक द्वारा बच्चों को न्योता भोज कराया गया। जिसमें, बच्चों ने खीर, पूड़ी, दाल, चांवल, पापड़ का आनंद लिया। इस आयोजन में संस्था के समस्त स्टाफ रविशंकर टंडन, धानसाय बारमत, रंजिता वर्मा, एवं संकुल प्रभारी व प्राचार्य हाईस्कूल तिवरैया से बोधी राम पुरैना उपस्थित थे ।

# संभागायुक्त राठौर ने न्यायालयीन आदेश पारित कर अपराधी को केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध करने दिये आदेश

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर स्वापक, औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार, निवारण अधिनियम-1988 की धारा-3 सहपठित धारा-11 के तहत न्यायालयीन आदेश पारित कर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त नंदू कनौजिया पिता गोपाल कनौजिया निवासी यादव चौक रूआबांधा बस्ती भिलाई जिला दुर्ग को 06 माह के लिए केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध करने आदेशित किया है। आदेश पारित करने के पूर्व संभाग आयुक्त द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत जवाब/तर्क, न्याय दृष्टांतों एवं शपथपूर्वक कथन का अध्ययन तथा प्रकरण में प्रस्तुत ईश्तगासा मय दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। तथ्य के अनुसार नंदू कनौजिया के विरूद्ध आबकारी एक्ट के कुल 07 मामले और नारकोटिक्स एक्ट के 04 मामले दर्ज कर कार्यवाही की गई है। इसके अलावा लड़ाई, झगड़ा एवं मारपीट के भी मामले लगातार दर्ज होते रहे हैं। जेल से छूट जाने के पश्चात् लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसकी प्रवृत्ति में कोई सुधार नहीं हुई है। वर्तमान में भी शराब व गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ बेचने की शिकायत लगातार मिलती रही है। स्वतंत्र साक्षी के कथन से यह सत्य प्रकाश में आया है कि नंदू कनौजिया रूआबांधा क्षेत्र में हर मोहल्ले में लड़कों का गेंग बना कर रखा है। जमानत पर न्यायालय से छूट जाने से उसका मनोबल बढ़ता जा रहा है। वह अवैध रूप से शराब व गांजा जैसे नशीली पदार्थों का अवैध व्यापार करने का आदी हो गया है। उनके आपराधिक गतिविधियों से समाज में रहने से विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में प्रकरण में आये प्रतिवेदन, जवाब, साक्षियों के बयान एवं तर्क के आधार पर उसे जेल में निरूद्ध किया जाना आवश्यक है। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन के अनुसार अनावेदक के द्वारा आदतन अपराध घटित करने के कारण इस पर अंकुश लगाने प्रतिबंधक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई।

# दीपावली पर्व की समाप्ति के बाद अब धान की फसल कटाई में तेजी, फसल कटाई के लिए मजदूरों का टोटा बना हुआ

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



दीपावली पर्व की समाप्ति के बाद अब धान की फसल कटाई में तेजी आ गयी है। फसल कटाई के लिए मजदूरों का टोटा बना हुआ है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में पंजाब एवं हरियाणा से धान कटाई के लिए हार्वेस्टर पहुंच चुके है। धान अब खेतों से खलिहानों तक पहुंचने लगे हैं। दूसरी ओर लेट वेरायटी धान की कटाई भी अब शुरू हो चुकी हैं। जिन किसानों ने लेट वेरायटी की धान की खेती की हैं वे खलिहान की साफ-सफाई कर धान ढ़ो रहे हैं। धान की कटाई के बाद फसल को जानवरों से सबसे अधिक बचाना पड़ रहा हैं। मशीनीकरण के चलते फसल की मिंजाई के लिए थ्रेशर एवं हार्वेस्टर का उपयोग भी धड़ल्ले से हो रहा है। ग्रामीण खेती में परंपरागत साधनो के अलावा आधुनिक कृषि यंत्रों का भी प्रयोग कर रहे है। समय के साथ अधिकांश किसान परम्परागत साधनो के अलावा अधुनिक कृषि मशीनरी का प्रयोग कर रहे है। साधन संपन्न किसान मजदूर नही मिलने से हार्वेस्टर और थ्रेसर से भी काम ले रहे है। जिनके खेत गीले है वे हाथ से कटाई करवा रहे है। कई किसान ठेका दे रहे है जहां तक मशीन जा रहा है सीधे हार्वेस्टर से काम करा रहे है। इससे बीड़ा बांधने से लेकर ढुलाई और मिंजाई तक का काम में सहुलियत हो रही है। धान कटाई के चलते गांव में सन्नाटा बना रहता है। किसान खेत-खलिहानो में नजर आ रहे है। धान कटाई के पश्चात पूरी बनाकर बैल गाड़ी से कोठार में पहुँचा रहे है। लेट वैरायटी के फसल में अभी भी बीमारी का खतरा बरकरार है। अंचल के किसान जो फसल हाथ में आ रहे है उसी को गनिमत मान रहे है। किसानों के मेहनत अब रंग लाने लगी हैं। खेतों में लगे धानो की कटाई बड़े जोर-शोर से प्रारंभ हो गई हैं। आधुनिकता की दौड़ में जहां मशीनों से कार्य लिए जा रहे हैं। वहीं आज भी ऐसे अनेक जगह हैं जहां पर किसान पुरानी परंपराओं को छोड़ नहीं पाए हैं। क्षेत्र के प्रमुख व्यवसाय खेती किसानी हैं। जिसको समेटने किसान जोर-शोर से जुट गए हैं। खेतों से कटकर धान अब खलिहानों तक पहुंचने लगा हैं। लेट वेरायटी के धान भी पक कर तैयार हो गए हैं, जिसकी कटाई कहीं-कहीं पर शुरू हो गई हैं। क्षेत्र में किसान खेत से धान की कटाई कर खलिहान में ले जाना शुरू कर दिए हैं। किसानों को अपने खेतों में धान कटाई खलिहानों में मिसाई का कार्य करने में महीनों लग जाता था लेकिन थ्रेशर एवं हार्वेस्टर आने के बाद महीनों लगने वाला काम अब कुछ ही दिनों में पूरा हो जाता हैं। इससे लागत भी कम आती है।

वहीं आधुनिकता की दौड़ में खेतो से धान खलिहान तक लाने के लिए बैलगाड़ी की जगह ट्रेक्टर, ऑटो एवं मोटर सायकल का उपयोग भी करने लगे हैं। इलाके में अरली वैरायटी के धान की कटाई इन दिनों जोरों पर है परंतु किसान के सामने सबसे बड़ी मुश्किल कटने के बाद फसल को सुरक्षित रखना हैं। 100 से 110 दिन में तैयार होने वाली अरली वैरायटी के धान की कटाई इन दिनों जोरों पर हैं। धान की कटाई में जुटे किसानों के लिए इन दिनों सबसे बड़ी समस्या धान को सुरक्षित रखने की हैं। जिन किसानों के पास स्वयं का कोठार या ब्यारा नहीं हैं वे धान की रखवाली के लिए रतजगा कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि एक-डेढ़ एकड़ के छोटे किसानों के पास स्वयं का ब्यारा नहीं हैं। लिहाजा घर के आसपास धान को रखना पड़ता हैं।

# सड़क किनारे आवांरा पशुओं के बैठने उचित व्यवस्था हेतु सीईओ ने जारी किए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर संबंधित विभागों को निर्देश जारी किये। बैठक में सड़क किनारे आवारा पशुओं के बैठने, गौशाला एवं शासकीय भूमि के समतलीकरण हेतु 16 ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। दुर्ग ब्लाक में ग्राम पंचायत ननकट्टी, जेवरा चंदखुरी, कोल्हापुरी, खपरी (सी), धमधा ब्लाक में मुरमुंदा, मुर्रा, नंदनी-खुंदनी, पथरिया, कोड़िया, लिटिया, बरहापुर और पाटन ब्लाक में महुदा, किकिर मेटा, मर्रा, केसरा के ग्राम पंचायतों में आवांरा पशुओं को रखने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। बैठक में सीईओ ने कहा कि मुख्य मार्गो पर बैठने वाले पशुओं को हटाने के लिए जनपद स्तर पर जॉइंट टास्क फोर्स का गठन किया गया जाए जिसमें पशु चिकित्सा विभाग, राजस्व विभाग एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी संयुक्त रूप से सम्मिलित होंगे। जनपद की टीम में करारोपण अधिकारी विकास विस्तार अधिकारी के नेतृत्व में सचिव, रोजगार सहायक, मेट को आदेशित किया गया है कि वे पशु चिकित्सा विभाग के साथ समन्वय करते हुए कार्य करें। मुख्य मार्ग के निकट पशुओं के आश्रय स्थल बनाए जाने तथा रख-रखाव की निगरानी की व्यवस्था, कांजी हाउस, गौशालाओं की क्षमता वृद्धि करने और अतिरिक्त गौशालाओं को आवश्यकता के आधार पर आकलन के अनुसार गौशाला में व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में पालतू पशुओं के मालिक की जिम्मेदारी तय किए जाने तथा मापदंड प्रावधान प्रस्ताव की जानकारी दी गई। बैठक में जनपद पंचायत पाटन एवं धमधा उपसंचालक पशु एवं सेवा विभाग, कार्यक्रम अधिकारी एवं अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## चन्दू लाल चन्द्राकर अस्पताल के पास स्थित पेट्रोल पंप से किया था चोरी

# ट्रक हाईवा डम्फर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- चोरी गई ट्रक मय आरोपी ग्राम ढाबा(बोरी) में पकड़ाये, सुपेला पुलिस की सक्रियता से पकड़ाये आरोपी, ट्रक हाईवा डम्फर कीमती 10 लाख रूपये बरामद

पायनियर संवाददाता ✓ सुपेला
www.dailypioneer.com



अनिल कुमार राय निवासी लक्ष्मी नगर सुपेला द्वारा थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31.10.2024 को ट्रक हाईवा डम्फर क्रमांक सीजी 08 व्ही 1058 को चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल नेहरू नगर के बगल पेट्रोल पंप में खड़ी किया था। जिसे अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सुपेला में चोरी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधो पर नियंत्रण करते हुए अधिक से अधिक माल मशरूका बरामद करने के निर्देश प्राप्त है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर भिलाई) सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में थाना सुपेला पुलिस द्वारा माल-मुल्जिम की पता तलाश में लगी हुई थी। आस-पास में लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाला गया। सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर माल मुल्जिम का पता तलाश किया जा रहा था। पता तलाश के दौरान ज्ञात हुआ कि प्रार्थी की ट्रक हाईवा डम्फर ग्राम ढाबा(बोरी) क्षेत्र में देखा गया है। मुखबीर सूचना के आधार पर पता तलाश हेतु ग्राम ढाबा(बोरी) क्षेत्र रवाना हुआ था हाईवा डम्फर ग्राम ढाबा(बोरी) रोड में खराब होने से खड़ी किया था जिसे आरोपी हरीश यादव एवं हेमराज साहू के कब्जे से बरामद किया। आरोपियों से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकारते हुए प्रार्थी की ट्रक हाईवा डम्फर चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल के बगल स्थित पेट्रोल पंप से चोरी करना बताया। आरोपियों को आज दिनांक 10.11.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, उप निरी. मनीष बाजपेयी, प्र.आर. अमर सिंह, आर. सूर्य प्रताप सिंह, दुर्गेश सिंह, सुरेन्द्र गिरी एवं रविन्द्र बांधव का विशेष योगदान रहा।

# जनजातीय गौरव दिवस पदयात्रा के पूर्व में विभिन्न स्थानों में योग एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन एवं माय भारत-नेयूकेस् विभाग, युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर जिले में जनजातीय गौरव दिवस के पूर्व उपलक्ष्य में 11 नवंबर व 12 नवंबर को विभिन्न जगह योग एवं श्रमदान कार्यक्रम कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों एवं नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा जिले के बालछपार, अघोर आश्रम, प्रयास स्कूल आदि स्थानों पर विभिन्न गतिविधियों जैसे योग शिविर, श्रमदान , मेरा युवा भारत पंजीकरण का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में जन जाति संस्कृति के प्रति जागरूकता एवं उनके संस्कृति को सहेजना है।

मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय द्वारा स्थापित एक विभाग है जिसमें युवाओं को जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे है। इस पोर्टल पर 15-29 वर्ष के युवा को जोड़ा जा रहा है द्य पोर्टल में युवाओं के लिए विभिन्न तरह के विकल्प उपलब्ध है जैसी की ब्ट बिल्डर, अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

# अब यूट्यूब चैनल के जरिए अपनी निजी जिंदगी से रूबरू कराएंगी परिणीति चोपड़ा



फिल्मों में अभिनय का जलवा दिखाने के बाद अब परिणीति चोपड़ा लोगों से सीधे तौर पर जुड़ने के लिए तैयार हैं। दरअसल, हाल ही में अभिनेत्री ने जानकारी दी है कि वह अपना यूट्यूब चैनल शुरू करने जा रही हैं। उनके इस एलान से फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है।

### परिणीति ने शुरू किया यूट्यूब चैनल

परिणीति ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से एक वीडियो शेयर किया। इस क्लिप में वह अपने नए यूट्यूब चैनल के बारे में जानकारी देती हुई नजर आ रही हैं। फैंस से कही यह बात फैंस को खुशखबरी सुनाते हुए उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, इतने वर्षों में मैंने जानबूझकर अपने जीवन का लगभग केवल एक प्रतिशत हिस्सा ही सोशल मीडिया पर साझा किया है। मैं बहुत कुछ करती हूं, लेकिन हमेशा यह सब निजी रखना ही पसंद करती हूं।

### सोशल मीडिया टीम के कहने पर उठाया कदम

उन्होंने आगे लिखा, कुछ भी न साझा करने के मेरे फैसले ने मेरी सोशल मीडिया टीम को गंभीर रूप से निराश किया है। अब उनके बहुत समझाने के बाद मुझे लगता है कि अब थोड़ा और खुलने का समय आ गया है। अभिनेत्री ने आगे लिखा, मैं गर्व से घोषणा करती हूं कि अब आप मेरे आधिकारिक यूट्यूब चैनल परिणीति चोपड़ा को सब्सक्राइब कर सकते हैं, जहां मैं आपके साथ अपने जीवन से जुड़ी चीजें साझा करूंगी।

### इस फिल्म में दिखी थीं परिणीति

वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में परिणीति चोपड़ा को फिल्म अमर सिंह चमकीला में देखा गया था। इस फिल्म में उनके साथ दिलजीत दोसांझ भी थे। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी यह फिल्म दर्शकों को खूब पसंद आई थी। साथ ही, परिणीति के किरदार को भी काफी ज्यादा सराहा गया था।



# करण जौहर ने फिर अनन्या पांडे पर खेला दांव, नई फिल्म का किया एलान



करण जौहर ने अपनी एक और फिल्म का एलान किया है। इसमें अनन्या पांडे नजर आएंगी। उनके साथ लक्ष्य की जोड़ी जमेगी। निर्माता ने फिल्म की पहली झलक साझा की है। फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### प्यार में पागल होना पड़ता है

करण जौहर की नई फिल्म का नाम है- चांद मेरा दिल। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा फिल्म की झलक दिखाई है। करण ने चार पोस्टर साझा किए हैं। करण की नई फिल्म में अनन्या पांडे और लक्ष्य लीड भूमिका में नजर आएंगे। पोस्ट के साथ करण ने कैप्शन लिखा है, हम एक बेहद प्यारी और भावुक प्रेम कहानी लाने की तैयारी में हैं। ऐसी प्रेम कहानी होगी, जैसी पहले कभी नहीं रही। प्यार में थोड़ा पागल होना ही पड़ता है?

### कौन करेगा निर्देशन?

करण ने आगे लिखा है, हमारे पास दो चांद हैं। चांद मेरा दिल फिल्म में अनन्या पांडे और लक्ष्य हैं। फिल्म का निर्देशन विवेक सोनी करेंगे। यह फिल्म साल 2025 में सिनेमाघरों तक पहुंचेगी। अनन्या पांडे के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी पिछली फिल्म कंट्रोल ओटीटी पर रिलीज हुई। बात करें लक्ष्य की तो वे अपनी फिल्म किल को लेकर खूब लोकप्रिय हुए। एक्शन से भरपूर यह फिल्म दर्शकों को पसंद आई।

### यूजर्स ने की सवालों की बौछार

करण जौहर ने जैसे ही फिल्म का एलान किया, कमेंट बॉक्स में सवालों की बौछार शुरू हो गई है। यूजर्स कमेंट कर रहे हैं कि हर बार एक जैसी स्टारकास्ट क्यों लेते हो? एक यूजर ने लिखा, हर बार एक जैसी स्टारकास्ट। हर बार अनन्या पांडे। सबकुछ बहुत बोरिंग है। मेकर्स को थोड़ा अलग सोचने की जरूरत है। एक अन्य यूजर ने लिखा, अनन्या पांडे कुछ नपो किड्स के मुकाबले अच्छी हो सकती हैं। लेकिन, वह अच्छी कलाकार नहीं हैं।

# मैंने अतीत में गलतियां की हैं, नागा-शोभिता की शादी की खबरों के बीच सामंथा ने कहा



प्राइम वीडियो की सिटाडेल हनी बनी को लेकर लोगों में काफी ज्यादा उत्साह देखने को मिल रहा है। सीरीज के ओटीटी पर दस्तक देने से पहले हाल ही में मुंबई में इस वेब सीरीज का एक शानदार प्रीमियर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सामंथा ने अपनी जिंदगी और करियर को लेकर कुछ दिलचस्प खुलासे किए हैं। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।

हाल ही में, एक इंटरव्यू में अभिनेत्री से पूछा गया, क्या आप हमें बता सकते हैं कि आपने सिटाडेल के लिए कितनी मेहनत की है और आपका किरदार कैसा होगा? सामंथा ने कहा, मैंने खुद से वादा किया था कि मैं हर भूमिका में खुद को चुनौती दूंगी, हर चुनौती पिछली चुनौती से ज्यादा कठिन होगी। मैं मानती हूं कि मैंने अतीत में कुछ गलतियां की हैं और चीजें काम नहीं आईं, और मैं असफलता को स्वीकार करती हूं।

### सोशल मीडिया पर उठे सवाल

वही, सोशल मीडिया पर अभिनेत्री के गलती वाले बयान को लोग उनकी निजी जिंदगी से भी जोड़कर देख रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, सामंथा ने क्या तलाक लेकर गलती की है। दूसरे यूजर ने लिखा, सामंथा किस गलती की बात कर रही हैं। वही, एक और यूजर ने लिखा, सामंथा फिल्म की गलती की बात कर रही हैं या किसी और की?

### फिल्म पर सामंथा को है गर्व

इससे पहले फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा था, सिटाडेल एक ऐसी चीज है जिस पर मुझे काफी गर्व है, इसके रिलीज से पहले ही, सिर्फ इस बात को लेकर कि मैं इस परियोजना को पूरा करने में सक्षम थी। इसलिए मुझे पहले से ही इस पर गर्व है। मैं यह भी मानती हूं कि यह मेरे करियर में निभाई गई सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण भूमिका है। लेकिन मैं आपको इसका जज बनने की अनुमति दूंगी।

### निभाएंगी मुख्य किरदार

काम की बात करें तो सामंथा सबसे पहले सिटाडेल हनी बनी में नजर आएंगी। सिटाडेल- हनी बनी राज और डीके द्वारा निर्देशित एक हिंदी जासूसी एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज है। इस सीरीज में वरुण धवन और सामंथा मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इन दिनों के अलावा सीरीज में के के मेनन, सिमरन, साकिब सलीम, सिकंदर खेर, सोहम मजूमदार, शिवांकित परिहार और काशवी मजूमदार और कई अन्य कलाकार नजर आएंगे।

# चुन चुन कर निशाने ढूंढ रहे अर्जुन, डेंजर लंका से लेकर परमा तक का खुद ही कर रहे प्रचार

अर्जुन कपूर कपूर इन दिनों रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में नजर आए हैं। ढेर सारे सितारों वाली इस फिल्म में अर्जुन कपूर ने डेंजर लंका का रोल निभाया है। वे खलनायक की भूमिका में हैं। करीब 350 रुपये बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन कर रही है। इस बीच अर्जुन कपूर अपने किरदार की भरपूर चर्चा कर रहे हैं। अपने लिए प्रचार की सारी जिम्मेदारी उन्होंने उठा ली है और हर पैंतरा आजमा रहे हैं। उनका हालिया पोस्ट इसका सूबत दे रहा है।

### खुद करने बैठ गए अपनी तारीफ

अर्जुन कपूर ने आज बुधवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें वे अपने मुंह मिया मिट्ठू बनते दिखे हैं। अभिनेता ने सिंघम अगेन के अपने किरदार डेंजर लंका का पोस्ट साझा किया है। इसके साथ ही अपनी डेब्यू फिल्म इश्कजादे (2012) के किरदार ठग परमा के किरदार की झलक भी दिखाई है। अर्जुन कपूर ने इस सिलसिले में कई तस्वीरें साझा की हैं और सभी तस्वीरें मीम पेज से उठाई हुई हैं।

### मीम्स पेज से उठाई तारीफों वाली पोस्ट

पहली तस्वीर में अर्जुन डेंजर लंका वाले गेटअप में हैं, इस पर लिखा है, ये बंदा अब तक कहां था? वहीं, दूसरी तस्वीर में उनके परमा और डेंजर लंका दोनों किरदारों की झलक है। इस पर लिखा है, परमा से डेंजर लंका तक अर्जुन कपूर ने एक लंबा रास्ता तय किया है। परमा वाली तस्वीर पर लिखा है, अर्जुन कपूर और डेंजर लंका वाली पर लिखा है, अर्जुन कपूर 2.0। इसके अलावा और भी कई तस्वीरें हैं, जिनमें अर्जुन कपूर की तारीफ की जा रही है।

### अर्जुन ने जताया आभार

इस पोस्ट के साथ अर्जुन कपूर ने एक लंबा कैप्शन लिखा है। अर्जुन कपूर ने लिखा है, यकीन ने करने वालों को यकीन करने तक बदलना है! हर सवाल और संदेह ने मुझे और ज्यादा मेहनत करने को प्रेरित किया है। पहले से ज्यादा मजबूत होकर वापसी करने के लिए बढ़ावा दिया है। वे लोग जिन्होंने मेरा हौसला तब भी बढ़ाया और आज भी यकीन करते हैं उन सभी का शुक्रिया। आप सभी का प्यार और सहयोग ही मेरी ताकत है। जिन लोगों ने मुझ पर शक किया, उनका भी शुक्रिया मुझे प्रेरित करने के लिए। अब तक की यात्रा कैसी रही है? ऐसा लगता है जैसे मेरा एक बार फिर डेब्यू हुआ है और मुझे अभी लंबा रास्ता तय करना है। हर कदम, हर सबक, प्यार हर चीज के लिए आपका आभारी हूं।



# भूल भुलैया 3 की मजबूत पकड़ बरकरार कार्तिक की दूसरी सबसे कमाऊ फिल्म बनी

कार्तिक आर्यन के अभिनय का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म भूल भुलैया 3 टिकट खिड़की पर धांसू कारोबार कर रही है। फिल्म को देखने को लिए लोग लगातार सिनेमाघरों को रुख कर रहे हैं। आइए जानते हैं कि इस फिल्म ने अब तक कितना कारोबार कर लिया है।

### फिल्म कर रही शानदार कमाई

भूल भुलैया 3 एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसमें कार्तिक के अलावा विद्या बालन और माधुरी दीक्षित जैसी दिग्गज अभिनेत्रियों ने काम किया है। इस फिल्म में तृप्ति डिमरी, संजय मिश्रा, विजय राज और राजपाल यादव जैसे कलाकार भी हैं। इसका निर्देशन अनीस बज्मी ने किया है। इससे पहले वह भूल भुलैया 2 का निर्देशन कर चुके हैं, जो कि बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। उनकी पिछली फिल्म की तरह ही यह फिल्म भी लगातार शानदार कमाई कर रही है।

### पहले सप्ताहांत पर जबर्दस्त कलेक्शन

पहले सप्ताहांत के जबर्दस्त कलेक्शन के बाद वीकडेज में भी फिल्म की मजबूत पकड़ बरकरार है। फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो पहले दिन भूल भुलैया 3 ने 35.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। वहीं, दूसरे दिन इसने 37 करोड़ और तीसरे दिन 33.5 करोड़ रुपये बटोरे थे। पहले सप्ताहांत में 106 करोड़ का कारोबार कर यह फिल्म कार्तिक के करियर की सबसे तेज 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई थी।

### वीकडेज में भी अच्छी कमाई

वहीं, कामकाज वाले दिनों में भी फिल्म का प्रदर्शन शानदार रहा है। बीते दिन सोमवार की परीक्षा इस फिल्म ने आसानी से पार कर ली। चौथे दिन इस फिल्म ने अपने बजट के 10 फीसदी से ज्यादा कारोबार किया। किसी भी फिल्म के लिए ऐसा कलेक्शन शुभ संकेत माना जाता है। सोमवार को फिल्म ने 18 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

### कार्तिक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

शुरुआती आंकड़ों की मानें तो फिल्म ने पांचवें दिन 11.63 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 135.63 करोड़ रुपये हो गई है। इन आंकड़ों के साथ यह कार्तिक आर्यन की दूसरी सबसे कमाऊ फिल्म बन गई है। वहीं, पहले पायदान पर अब भी भूल भुलैया 2 बनी हुई है। माना जा रहा है कि इस फिल्म के कलेक्शन को जल्द ही भूल भुलैया 3 पीछे छोड़ देगी।



# इन पांच फिल्मों से बॉक्स ऑफिस हिलाएंगे प्रभास, 400 करोड़ की बजट वाली फिल्म भी है शामिल



दक्षिण भारतीय अभिनेता प्रभास की कई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार हैं। आखिरी बार प्रभास को 'कल्कि 2898 एडी' में देखा गया था। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार प्रदर्शन किया। इस फिल्म के बाद से उनके प्रशंसक बेसब्री के साथ आगामी फिल्मों का इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में प्रभास ने अपनी फीस में भी जबर्दस्त इजाफा किया है। फिल्मों में उनकी बढ़ती मांग और लोकप्रियता के चलते यह इजाफा हुआ है। आइए जान लेते हैं कि प्रभास की कौन-कौन सी फिल्म आने वाली हैं?

### सालार 2

प्रभास की फिल्म 'सालार' ने दिसंबर 2023 में सिनेमाघरों में दस्तक दिया। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसकी कहानी ऐसे मोड़ पर खत्म हुई कि दर्शकों के मन में कई सवाल छोड़ गई, जिसका जवाब वह इसके दूसरे भाग में जानने के लिए उत्सुक हैं और बेसब्री के साथ इसका इंतजार कर रहे हैं।

### राजा साब

फिल्म 'राजा साब' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म को मारुति निर्देशित कर रहे हैं। यह एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। फिल्म के टीजर और पोस्टर ने प्रशंसकों की उत्सुकता को दोगुना कर दिया है।

### स्पिरिट

प्रभास की फिल्म स्पिरिट को लेकर प्रशंसकों में अभी से उत्साह है। हालांकि फिल्म की शूटिंग अभी शुरू नहीं हुई है। इसका निर्देशन संदीप वांगा रेड्डी करेंगे।

### कन्नपा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक साउथ एक्टर मोहनलाल की फिल्म 'कन्नप्पा' में प्रभास कैमियो करते हुए नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि उनका ये कैमियो जबरदस्त होने वाला है।

### फौजी

प्रभास ने हाल ही में हनु राघवपुडी द्वारा निर्देशित 'फौजी' की शूटिंग शुरू की है। इस फिल्म में प्रभास एक सैनिक की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म आजादी के पहले के युग पर आधारित हैं। फिल्म काफी बड़े बजट में बनाई जा रही है। कहा जा रहा है कि इसका बजट 400 करोड़ रुपये है।

# पर्दे से दूर फिर भी लग्जरी लाइफ जी रही हैं क्रिस्टल डिसूजा

क्रिएस्टल डिसूजा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री इन दिनों पर्दे से दूर हैं, फिर भी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। हालांकि, क्रिस्टल अपने कमबैक की तैयारी कर रही हैं। क्रिस्टल की सोशल मीडिया पर काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग भी है। क्रिस्टल को एक हजारों में मेरी बहना है से फैंस के बीच लोकप्रियता हासिल हुई थी अब प्रशंसक एक बार फिर अभिनेत्री को बड़े स्क्रीन पर देखने के लिए बेताब हैं।



# विपणन कार्य में हो पूरी पारदर्शिता, केंद्रों में कृषकों के लिए हो पर्याप्त सुविधाएं : अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा

## खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 धान उपार्जन एवं निराकरण हेतु संभागस्तरीय बैठक संपन्न




**पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग**
www.dailypioneer.com

राज्य में आगामी 14 नवंबर से खरीफविपणन वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया शुरू होने जा रही है, जो 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने आज दुर्ग पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सभाकक्ष में धान उपार्जन निराकरण से संबंधित संभाग स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान धान उपार्जन केन्द्रों की आरंभिक व्यवस्था, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु बारदाने की व्यवस्था, किसानों को भुगतान, किसानों के पंजीयन की स्थिति, धान खरीदी का आंकलन, धान रिसाइकिलिंग रोकने के उपाय, मील पंजीयन, मीलिंग प्लान, रेक मूवमेंट, एफसीआई तथा नागरिक आपूर्ति मिशन में चावल उपार्जन तथा अन्य आवश्यक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों के द्वारा उपजाये गए पूरे धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जाए। सभी इस प्रक्रिया में विशेष तौर पर खरीदी के दौरान केंद्रों में बारदाने की व्यवस्था से लेकर छाव, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पारदर्शिता बनाए रखने हेतु केंद्रों में सभी आवश्यक जानकारियां एवं नियम प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें। केंद्रों में शिकायत एवं निवारण के लिए शिकायत पेटी तथा हेल्प लाईन नं. भी चस्पा करना सुनिश्चित करें।

### किसानों को समय पर हो भुगतान

एसीएस ऋचा शर्मा ने अधिकारियों को कहा कि छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों के द्वारा उपजाए गए पूरे धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जाए। सभी इस प्रक्रिया में विशेष तौर पर खरीदी के दौरान केंद्रों में बारदाने की व्यवस्था से लेकर छाव, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पारदर्शिता बनाए रखने हेतु केंद्रों में सभी आवश्यक जानकारियां एवं नियम प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें। केंद्रों में शिकायत एवं निवारण के लिए शिकायत पेटी तथा हेल्प लाईन नं. भी चस्पा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि वास्तविक किसानों को धान बेचने के पश्चात भुगतान में समस्या न हो। इसके लिए मार्कफेड द्वारा 37 हजार 500 करोड़ रूपये की व्यवस्था ऋण के माध्यम से की गई है। मार्कफेड द्वारा अपैक्स बैंक एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को निर्देशानुसार अग्रिम का अंतरण किया जाएगा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में अंतरण किया जायेगा। (अन्य किसी के खाते में अंतरण नहीं किया जायेगा।) संयुक्त खाते की स्थिति में परिवार के सदस्य के खाते में भुगतान किया जाएगा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कैश मैनेजमेंट के संबंध में पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बैंकों में होने वाली अनावश्यक भीड़ से बचने के लिए किसानों के बैंक एटीएम की लिमिट को 20 हजार से बढ़ाकर 40 हजार किया गया है। सभी सोसाइटीज में माइक्रो एटीएम की सुविधा भी दी जा रही है जिससे 10 हजार तक का आहरण किया जा सकता है।

### पंजीयन प्रक्रिया पर करें फोकस ताकि धोखाधड़ी से किसानों को मिले राहत

उन्होंने किसान पंजीयन से संबंधित 18 अक्टूबर 2024 को जारी निर्देश तथा अन्य विशेष निर्देशों का पालन करने निर्देशित किया। इसके अंतर्गत डिजिटल कॉप सर्वे के माध्यम से प्राप्त बोये गये रकबे का मिलान भुईया एप्प से किया जाएगा। पड़त भूमि जिस पर अन्य फसल लिया गया हो, का चिन्हांकन कर एवं भुईया प्रविष्टि में संशोधन सुनिश्चित किया जाएगा। समिति स्तर पर रकबा परिवर्तन की सुविधा नहीं होगी। ऐसे कृषक जिनके द्वारा पूर्व वर्षों में धान का विक्रय नहीं किया गया है, का एसडीएम से जांच उपरांत ही उपार्जन सुनिश्चित किया जाएगा। मोबाईल एप्प के माध्यम से भौतिक सत्यापन का धान उपार्जन की प्रकिया की शुचिता बनाए रखना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा डिजीटल क्राप सर्वे का भूईया साफ्टवेयर से मिलान कर त्रुटिपूर्ण रकबों में सुधार किए जाए। भूमि पड़त जिसपर अन्य फसल बोया गया हो, का स्थल सत्यापन कर किसान पोर्टल में पंजीयन संशोधन किए जाए। पटवारी से लेकर सचिव स्तर के अधिकारियों को शामिल करते हुए तीन स्तरों पर (तहसील, जिला एवं राज्य) मोबाईल एप्प के माध्यम से आकस्मिक निरीक्षण किए जाए। मोबाईल एप्प का उपयोग करते हुए रकबों का खरीदी पूर्व सत्यापन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। यह ध्यान रखा जाए कि किसी भी किसान के भूमि के विरुद्ध क्रय किये धान के विरुद्ध भुगतान अनिवार्य रूप से उसी किसान के बैंक खाते में होना चहिये तथा यदि संयुक्त खाते की भूमि है, तो भुगतान उन्हीं में से किसी एक के खाते में होना चहिये।

### रिसाइक्लिंग एवं अवैध धान की खपत पर नियंत्रण हेतु जिला स्तर पर हो विशेष तैयारी

उन्होंने धान खरीदी के दौरान रिसाइक्लिंग एवं अवैध धान की खपत को रोकने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रिसाइक्लिंग पर नियंत्रण हेतु जिला स्तर पर विशेष तैयारी की जाए। कोचिया एवं बिचौलिया द्वारा खरीदी केन्द्रों में किसान के बचत रकबे में न खपाया जाए। किसान पंजीयन डेटा में धान रकबा को बढ़ाकर इंद्राज किया जाना रोका जाए। खरीदी केन्द्रों में धान व्यवस्थित तरीके से रखा जाए। किसान पंजीयन के दौरान अन्य व्यक्ति की बैंक खाते की एंट्री किया जाए। राईस मिलर द्वारा अन्य स्थानों से धान लाकर जमा न किया जाए। उचित मूल्य दुकान स्तर पर चावल की रिसाईकलिंग को रोका जाए। संवेदनशील धान खरीदी केन्द्र द्वारा रिसाईकलिंग पर विशेष निगरानी रखी जाए। विशेष चेकिंग दल का गठन किया जाए, जिसमें राजस्व, खाद्य, मंडी, सहकारिता, फारेस्ट, परिवहन आदि विभागों की सहभागिता हो। संचालक खाद्य की अनुमति से धान का आयात हो। सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट की स्थापना की जाए। अवैध धान परिवहन एवं विक्रय के संबंध में निगरानी एवं अनियमितता पाये जाने पर मंडी अधिनियम के तहत् कार्यवाही की जाए। कोचियों एवं बिचौलियों का चिन्हांकन कर समिति में धान लाकर अन्य किसानों के पंजीयन में खपाने का प्रयास करने पर वाहन एवं धान जप्त किए जाए। कृषि विभाग (मण्डी) द्वारा विशेष चेकिंग दल हेतु वाहन उपलब्ध कराए जाए।

# लिनेश क्लब प्रेरणा बेमेतरा द्वारा मिठाई पटाखे वितरण



**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया लिनेस क्लब प्रेरणा बेमेतरा के द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर कंचानमंडी केंद्र की सफाई कर्मचारी महिलाओं को मिठाई पटाखे दिये गए इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष विनोद राघव सचिव रामेश्वरी साहू कोषाध्यक्ष निधि बनाकर उपस्थित हुए इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों ने आभार व्यक्त किया वहीं संस्था के अध्यक्ष विनोद राघव दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए बता दें कि आल इंडिया लिनेश क्लब प्रेरणा बेमेतरा द्वारा समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों के माध्यम से जन हित का काम को अमली जामा पहनाने में सदैव तत्पर रहते हैं यही कारण है कि अल्प समय में ही बेमेतरा जिले में लिनेश क्लब प्रेरणा बेमेतरा अपने अलग पहचान बनाने में सफलता हासिल किया है।

# व्यक्ति का सुख संसार मे नही भगवान में है : गोपिकेश्वरी




**पायनियर संवाददाता ◄ उतई**
www.dailypioneer.com

दशहरा मैदान रिसाली में चल रहे श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन भागवत प्रवचनकर्ता गोपिकेश्वरी देवी ने संसार के स्वरूप के बारे में बताया कि दो प्रकार का संसार होता है एक सत्य संसार और एक मिथ्या संसार। बाहर का संसार भगवान का बनाया हुआ ये पंचभौतिक जगत् सत्य संसार कहलाता है और हमारे विचारों का हमारी इच्छाओं का संसार मिथ्या संसार कहलाता है। और इन दोनों संसार की जननी माया है और ये माया तीन गुण की होती है सात्विक, राजसिक, तामसिक। उन्होंने कहा कि इसी माया के तीन गुणों के कारण इस संसार में किसी की किसी के साथ नहीं पटती, कोई किसी के अनुकूल नहीं होता कोई किसी के सुख के लिए कुछ नहीं करता, कोई किसी को अच्छा नहीं कह सकता क्योंकि समस्त मायाबद्ध जीवों के अंदर माया के ये तीन गुण रहते हैं और ये तीन गुण सदा बदलते रहते हैं। इसीलिए संसार में कभी किसी से आशा नहीं करना चाहिए क्योंकि आशा करना ही समस्त दुखों का कारण है। और आगे उन्होंने विस्तार से बताया कि संसार में न सुख है, ना ही दुख है अपना ही माना हुआ सुख या दुख हमें संसार में मिलता है। जिस दिन जीव ये मान लेगा कि हमारा सुख संसार में नहीं है भगवान में है। बस उसी दिन संसार से मन से वैराग्य हो जायेगा और जीव भगवान की सही-सही शरणागति कर लेगा और अपना कल्याण कर लेगा। अब आगे भगवान को प्राप्त कैसे किया जाए? क्योंकि संसार में सैकड़ों मार्ग चल रहे हैं भगवान को प्राप्त करने के। तो साधारण सा जीव कैसे जाने कि कौन सा मार्ग सही है? तो इसका समाधान अब अगले प्रवचन में किया जाएगा कि क्यों इतने मार्ग आज भगवान को पाने के संसार में चल रहे हैं। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर विधायक ललित चंद्राकर ने किया प्रचार, सुनील सोनी के लिए मांगे वोट



**पायनियर संवाददाता ◄ उतई**
www.dailypioneer.com

दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने रायपुर दक्षिण ब्राह्मण पारा, कंकालीन पारा में जनसंपर्क किया। अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक ने घर घर जाकर पर्ची बाटा और अपनी सरकार के दस महीने और केंद्र सरकार की योजनाओं का गुनगान किया। इस चंद्राकर ने कहा कि बीजेपी छत्तीसगढ़ के विकास की गारंटी है। कम समय में ही हमने घोषणा पत्र बड़े बड़े वादे पूर्ण किए हैं। जिसका सीधे लाभ जनता को मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार बनते ही तेजी से विकास हुआ है, रायपुर दक्षिण के विकास के लिए सुनील सोनी ज़रूरी है, जिन्होने पार्षद, महापौर, सांसद रहते जो विकास किया है। उसको अनवरत जारी रखने के लिए भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को 13 तारीख को कमल फूल छाप पर बटन दबाकर भरी मतों से विजय बनाना है। बस यही अपील करने आया हूं जनसंपर्क अभियान के दौरान बड़ी संख्या में बीजेपी के कार्यकर्ता शामिल हुए। खुद सुनील सोनी भी अपने विधानसभा सीट पर लगातार जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पार्षद सरिता आकाश दुबे, महेश देवांगन, ओम प्रकाश देवांगन, हेमलता देवांगन दुर्गा देवांगन, अनीता देवांगन झूमक लाल चौधरी, अजय साहू, योगेंद्र ताम्रकार, प्रेम बीरनानी, आकाश पाण्डे, शुभम शर्मा, बबलू देवांगन, सुरेन्द्र देवांगन, आलोक देवांगन, सुनील चंद्रवंशी, कृष्णकुमार यमराज, राधेश्याम निर्मलकर संजय, अरविंद प्रमिला उषा साहू, महेंद्र शर्मा, पिंटू महेंद्र चोपड़ा, नीलेश अग्रवाल,मनोज सोनी, विनय जैन संजय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# यह केवांछी के मेरी बहनों की अटल जीत है : प्रज्ञा निर्वाणी



**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत केवाछि में गोपाष्टमी के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी और अखिल भारतीय छत्तटिसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने ग्राम गाय की पूजा अर्चना कर उन्हें हरा चारा खिलाया,और गौ माता से गांव में सुख शांती की प्रार्थना के साथ पूरे साल भर दूध दही घी के भंडार से गृहणियों का रसोई भरा रहे ऐसी प्रार्थना की, भाजपा नेता नागेश वर्मा, पूर्व सरपंच ताराचन्द वर्मा, राजू रजक, चित्रसेन वर्मा, पंचवती साहू,सुनीता निर्मलकर, कुसुम रजक सहित सैकड़ों बहनों की उपस्थिति में अटल प्रश्नमाला का आयोजन हुआ, अटल प्रश्नमाला में ग्रामीण बहनों से प्रश्न पूछ उन्हें दैनिक जरूरत के बर्तन पुरुस्कार में दिए गये। गोपाष्टमी के दिन अटल प्रश्नमाला के आयोजन से ग्रामीण महिलाओ में खुशी दिखी,उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने छतीसगढ़ सरकार के योजनाओं को प्रचारित करने वाली पत्रिका जनमन का वितरण भी किया, कार्यक्रम का संचालन नागेश वर्मा ने किया।

# शहर कांग्रेस कमेटी ने दक्षिण विधानसभा उपचुनाव मे किया प्रचार

**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com



शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी के नेतृत्व मे बस से रायपुर रवाना हुए जहा रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष मे डोर टू डोर चुनाव प्रचार कर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा। प्रचार मे छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिव जारिता लैटफ लांग तथा संयुक्त सचिव विजय जांगिड़ जी ने भी शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा किए जा रहे प्रचार मे शामिल रहे। प्रचार के दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि जनता का समर्थन कांग्रेस प्रत्याशी को मिल रहा है, दक्षिण विधानसभा की जनता इस बार परिवर्तन कर एक युवा चेहरे को प्रतिनिधित्व देने का मन बना चुकी है।शहर मे लगातार बढ़ते अपराध से लोगो मे सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है और जनता ने आकाश शर्मा जैसे एक मजबूत आवाज को जीताने का मन बना लिया है। प्रचार के दौरान शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा, जोगेंद्र छाबड़ा, ललित विश्वकर्मा, रीता पांडेय शहर महिला अध्यक्ष, शत्रुहन साहू, पार्षद मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा, अखिलेश नामदेव, राम ठाकुर जया साहू, रानी सेन, धरम वर्मा, राजू साहू, घनश्याम देवांगन, दिनेश पटेल जिला अध्यक्ष सेवादल, सुनील नामदेव, देवा गर्ग, दिनेश जनार्दन, रीना साहू, आरती पटेल, सुषमा साहू ,चंदू शीतलानी, लक्ष्मी डेहरे, नारायण छाबड़ा, पप्पू साहेब, सीताराम यदु, श्रीराम यदु, प्रकाश साहू, बलवंत साहू, रवि गुप्ता, रामसंजीवन, गोलू साहू, शिव वर्मा, गुमेश चौहान, लव सिंह वर्मा, प्रभाष गोस्वामी, नाथूराम सेन, ओमप्रकाश यादव, भुनेश्वर वर्मा, राघवेंद्र मनु, तिजेलाल डेहरे, कोमल कोशले, प्रकाश रजक, गणेश कुर्रे, देवचरण टंडन, मोहन बंजारे गीतादास, लोकेश देवांगन, राजकुमार वर्मा, भोजराज वर्मा, माखन साहू, मनहर साहू, मनाराम वर्मा, तोरण वर्मा, तिलक वर्मा, जंतराम निर्मलकर, भीखम साहू, मोहर सिंह, फुलसिह वर्मा, संपत वर्मा सहित शहर कांग्रेस बेमेतरा के कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा विद्यालय में आंवला नवमी पर्व मनाया गया

**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com



कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा में रविवार को आंवला नवमी के दिन आंवला की पूजा आरती की गई। कार्तिक मास की नवमी तिथि को आंवला नवमी मनाया जाता है। इस दिन के महत्व की जानकारी शिक्षिका राजकिरण मिश्रा द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि इस दिन आंवले के वृक्ष की पूजा करने से भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है इस दिन आंवला तथा आंवले के पौधे के दान करने का विशेष फल प्राप्त होता है इस दिन किया गया दान कभी क्षय नहीं होता ।इस दिन आंवले के वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन, मिठाई, फल खाने से आरोग्यता की प्राप्ति होती है ऐसी मान्यता है। सभी शिक्षिकाओं तथा बच्चो ने आंवले वृक्ष की पूजा विधि विधान से कर मिठाई फल खीर पूड़ी का प्रसाद लगाया। बच्चों को प्रसाद स्वरूप खीर पूड़ी ,मिठाई, तथा फ्ल का वितरित किया गया। सभी बच्चो एवं शिक्षिकाओं ने आंवले वृक्ष के नीचे प्रसाद ग्रहण किया। इस पर्व में अधीक्षिका भारती धृतलहरे शिक्षिका राजकिरण मिश्रा, ममता गुरुपंच, ज्योति चंद्राकार, शिखा चौबे, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी, विजयलक्ष्मी परगनिया, सावित्री, दीप्ति सभी ने बच्चों को आशीर्वाद तथा शुभकामनाएं दीं।

# चोरी सामान लेकर जा रहे आरोपी पुलिस को मारने हेतु मैजिक से मारी ठोकर, 5 आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com

अंधियारखोर बिजली आफिस का समान चोरी कर लेकर जा रहे मैजिक का आधी रात को मोटरबाइक से पिछा कर रहे पुलिस को जान से मारने हेतु मैजिक से ठोकर मारकर घायल करने के 5 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया जिसमें तीन विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल हैं। पुलिस ने घटना मे प्रयुक्त कीमती करीबन 60,000 रूपये एवं अंधियारखोर बिलजी आफिस सामने से चोरी किये बिजली ट्रांसफार्मर के समान कीमती करीबन 60,000 रुपये, कुल जुमला 1,20,000 रूपये को जप्त कर किया गया बरामद किया गया इस संबंध पुलिस ने बताया कि प्रार्थी आरक्षक स्वप्निल पांडेय चौकी खंडसरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 07.11.2024 को चौकी प्रभारी सउनि सुरेश सिंह राजपुत के हमराह आरक्षक चन्द्रकांत सिंह चौहान के साथ रात्रि गस्त पर खण्डसरा अपने मोटर सायकल से रवाना हुआ था कि रात्रि करीबन 01.15 बजे एक सफेद रंग का चारपहिया वाहन ग्राम चमारी अतरिया की ओर से खण्डसरा की ओर आ रहा था कि दुर से हमे देखकर उक्त चारपहिया वाहन का चालक गाडी को मोडकर वापस अतरिया की ओर भागने लगा संदेह होने पर अपने साथी आरक्षक को अपने मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी/25/एम/3533 में बैठाकर वाहन का पीछा किये कि चमारी मोड के पहले चारपहिया मैजिक वाहन क्रमांक सीजी/ 17/ टी/ 1090 को ओवरटेक कर आगे बढे थे और रोकने के लिये इशारा कर चिल्ला रहे थे किन्तु टाटा मैजिक वाहन का चालक अपने वाहन को नहीं रोका और चालक के साथ पीछे बैठे अन्य 04 व्यक्ति द्वारा वाहन मत रोको तेज गती से आगे भगाओ चिल्ला रहे थे वाहन चालक



द्वारा अपने वाहन को तेज गती से बढ़ा कर जान से मारने की नियत से मोटर सायकल पल्सर को ठोकर मार दिया जिससे अपने साथी आरक्षक के साथ गिर गया तथा मेरे मोटर सायकल पल्सर को वाहन चालक द्वारा सडक में घसीटते हुए करीबन 50 मीटर तक ले गया। वाहन के सामने मोटर सायकल फस जाने से वाहन टाटा मैजिक वाहन को छोडकर चालक एवं पीछे बैठे अन्य 04 व्यक्ति खेत की ओर भाग गये। टाटा मैजिक वाहन को पास मे जाकर देखने पर उक्त वाहन में बिजली ट्रांसफार्मर का रांगा तार का गोल 06 बंडल, 03 बंडल पतला छोटा प्लेट, 04 नग लोहे का एंगल सेट नट बोल्ट लगा, तथा एक नग लोहे का सबरी, 5 लीटर के प्लास्टिक डिब्बा में करीबन 02 लीटर आईल जैसा भरा तेल एवं एक थैला में पाना पेंचिस वाहन में भरा हुआ मिला। टाटा मैजिक वाहन क्रमांक सीजी/17/टी/1090 के चालक एवं गाडी में बैठे उसके साथीयो के द्वारा जान बुझकर जान से मारने की नियत से ठोकर मारने से दाहीना पैर पंजा, दाहिना हाथ, सिर, बाया हाथ पंजा एवं मध्य दो उंगली में तथा मेरे साथी आरक्षक चन्द्रकांत के बाएं हाथ के कंधा कोहली, दाहिना जांघ के पीछे, दाहिना पैर टखना पास चोंट आया है, कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 110, 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने तत्काल आरोपी के विरूध्द्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक मती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी खण्डसरा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुरेश सिंह राजपूत को अपराध विवेचना हेतु चौकी स्टाफ के साथ लगाया गया। प्रकरण में विवेचना दौरान आरोपीगण आशिक देवार उम्र 21 साल, राहुल देवार उम्र 21 साल साकिनान नवापारा दाढ़ी थाना दाढ़ी जिला को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर पता चला कि दिनांक घटना को अपने अन्य साथी के साथ 07.11.2024 को रात्रि मे उक्त मैजिक वाहन मे जाकर अंधियारखोर बिजली आफिस के सामने रखे बिजली ट्रांसफार्मर को पाना पेंचिस एवं सब्बल से खोलकर रंगा 06 बंडल, 3 बंडल लोहे ब्लेंड सभी मिलकर चोरी कर अपने मैजिक वाहन से वापस घर जाने अतरिया खंडसरा होते दाढ़ी जाने निकले थे कि रात्रि करीबन 1 बजे खंडसरा बस स्टॉप मे पुलिस वाले को देखकर पकड़े जाने के डर से मैजिक वाहन को मोडकर वापस अतरिया की ओर भागने लगे तब दो पुलिस वाले एक मोटर सायकल पीछा करते आगे ओवरटेक रुकने के लिए बोल रहे थे तब सभी लोग बचना है इन लोगो को जानसहित मार दो इनके मोटर सायलक को ठोको और आगे बढो चिल्ला रहे थे तब मैजिक चालक जानबूझ कर जान से मारने की नियत से पुलिस वाले के मोटर सायकल को ठोकर मारा जिसे वे लोग गिर गये और मोटर सायकल मैजिक के सामने फस गया बहुत दूर तक घसीटता हुआ गया तब सभी लोग मैजिक वाहन को छोड़कर भाग जाना और अपने अपने घर चले जाना बताये। प्रकरण मे घटना मे प्रयुक्त टाटा मैजिक क्रमांक सीजी 17 टी 1090 कीमती करीबन 60,000 रूपये एवं अंधियारखोर बिलजी आफिस सामने से चोरी किये बिजली ट्रांसफार्मर के समान कीमती करीबन 60,000/- रुपये को जप्त कर बरामद किया गया। थाना नवागढ़ मे बिजली ट्रांसफार्मर समान चोरी की रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा- 303(2) बीएनएस कायम किया गया है। आरोपी आशिक देवार पिता भक्ता देवार उम्र 21 साल 02. राहुल देवार पिता मनोहर देवार उम्र 21 साल साकिनान नवापारा दाढ़ी थाना दाढ़ी जिला बेमेतरा को अपराध धारा घटित करना साक्ष्य सबूत पाये जाने 07.11.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया एवं 03 विधि के साथ संघर्षरत बालक को 08.11.2024 को न्याय किशोर बोर्ड न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश कुमार साहू, पुलिस चौकी खण्डसरा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुरेश सिंह राजपूत, आरक्षक एश्वर्य सिंह, चंद्रप्रकाश चंद्रवंश, आशीष सेन, चन्द्रकांत सिंह चौहान, महेन्द्र सोनवानी एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# अग्रवाल संगठन ने बनाए 18 नए आयोग, 8 नवंबर को हुआ डॉक्टर अशोक सियाराम अग्रवाल कैबिनेट का शपथ ग्रहण

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के नए पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण एवं दीपावली मिलन समारोह 8 नवंबर को रायपुर के एस एन पैलेस में संपन्न हुआ। शपथ अधिकारी अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के चेयरमैन प्रदीप मित्तल ने शपथ ग्रहण के पूर्व उपस्थित सामाजिक बंधुओ, मातृ शक्ति एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन देश के श्रेष्ठ संगठनों में शुमार है, विगत माह संगठन की राष्ट्रीय बैठक में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन को देशभर में सर्वश्रेष्ठ कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया था। इस प्रांत में लगातार सेवा के कार्य, प्रांतीय बैठके एवं भगवान अग्रसेन के 18 गोत्रों पर आधारित 18 विभिन्न विषयों में अग्र अलंकरण पिछले 8 वर्षों से लगातार संपन्न होने पर यह सम्मान प्रांतीय संगठन को प्रदान किया गया था। उन्होंने कहा कि मेरा इस प्रांत के साथ विशेष लगाव है, जब भी आवश्यकता होती है मैं मात्र एक दिवस की सूचना पर प्रांतीय संगठन के कायक्रम में उपस्थित होता रहा हूं । मित्तल ने कहा कि गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद के मार्गदर्शन में जिओ गीता का कार्यक्रम पिछले वर्ष संपूर्ण विश्व में गीता जयंती के अवसर पर आयोजित हुआ था। इसमें लगभग ढाई करोड़ लोगों ने सहभागिता की थी, इस वर्ष भी 11 दिसंबर को पूरे विश्व में सुबह 11:00 बजे एक साथ गीता जी का तीन श्लोक पढ़ा जाएगा, जिसमें पांच करोड़ लोगों के भाग लेने का अनुमान है, इसके लिए पूरे भारतवर्ष के साथ ही विश्व के अनेक देशों में बैठके आयोजित हो रही है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस आयोजन में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रांतीय मुख्य संरक्षक सियाराम अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह संगठन सेवा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उसकी आवश्यकताओ के अनुरूप सहायता प्रदान करते आ रहा है अब समाज को कुछ सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए आगे आना चाहिए, नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण के पूर्व निवृत्तमान प्रांतीय महामंत्री मनोज अग्रवाल ने अपने पिछले तीन वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियां से अवगत कराते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग से ही सभी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं, निवृतमान प्रांतीय अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल ने पिछले तीन वर्षीय कार्यकाल में संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि संगठन में केवल अध्यक्ष अकेला कुछ नहीं कर सकता है, प्रत्येक कार्य में सफलता तभी मिल पाती है जब संगठन का एक-एक कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से जुटता है। पिछले तीन वर्ष में जितने भी आयोजन संपन्न हुए है उसका सारा श्रेय पूरी कार्यसमिति को है,समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बसना के विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि समाज की शक्ति, उसके संगठन में निहित है।

# अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने किया गौ सेवा का काम

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com




गोपाष्टमी के पावन पर्व पर अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने अपने सुपुत्र इंजीनियर रवि मित्तल के साथ आसनसोल पश्चिम बंगाल की गौशाला में जाकर गौ सेवा के काम किये, इस अवसर पर गौ माता को गुड एवं चना खिलाया गया तो वहीं गौ माता की पूजा अर्चना भी की गई इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के परिवारजन भी मौजूद रहे, तथा अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने समस्त देशवासियों को गोपाष्टमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गोपाष्टमी का पावन पर्व गौ माता की आराधना एवं सेवा का विशेष दिवस है, हमें गौ माता के प्रति नियमित रूप से सेवा की भावना रखते हुए अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की बाल विकास की राष्ट्रीय संयोजीका अरुणा दिनेश अग्रवाल बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने 2 नवंबर 2024 गोवर्धन पूजा से 9 नवंबर 2024 तक गोपाष्टमी के पर्व को गौ सेवा सप्ताह का संकल्प लेकर प्रतिदिन नियमित रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया, प्रतिदिन वे गौ सेवा में अलग अलग गौशालाओ में पहुंचकर अपने निवास स्थान से कई किलोमीटर दूर गांवो में गाय की सेवा की, जिसमें प्रमुख रूप से निपानिया भवाली माता, गौशाला शिवरीनारायण मंदिर, गौशाला गौ सेवा आश्रम बिलासपुर, सत्यम फॉर्म मंगला, कृष्ण गौशाला एवं बिलासपुर शहर की विभिन्न स्थान पर इकट्ठी गौ माताओं को उन्होंने गुड, हरा चारा, रोटी, चना दाल, हरी सब्जियां, भूसा आदि का वितरण किया, 09 नवम्बर को गोपाष्टमी पर प्रातः 8:00 बजे गौशाला पहुंचकर गायों को रोटी खिलाया एवं गुड अर्पित कर गौ पूजा कर समापन किया। गोपाष्टमी पर अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन बिलासपुर ज़ोन अध्यक्ष शीतल लाठ द्वारा सराईपाली में गौशाला में गायो को पूजा की। गुड केला खिलाया एव चारा के लिए कुछ राशि सहयोग किया ।शीतल लाठ के भाइयों द्वारा संचालित बनवारी गोशाला एवं सोनपुरी धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया इस कार्यक्रम में बसना के विधायक सम्पत अग्रवाल एव बागेश्वर धाम के महाराज भी शामिल हुए एवं अपना वक्तव्य दिये।

# मारवाड़ी महिला सम्मेलन की शक्ति शाखा ने प्रदूषण मुक्त पर्यावरण एवं अंगदान नेत्रदान को लेकर कराई प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com




शहर में दशकों से सेवा, रचनात्मक, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी योगदान देने वाली अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की शक्ति शाखा ने 9 नवंबर को गोपाष्टमी के पावन पर्व पर शक्ति शहर के स्टेशन रोड के पास स्थित लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल में पहुंचकर वहां करीब 300 बच्चों के बीच प्रदूषण मुक्त पर्यावरण एवं नेत्रदान अंगदान के महत्व के विषय पर प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया, इस दौरान जहां विद्यालय के बच्चों ने प्रतिस्पर्धा में बढ़-चढ़कर सहभागीता की तो वहीं एक से बढ़कर एक अपनी प्रस्तुति विद्यार्थियों ने दी। तथा इस दौरान अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शक्ति शाखा की अध्यक्ष सुमन अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पूरे देश में जागरूकता अभियान चल रहा है, साथ ही आज अंगदान एवं नेत्रदान के महत्व को हम सभी भली-भांति जानते हैं, एवं मनुष्य जीते जी एवं इस जीवन के बाद उसके अंग का उपयोग अन्य व्यक्ति के काम आए, इस दिशा में शक्ति की शाखा काम कर रही है, इस दौरान लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल के डायरेक्टर टीपी उपाध्याय एवं मोहम्मद अनीस सहित विद्यालय की प्रिंसिपल संध्या सोनी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे, तथा इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शक्ति शाखा के भी सभी पदाधिकारी सदस्य शामिल रहे।

# यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में भौतिक निरीक्षण किया गया, अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने का निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



हाई कोर्ट बिलासपुर के आदेश 30/07/2024 के परिपालन मे नियुक्त कोर्ट कमिश्नर रविंद्र शर्मा द्वारा मुंगेली जिला के यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में भौतिक निरीक्षण किया गया, इस दौरान रविन्द्र शर्मा द्वारा शहर के मुख्य चैंक चैराहों का खास कर पड़ाव चैंक और दाउपारा चैंक पर किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने का निर्देश दिया गया ताकि आमजन को वाहन पार्किंग एवं आने जाने में कोई परेशानी ना हो साथ ही शहर में बेतर्तिब खड़े ऑटो वाहनों के लिये ऑटो स्टैंड की व्यवस्था किये जाने को सम्बंधित विभाग को निर्देशित किया गया इसी प्रकार शहर के गीधा बायपास में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने तथा साइन बोर्ड को तत्काल लगवाने हेतु निर्देशित किया गया है एवं यातायात विभाग को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए ताकि सड़क दुर्घटनाओं मे कमी लाया जा सके साथ ही रोड सेफ्टी कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार करने के संबंध में भी निर्देश दिए हैं निरिक्षण के दौरान कोर्ट कमिश्नर शर्मा के साथ अनुविभागिय अधिकारी राजस्व पार्वती पटेल, आरटीओ अधिकरी असीम माथूर, यातायात प्रभारी अमित गुप्ता, नगर पालिका सी एम ओ आशिष तिवारी, एसडीएम, एसडीओ पीडब्यूपडी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वयं सेवकों के द्वारा नशा मुक्ति अभियान एवं स्वछता अभियान चला कर लोगों को संदेश दिया

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



शास उच्च माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर मुंगेली के छै इकाई स्वयं सेवकों के द्वारा नशा मुक्ति अभियान एवं स्वछता अभियान चला कर लोगों को संदेश दिया गया। इस दौरान मिश्रा ने बताया कि आज का पीढ़ी नशे को अपना शौक समझने लगे हैं युवक ही नहीं युवतियां भी इनके शिकार होते जा रहे हैं। नशा आज के दौर में एक अभिशाप से कम नहीं है क्योंकि नशे से न जाने कितने तरह के नुकसान झेलने पड़ते हैं। खाश कर युवा वर्ग इनके चपेट में आकर अपना स्वास्थ्य और रिश्ता खत्म कर लेते हैं। उन्होंने आगे कहा कि बर्बादी का नाम है नशा, 'करता है ये दुर्दशा' 'नशा नाश का घर है'. कल्चुरी जायसवाल समाज। प्रदेश संगठन मंत्री विष्णु जायसवाल ने नशे में होने वाले नुकसान पर गहन प्रकाश डाले उन्होंने लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि लोगों को न तो गंदगी फैलानी चाहिए और न ही किसी और को फैलाने देना चाहिए आगे उन्होंने न गंदगी करेंगे और न ही किसी को गंदगी करने देंगे का मंत्र दिया। स्वच्छता एक ऐसा महत्वपूर्ण अभियान है जो स्वयं, समाज और पर्यावरण के लिए वरदान है।

# अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन का शपथ ग्रहण समारोह 22 दिसंबर को

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



पूरे विश्व में अग्रवाल समाज की सबसे सक्रिय एवं सशक्त संस्था अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की नवगठित कार्यकारिणी सत्र-2024- 2027 की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की अहम बैठक तथा मेल मिलाप कार्यक्रम का आयोजन आगामी- 22 दिसंबर 2024 को अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की हरियाणा प्रदेश इकाई के आतिथ्य में अग्रवाल समाज के तीर्थ स्थल अग्रोहा धाम हिसार हरियाणा में आयोजित किया गया है, उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल मित्तल की अध्यक्षता में होगा, तथा 22 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह एवं आयोजन को लेकर हरियाणा प्रदेश इकाई जोर-शोर से जुटी हुई है। तो वहीं इस राष्ट्रीय शपथ ग्रहण समारोह में देश सहित विदेशों से भी अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के पदाधिकारी-सदस्य शामिल होंगे तथा इस कार्यक्रम में आगंतुक पदाधिकारी-सदस्यों के लिए आवास एवं संपूर्ण व्यवस्था हरियाणा प्रदेश इकाई के आतिथ्य में की गई है, तथा इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रत्येक सदस्य 1100 रुपए का सहयोग पंजीयन शुल्क रखा गया है एवं लगभग 500 की संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल होंगे, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अग्रोहा धाम हिसार हरियाणा में आयोजित कार्यक्रम को लेकर केंद्रीय मुख्यालय ने 20 नवंबर 2024 को शाम 7:00 बजे तक सभी पदाधिकारी- सदस्यों को अपना अग्रिम पंजीयन एवं आगमन, प्रस्थान की संपूर्ण सूचना केंद्रीय मुख्यालय के मुख्य प्रबंधक आलोक चौधरी एवं उनके मोबाइल नंबर-93781 96678 पर देने की अपील की है।

# मुंगेली व्यापार मेला के ब्रोशर विमोचन, मुख्यमंत्री को मेले में सम्मिलित होने का न्योता दिया

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली के त्यौहार के नाम से प्रसिद्ध मुंगेली व्यापार मेला के ब्रोशर विमोचन के साथ ही आगामी आयोजन की तारीख का ऐलान कर दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय पहुना में स्टार्स आफ टुमारो वेलफेयर सोसायटी मुंगेली के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात कर आमंत्रण पत्र निवेदित करते हुवे मुख्यमंत्री को मेले में सम्मिलित होने का न्योता दिया। जिस पर उन्होंने मेले में शामिल होने का आश्वासन प्रदान किया साथ ही 26 नवंबर से आयोजित वाले बहुप्रतीक्षित मुंगेली व्यापार मेला के 9 वे वर्ष के ब्राउसर का विमोचन किया। इस अवसर पर स्टार्स ऑफ टुमॉरो के संयोजक रामपाल सिंह, सह संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव और सलाहकार मंडल के सदस्य मनीष शर्मा उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने व्यापार मेले में आमंत्रण के लिए प्रतिनिधिमंडल को धन्यवाद देते हुवे व्यापार मेले के सफ्ल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने स्टार्स ऑफ टुमॉरो द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और पिछले सालों में मुंगेली व्यापार मेला के माध्यम से व्यापार व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण के निर्माण के लिए प्रयासों की भी सराहना की। स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसाइटी मुंगेली के तत्वाधान में छह दिवसीय मुंगेली व्यापार मेला का आयोजन 26 नवंबर से 1 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है। मुंगेली जिले के औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों के विकास एवं प्रोत्साहन हेतु पिछले 8 सालों से यह आयोजन किया जा रहा है। जिसकी ख्याति साल दर साल बढ़ती ही जा रही है विगत वर्ष की भांति इस साल भी व्यापार मेले में देश के सभी राज्यों के प्रमुख उत्पाद के साथ हस्तशिल्प, टेराकोटा, खादी ग्रामोद्योग, बस्तर आर्ट, महिला गृह उद्योग, हर्बल प्रोडक्ट, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, छत्तीसगढ़ सहित राष्ट्रीय स्तर के उपयोगी उत्पादों, शिक्षा, स्वास्थ, कृषि, आटोमोबाइल, लघु एवं कुटीर उद्योगों के साथ ही शासन के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ के स्टाल लगाया जायेगा।

# वाड्रफनगर वन क्षेत्र में बाघ की दस्तक से ग्रामीण दहशत में

पायनियर संवाददाता ∢ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिले के वाड्रफनगर वन परिक्षेत्र में इन दोनों बाघ की धमक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. बाघ अब तक किसान के एक बैल को मारने और एक बैल को बुरी तरह से घायल करने के साथ एक ग्रामीण पर हमला भी कर चुका है. आलम यह है कि बाघ की दहशत से लोगों ने जंगल जाना बंद कर दिया है, यहां तक मवेशियों को भी जंगल में नहीं छोड़ रहे हैं. बता दें कि क्षेत्र में बाघ के पैरों के निशान देखकर माहौल में संशय बना हुआ था, लेकिन वन विभाग ने फुट प्रिंट ट्रेस कर इस बात की पुष्टि कर दी है कि जंगल में मौजूद बाघ इधर-उधर विचरण कर रहा है. एक बैल के शिकार और एक बैल के बुरी तरह से घायल होने के बाद रही-सही कसर एक ग्रामीण ने कर दी, जिसे जंगल में बाघ ने हमला करने का प्रयास था, जिससे वह किसी तरह से बचने में कामयाब रहा. वन विभाग अब क्षेत्र में मुनादी कराते हुए लोगों को जंगल में न जाने की सलाह दे रहा है. इसके साथ बाघ के हमले से मृत और घायल पशुओं के लिए मुआवजा प्रकरण भी बनाकर किसानों को देने की बात कह रहा है।

# नव संकल्प शिक्षण संस्थान युवाओं का संवार रहा है भविष्य

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिला प्रशासन अंतर्गत संचालित नव संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाकर उनका भविष्य संवार रहा है। साथ ही युवाओं को रोजगार का बेहतर अवसर मिल रहा है। संस्थान में वर्तमान में छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती की तैयारी आवासीय सुविधा देकर कराई जा रही है। छात्रा संजना भगत ने बताया कि उनके क्षेत्र में शासकीय नौकरी की तैयारी करने का कोई विकल्प नहीं था। फिर उन्हें अपने दोस्तों से नव संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने इंट्रेस परीक्षा देकर जशपुर नव संकल्प में चयनित हुई है। संजना जशपुर जिले के ग्राम केराकछार की निवासी हैं। वर्ष 2023-24 में स्नातक की परीक्षा पास की है। अब वह नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में सीजी पुलिस की तैयारी कर रही है। संस्थान में खाने-पीने की अच्छी सुविधा दी जाती है और पढ़ाई बहुत अच्छी चलती है। संजना ने कहा कि यहां पढ़ाई करके क्वालिफाई जरूर करूंगी। उन्होंने संकल्प संस्थान में इतनी सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया है।

## सहस्त्रबाहु जयंती पर निकली गई भव्य शोभायात्रा

# पुरातात्विक धरोहरों में कल्चुरी राजाओं का योगदान : देवांगन

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com



मारोह का आयोजन सर्ववर्गीय जायसवाल समाज ने भव्य शोभायात्रा निकालकर व महाआरती के साथ-साथ भंडारा व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ समाज के प्रतिभावान लोगों का सम्मान कर जयंती समारोह का आयोजन कर बड़े धूमधाम से मनाया।सर्ववर्गीय जायसवाल समाज द्वारा पुराना बस स्टैण्ड स्थित रामजानकी मंदिर से भव्य शोभायात्रा का समाज के संस्थापक आनंद प्रसाद जायसवाल व अशोक जायसवाल, चंदा, कंचन, पल्लवी जायसवाल ने भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना कर मुख्य मार्ग से निकाली गई शोभायात्रा मिशन रोड स्थित जायसवाल कल्चुरी भवन में संपन्न हुई। जहां स्वजातीय बंधुओं ने सहस्त्रार्जुन की पूजा-अर्चना कर महाआरती का आयोजन किया।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के श्रम, उद्योग व वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन के बतौर प्रतिनिधि पहुंचे पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर भगवान की पूजा-अर्चना करते हुए समारोह को संबोधित करते हुए देवांगन ने छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश में भगवान सहस्त्रबाहु को मानने वालों को समृद्ध और शिक्षित समाज बताते हुए कहा कि समाज के युवा उच्च पदों पर है। यहाँ के शिलालेखों और अन्य पुरातात्विक धरोहरों में कल्चुरी राजाओं के महत्वपूर्ण योगदान का पता चलता है। देवांगन ने समाज की ओर से सौंपे गए मांग पत्र पर गंभीरता से विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन देते हुए कहा कि सामाजिक विकास के लिए जब भी किसी भी प्रकार की मांग रखी जाएगी उसे पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित आनंद प्रसाद, मनोज पराशर, विरेन्द्र जायसवाल, मनमोहन कौशिक, मनीष जायसवाल, आशीष जायसवाल, रोशन जायसवाल, अनिल जायसवाल, शिव जायसवाल, जीवन जायसवाल, भुनेश्वर कश्यप, दीपक राय, भास्कर जायसवाल का समाज की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज की ओर से बड़ी संख्या में स्वजातीय महिलाएं, पुरूष व बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी।

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

GOLD AUCTION NOTICE

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION: 26-11-2024 TIME: 2 PM TO 5 PM
AUCTION VENUE: Through e-Auction
AUCTION ADDRESS: https://egold.auctiontiger.net
Contact Number:9099013705/6351896640

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site.

BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS
CHANDIGARH: 63240000337034, MAHASAMUND: 75240001429006, RAIGARH: 63240000333171, SHIVRINARAYAN: 75240001310970

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.

Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Thrissur
Date: 11-11-2024
Sd/-
Authorized Signatory

# छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य के क्षेत्र में वरदान साबित हो रहे हैं आयुष्मान आरोग्य मंदिर

## 12 सेवाओं का आयुष पद्धति के माध्यम से हो रहा है क्रियान्वयन, छत्तीसगढ़ में कुल 400 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए राज्य सरकार बेहद संवेदनशील है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए स्वास्थ्य बजट को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य सेवाओं को सजग रूप से आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। राज्य स्तर पर डीकेएस और मेकाहारा जैसे अस्पताल अत्याधुनिक तकनीकों से लैस हो रहे हैं तो वहीं संभाग स्तर पर सुपर स्पेशिलिटी अस्पतालों का कार्य निरंतर जारी है। इसी तरह से जिले और ब्लाक स्तर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर राज्य के लोगों की सेहत का विशेष ध्यान रख रहे हैं। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में कुल 400 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। ये आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धांतों की सामान्य जानकारी एवं रोगों के घरेलू उपचार तथा औषधियों की जानकारी प्रदान करने में बेहद मददगार साबित हो रहे हैं । इसके अंतर्गत संपूर्ण 12 सेवाओं का आयुष पद्धति के माध्यम से क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे मरीजो को लगातार लाभ मिल रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में योग प्रशिक्षकों के माध्यम से जनसामान्य को दैनिक योगाभ्यास हेतु प्रेरणा एवं प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है ताकि मरीज शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से स्वस्थ रहें। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) द्वारा निरंतर मरीजों का इलाज किया जा रहा है एवं उनकी देखभाल की जा रही है। राज्य सरकार की इस पहल से लोगों को लगातार लाभ भी मिल रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सालाना 1 करोड़ 38 लाख ओपीडी और मासिक 3 लाख एनसीडी मरीजों का इलाज हो रहा है जो अपनी सफलता की कहानी स्वयं बयां करता है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रदान की जाने वाली मुख्य 12 स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, बाल एवं किशोर स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, परिवार नियोजन गर्भनिरोधक सेवाएं और अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित संचारी रोगों का प्रबंधन, सामान्य संचारी रोगों का प्रबंधन तथा तीव्र साधारण बीमारियों और छोटी बीमारियों के लिए बाह्य रोगी देखभाल शामिल हैं। इसी तरह से गैर संचारी रोगों की जांच, रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन, सामान्य नेत्र और ईएनटी समस्याओं की देखभाल, बुनियादी मौखिक स्वास्थ्य देखभाल, वृद्धजन एवं उपशामक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं तथा मानसिक स्वास्थ्य बीमारियों की जांच और बुनियादी प्रबंधन जैसी सेवाएं भी शामिल हैं।

# जे.पी.नड्डा ने चिकित्सा उपकरण उद्योग को मजबूत करने के लिए योजना की शुरुआत की

पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



चिकित्सा उपकरण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए, केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने चिकित्सा उपकरण उद्योग को मजबूत करने के लिए योजना की शुरूआत की। इस अवसर पर केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और फार्मास्यूटिकल्स विभाग के सचिव अरुणीश चावला के साथ-साथ विभाग के अधिकारी और उद्योग जगत के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। यह एक समग्र योजना है, जो चिकित्सा उपकरण उद्योग के संवेदनशील क्षेत्रों को लक्षित करती है, जिनमें प्रमुख हिस्सों और सहायक उपकरणों का निर्माण, कौशल विकास, नैदानिक अध्ययन के लिए मदद,सामान्य बुनियादी ढांचे का विकास और उद्योग को बढ़ावा देना शामिल है। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे.पी.नड्डा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना एक गेमचेंजर साबित होगी और इससे न केवल उद्योग जगत को मदद मिलेगी, बल्कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में इससे एक लंबा फासला तय किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी कहा, ये कदम छोटे लग सकते हैं लेकिन इनके परिणाम बड़े होंगे। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ज़मीनी स्तर पर काम करने वाली सरकार है और पीएलआई योजना भी एक ऐसा कदम है, जिसने कई नए रास्ते खोले हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक शुरुआत है। नड्डा ने इस पहल के लिए फार्मास्यूटिकल्स विभाग को बधाई दी और योजना की सफलता के लिए उद्योग जगत से समर्थन मांगा। केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री ने उद्योग जगत से इस योजना का सही ढंग से उपयोग करने की अपील की और उद्योग जगत को सरकार की तरफ से हर तरह की मदद का आश्वासन दिया और कहा कि विभाग हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए मौजूद है। इस अवसर पर रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा, कि इस योजना से चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि चिकित्सा उपकरण आज के वक्त में स्वास्थ्य सेवा उद्योग का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन गया है और हम उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में मौजूद पाते हैं। सभी इसके महत्व से अवगत है, क्योंकि इनकी मांग लगातार बढ़ रही है।

# विशेष मेडिकल कैंप में यूडीआईडी दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए 96 दिव्यांग हुए चिन्हित



पायनियर संवाददाता ➤ सारंगढ़/बिलाईगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से सक्षम शनिवार अंतर्गत दिव्यांगों के लिए विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन सिविल अस्पताल सारंगढ़ में किया गया। इस कैंप के कुल 121 पंजीयन में 96 दिव्यांग यूडीआईडी के लिए चिन्हित हुए, जिसमें दृष्टि बाधित के 15, अस्थि बाधित के 51, मानसिक मंद बुद्धि के 5, श्रवण बाधित के 15, सिकलसेल के 2 और सेरेब्रल पल्सी के 8 दिव्यांग शामिल है। इस कैंप में मेडिकल बोर्ड रायगढ़ के डॉक्टरगण, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, सीएमएचओ डॉक्टर एफ आर निराला, डीपीएम एन एल इजारदार का सराहनीय योगदान है। इस कैंप में दिव्यांग जनों का यूडीआईडी हेतु आकलन सह प्रमाणीकरण कार्य किया गया। अब भविष्य में दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र प्राप्त हो पाएगा, जिससे केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ दिव्यांगों को मिल पाएगा।

# दिव्यांग की मदद के लिए सभी समाज के युवाओं ने बढ़ाया हाथ, ट्राइसिकल खरीद किया भेट

पायनियर संवाददाता ➤ पाटन
www.dailypioneer.com



पाटन ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत तरीघाट निवासी जया खुटियारे बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा है ये बचपन से दोनो पैर से दिव्यांग है। वह तरीघाट से पाटन बस स्टैंड तक बस से सफर तय करती है लेकिन बस स्टैंड से कालेज की दूरी एक किलोमीटर है वहा तक पैदल सफर तय करने में जया को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा था। शासन प्रशासन से विगत दो वर्ष से ट्राइसिकल के लिए गुहार लगा रही थी लेकिन दिव्यांग प्रमाणपत्र में प्रतिशत कम होने की वजह से शासन से लाभ नही मिल पाया। जया के माता पिता काफी गरीब है मजदूरी कर जीवन यापन कर अपनी दिव्यांग बच्ची को पढ़ा कर उनका भविष्य उज्ज्वल बनाना चाहते है जया अपना जीवन अच्छी शिक्षा हासिल कर संवारना चाह रही है लेकिन हालात के सामने नतमस्तक है। उक्त मामले की जानकारी राज प्रधान कुर्मी समाज पाटन राज युगल किशोर आडिल को समाचार पत्र के माध्यम से होने पर सतनामी समाज के युवा राजेंद्र बघेल से चर्चा कर जया को बैटरी वाली ट्राइसिकल देने की सहमति बनी और दोनो ने मिलकर सभी समाज के जनप्रतिनिधि व्यापारी और नौकरी पेशा युवाओं से मदद की अपील की। जया खुटियारे की मदद के लिए सभी समाज के लोग सामने आए और 42000 इकट्ठा कर ट्राइसिकल खरीद कर भेट किया। ट्राइसिकल मिलने से जया खुटियारे को अब कालेज आने जाने में कोई परेशानी नहीं होगी और गरीबी शिक्षा में बाधक नही बनेगा। सहयोग करने वालो में युगल किशोर आडिल राज प्रधान मनवा कुर्मी समाज पाटन राज राजेंद्र बघेल समाज सेवी प्रदीप वर्मा सत्य मार्ग देव साहू देव टी वी एस पाटन मनोज साहू गायत्री मेडिकल पाटन प्रेम वर्मा वर्मा बोरवेल्स पाटन चुम्मन सिन्हा सिन्हा हार्डवेयर जलज सावर्णी भूपेश शर्मा कृष्णा स्वीट्स पाटन चंद्रशेखर देवांगन अतिथि शिक्षक जेपी चाय पाटन मोती बघेल शेखर वर्मा सरपंच चंगोरी मुकेश अहिर जितेश वर्मा राकेश आडिल सरपंच कसही नीलमणि वर्मा मुरली प्रसाद साहू अशोक साहू सरपंच तरीघाट मनीष पटेल सरपंच तेलीगुंड्रा किशोर मेडिकल पांडे मेडिकल नरेश महतो पंचायत सचिव धर्मेंद्र वर्मा पंचायत सचिव प्रदीप चंद्राकार पंचायत सचिव नागेंद्र यादव अमित सेलून तजेंद्र सिन्हा आशीष वर्मा हेमंत बघेल शिक्षक बिरेंद्र ठाकुर समिति प्रबंधक वर्मा चाय पाटन प्रायुष बघेल ओम प्रकाश अवसर यू ट्यूबर एवम सत्य मार्ग सेवा वेल फेयर सोसाइटी अम्लेश्वर का विशेष सहयोग रहा।

# मल्टीग्रेन दलिया से कुपोषण और एनीमिया को मिल रही मात

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




दंतेवाड़ा जिले में कुपोषण और एनीमिया एक बड़ी समस्या रही है। इसको देखते हुए जिला प्रशासन की विशेष पहल पर सुपोषण योजना के तहत आंगनबाड़ी के बच्चों को मल्टीग्रेन दलिया दिए जाने की अभिनव पहल के बड़े ही सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। जिले में बीते अप्रैल माह में कुल कुपोषित बच्चों की संख्या 8082 थी, जो अब घटकर 6969 रह गई है। इसको देखते हुए यह उम्मीद है कि निकट भविष्य में दंतेवाड़ा जिले में कुपोषण और एनीमिया को न्यूनतम स्तर लाने में मल्टीग्रेन दलिया का उपयोग कारगर सिद्ध होगा। यह मल्टीग्रेन दलिया रागी, कोदो, कोसरा, बाजरा, ज्वार आदि से स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार कर आंगनबाड़ियों को प्रदाय किया जा रहा है। राष्ट्रीय पोषण माह में मल्टीग्रेन दलिया नियद नेल्लानार के ग्राम गमावाडा एवं धुरली के आंगनबाड़ी केंद्र में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र बंद होने के समय अर्थात 3 बजे के आसपास खिचड़ी या हलवा के रूप में बनाकर दिया जाता है, जिससे आंगनबाड़ी केन्द्र से प्राप्त गर्म भोजन व घर में मिलने वाले शाम के भोजन के बीच में ''न्यूट्रिशनल गैप'' को पूरा करती है। मल्टीग्रेन दलिया पौष्टिक होने के साथ-साथ बच्चों को खाने में पसंद है। जिसके कारण आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है। इसके चलते ''अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेषन'' (ईसीसीई) गतिविधियों के क्रियान्वयन भी कारगर साबित हुआ है। दंतेवाड़ा जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में मिलेट आधारित दलिया को मिड-डे मील के रूप में शामिल किया गया है। बच्चों और उनके माता-पिता से मिले सकारात्मक फीडबैक ने इस योजना की सफलता को और भी ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। बच्चों में पहले की तुलना में अधिक ऊर्जा, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता और शारीरिक विकास में तेजी देखी गई है। गौरतबल है कि मिलेट्स के पोषक तत्वों एवं स्वास्थ्यवर्धक गुणों से पूरे देश-दुनिया परिचित हो चुकी है। जब से देश में चावल, गेहूं की भरपूर पैदावार होने लगी, तब से मिलेट्स यानि मोटे अनाजों से लोगों ने मुहं मोड़ लिया था। देश-दुनिया को मोटे अनाजों की पौष्टिकता, इसमें विद्यमान मल्टी विटामिन्स तथा कई रोगो के प्रति प्रतिरोधक क्षमता का पता लगा है, तब से उसके उपयोग को बढ़ावा मिला है। मोटा अनाज अब श्री अन्न कहा जाने लगा है। मिलेट्स सभी के लिए सुपाच्य एवं मरीजों के विभिन्न व्याधियों में फायदेमंद इस अनाज की मांग अब एकाएक बढ़ चुकी है। खास तौर पर महिलाओं एवं बच्चों के सेहत के लिए इसका उपभोग लाभकारी है।

# भारत स्काउट एवं गाइड संघ द्वितीय/तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच महाशिविर मे विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सावित्रीपुर में भारत स्काउट एवं गाइड संघ के द्वितीय व तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। मिस्टर एंड मिसेज बेडेन पावेल के छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों एवं पदाधिकारियों का स्वागत स्कार्फ से किया गया। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड सेवा का एक माध्यम है। इसके माध्यम से मानवता के अनेकों कार्य किए जाते हैं। संघ इन्हीं गतिविधियों को आगे बढ़ाने का काम करता है। स्काउट गाइडस समाज के पथ प्रदर्शक के रूप में अग्र पंक्ति में खड़े होने वाले आदर्श होते हैं, जो रोल मॉडल की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने स्काउट गाइड के महत्व को बताते हुए कहा कि यह संगठन बच्चों में चरित्र निर्माण एवं सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाली एक महत्वपूर्ण संगठन है। स्काउटिंग सेवा भाव जागृत करता है यह समाज में एक बेहतर वातावरण तैयार करने हेतु आवश्यक है। स्काउट संघ नैतिक मूल्यों की वृद्धि के साथ जीवन को आदर्श बनाने के लिए यह संगठन कार्य करता है। स्काउट गाइड से अनुशासन का बोध होता है और अनुशासन में रहकर कार्य करने पर सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे शिविर के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा शिविरार्थियों को स्काउटिंग क्या है,नियम,प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना,राष्ट्रगान,बच्चों में चारित्रिक विकास, विकासात्मक प्रशिक्षण बालकों की विकासात्मक वेस्को की प्रशिक्षण, सिगनलिंग, मैपिंग, हैकिंग, नोटिंग, प्राथमिक चिकित्सा, दल संचालन, ग्रुप प्रणाली, टोली विधि, के बारे में जानकारी दिया गया। भारत में स्काउटिंग की शुरुआत साल 1909 में हुई थी। भारत स्काउट गाइड का प्रतीक चिह्न तिपतिया घास पर लगा हुआ एक पुष्प-पत्ती है। भारत स्काउट गाइड का मकसद मानवजाति की सेवा और प्रकृति के संरक्षण के लिए तैयार रहना है। स्काउट गाइड से जुड़ी गतिविधियों से छात्र-छात्राओं के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, और भावनात्मक विकास में मदद मिलती है। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, पूर्व मण्डी पिथौरा अध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल, स्काउट एवं गाइड संघ पिथौरा अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, भाजपा मण्डल पिथौरा अध्यक्ष नरेश सिंघल, भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, निज सचिव नरेन्द्र बोरे, विधायक प्रतिनिधिगण छबीलाल रात्रे, सुमित अग्रवाल, विजयराज पटेल, सोनू छाबड़ा, दिलीप निषाद, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री गणेश पटेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश विशाल, जनपद सदस्यगण पुरुषोत्तम धृतलहरें, आरती रात्रे, सरपंच शिवकुमारी मानिकपुरी, संजय गोयल, प्राचार्य पी सिदार, स्काउट एवं गाइड जिला उपाध्यक्षगण आनंद साहू, जय पवार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त लीलिमा साहू, जिला पर्यवेक्षकगण संतोष कुमार साहू, शैलेन्द्र कुमार नायक, शिविर संचालक रामकुमार नायक, क्वाटर मास्टर नरेश कुमार नायक, स्काउटरगण राजीव तिवारी, दिलीप निषाद, गाइडरगण सुकांति नायक, दीपिका देवांगन, चंद्रिका साहू आदि मौजूद रहे।

# आरोग्य धाम पॉलीक्लिनिक में नेत्र जांच सुविधा का हुआ शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

आरकेटीसी समूह और भजनका सेवा समिति के सहयोग से संचालित चैरिटी हॉस्पिटल आरोग्य धाम पॉलीक्लिनिक ने अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुएअ नेत्र जाँच सुविधा की शुरुआत करी है। इस शुभ अवसर पर प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जे.के. दानी ने नेत्र विभाग का उद्घाटन किया और इसे जनसेवा के लिए समर्पित किया। आरोग्य धाम पॉली क्लिनिक के इस कदम की सराहना करते हुए इसे समाज के स्वास्थ्य में एक महत्वपूर्ण योगदान बताया। जानकारी देते हुए बताया गया हैं की आरोग्य धाम पॉली क्लिनिक का उद्देश्य कम आय वाले, जरूरतमंद और पिछड़े तबके को गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है। यहाँ पर मरीजों को चैरिटी दरों पर डॉक्टरी परामर्श उपलब्ध है, साथ ही पैथोलॉजी लैब की सेवाएँ भी अत्यंत चैरिटेबल दरों पर प्रदान की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, जेनेरिक मेडिसिन उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि मरीजों को इलाज में किसी भी तरह की आर्थिक बाधा न आए। नेत्र विभाग में नई सेवाएँ अब आरोग्य धाम पॉली क्लिनिक में नेत्र जाँच की सेवा भी उपलब्ध है। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जे.के. दानी हर मंगलवार को शाम 6 बजे से 8 बजे तक यहाँ उपस्थित रहेंगे और मरीजों को अपनी विशेषज्ञता से लाभान्वित करेंगे। यह सेवा विशेष रूप से उन मरीजों के लिए फायदेमंद है जिन्हें नियमित नेत्र जाँच और इलाज की जरूरत है। डॉक्टर की अनुभवी देखरेख में यहाँ आँखों से संबंधित विभिन्न समस्याओं का इलाज चैरिटी दरों पर किया जाएगा। नेत्र विभाग के प्रमुख पुष्पराज यादव ने बताया कि नजर के चश्मों के फ्रेम और लेंस भी अब चैरिटेबल दरों पर उपलब्ध होंगे। उन्होंने यह भी साझा किया कि जरूरतमंदों के लिए ये सेवाएँ अत्यधिक सुलभ और किफायती होंगी।जिससे आम जनता को उच्च गुणवत्ता की नेत्र देखभाल मिल सके। आरोग्य धाम पॉली क्लिनिक का उद्देश्य इन सेवाओं के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं में जागरूकता फैलाना और नेत्र देखभाल को सभी के लिए पहुँच में बनाना है। इस अवसर पर डॉ. बी.बी. बोर्डे ने आरोग्य धाम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आरोग्य धाम पॉली क्लिनिक की यह नई नेत्र जाँच सुविधा समाज के उन वर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी होगी, जो महंगी चिकित्सा सेवाओं तक नहीं पहुँच सकते। वहीं सीए आशीष खेतान ने भी क्लिनिक की चैरिटी सेवा का समर्थन करते हुए कहा कि आरोग्य धाम का यह प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

# श्वेता नर्सिंग होम में बच्चों की निःशुल्क ओपीडी व चित्रकला प्रतियोगिता 14 को

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर 14 नवंबर 2024 को बाल दिवस के उपलक्ष्य में श्वेता नर्सिंग होम (एस.एन.एच.) कोरबा ग्रुप, पावर हाउस रोड कोरबा द्वारा बच्चों के लिए निःशुल्क चिकित्सा परामर्श ओ.पी.डी की सेवा दी जाएगी जो प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक व सायं 6 बजे से रात 8 बजे तक उपलब्ध होगी। साथ ही साथ एस.एन.एच. कोरबा ग्रुप बाल दिवस पर नन्हें प्रतिभाशाली बच्चों के लिए श्कार्टून चित्रकला प्रतियोगिताश् आयोजित करेगी जिसमें जीतने वाले चुनिंदा प्रतिभागियों को एस.एन.एच. ग्रुप की तरफ से आकर्षक उपहार दिया जाएगा। ग्रुप के चेयरमैन डॉ. बीडी अग्रवाल ने बताया कि प्रथम उपहार 3100 रुपए नगद,द्वितीय उपहार 2100 रुपए नगद व तृतीय उपहार 1100 रुपए नगद दिया जाएगा। जीतने वाले प्रतिभागियों को 14 नवंबर 2024 को दोपहर 1रू30 बजे श्वेता नर्सिंग होम, कोरबा में निर्धारित पुरस्कार के साथ, चेयरमेन डॉ. बी.डी. अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के नियम में चित्रकला का विषय है बच्चों के पसंद का कोई भी कार्टून कैरेक्टर। प्रतिभागी एक ड्राइंग शीट पर अपनी बनाई हुई चित्रकला पेंटिंग, अंतिम तिथि 13 नवंबर शाम 6 बजे तक श्वेता नर्सिंग होम, सुनालिया पुल के पास, कोरबा के रिसेप्शन काउंटर में जमा कर सकते हैं। भाग लेने वाले प्रतिभागियों की उम्र सीमा 5 वर्ष से 15 वर्ष। निर्णायक समिति द्वारा जारी किया गया परिणाम अंतिम व सर्वमान्य होगा।

# पीएमश्री स्कूल में गढ़ा जा रहा है छत्तीसगढ़ का स्वर्णिम भविष्य

## बच्चों की मुस्कान कर रही है स्कूल के खुशनुमा माहौल का बयान, सर्वसुविधायुक्त स्कूल का सपना हो रहा है साकार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा स्कूली बच्चों के समग्र विकास के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। राज्य में पीएमश्री योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य के 341 स्कूलों में शिक्षा और अध्ययन-अध्यापन का माहौल बेहतर हो रहा है। पीएमश्री योजना में शामिल राजनांदगांव जिले के 11 स्कूलों का न सिर्फ कायाकल्प हुआ है, बल्कि वहां अध्ययन-अध्यापन को लेकर बेहतर माहौल बना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई पीएमश्री योजना अंतर्गत स्कूली बच्चों के भविष्य को गढने एवं तराशने का कार्य किया जा रहा है। पीएमश्री योजना में शामिल राजनांदगांव जिले की डुन्डेरा शासकीय प्राथमिक शाला, इस योजना की सफलता की एक बानगी मात्र है। पीएमश्री योजना के माध्यम से इस शाला के कायाकल्प को देखकर ही सुखद अनुभूति होती है। इसका एहसास यहां के स्कूली बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान को देखकर सहज ही होता है। पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा में पढने वाले बच्चों की मुस्कान स्कूल के खुशनुमा माहौल को बयान करती है। सर्वसुविधायुक्त स्कूल की परिकल्पना प्राथमिक शाला डुंडेरा में सार्थक हुई है, जहां न केवल बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है बल्कि बच्चों को पीएमश्री पौष्टिक आहार भी दिया जा रहा है। पीएमश्री योजना के तहत लगभग 4 लाख 15 हजार रूपए की राशि से पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा का कायाकल्प किया गया है। इस स्कूल को ग्रीन स्कूल की तर्ज पर विकसित किया गया है। स्वच्छ और हरे-भरे वातावरण के लिए स्कूल परिसर में पौधे रोपित किए गए हैं। स्कूल के फर्श पर सुन्दर टाइल्स लगाए गये है। दीवारों पर ज्ञानवर्धक खूबसूरत पेटिंग बनाई गई हैं। पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा में बच्चों के लिए संगीत, विभिन्न खेल गतिविधियां तथा व्यक्तित्व विकास हेतु अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए वाटर फिल्टर लगाया गया है। बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण भी समय-समय पर कराया जाता है। स्कूल में 109 बच्चे अध्ययनरत है। यहां स्मार्ट क्लास, खेल मैदान, म्यूजिक क्लास रूम, मध्यान्ह भोजन की सुविधा है। स्कूल में पीएमश्री मुस्कान पुस्तकालय भी है, जहां दीवारों में उकेरी गई पेंटिग तथा प्रेरक पंक्तियां बच्चों को पाठ्य पुस्तकों को पढने के लिए प्रेरित करती हैं। लाईब्रेरी में मिसाईल मैन एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पंक्तियां एक अच्छी पुस्तक हजार दोस्तों के बराबर होती है, जबकि एक अच्छा दोस्त एक लाईब्रेरी के बराबर होता है, जैसी प्रेरणादायक पंक्तियां लिखी हुई है। स्कूल में बच्चों के लिए पर्याप्त खेल सामग्री एवं म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट उपलब्ध है। सोमवार से शनिवार तक दोपहर 1 बजे भोजन दिया जाता है, साथ ही बच्चों को खेल सामग्री भी प्रदान की जाती है। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 11 पीएमश्री स्कूल हैं, जहां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नई पहल की जा रही है। राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू कर किया गया है।

# चुनाव में आरक्षण पर टकराव... एसटी ने खुज्जी विस की सभी जिला पंचायतों पर दावा ठोका, छुरिया नपं भी आरक्षित करने की मांग

## नई आरक्षण व्यवस्था की मांग कर रहा सर्व आदिवासी समाज, बदलेगा सियासी गणित

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ओबीसी सर्वे और आरक्षण के सरकार के फैसले के बाद अब आदिवासी समाज अपना हक मांगने की लड़ाई में कूद चुका है। एकजुट हुए सर्व आदिवासी समाज के नेताओं ने ट्राइब के पुराने आंकड़ों को सामने रखकर उन्हें अनुपात अनुसार कम आरक्षण दिए जाने का आरोप मढ़ दिया है। वे मांग कर रहें हैं कि उन्हें भी नई आरक्षण व्यवस्था दी जाए। यही नहीं आदिवासी समाज राजनांदगांव जिले में परिसीमन उपरांत गठित नए 13 जिला पंचायत क्षेत्र में 3 जिला पंचायत क्षेत्र व एक नगरीय निकाय क्षेत्र के आदिवासी आरक्षण की मांग कर रहे हैं। त्रिस्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव में अपने प्रतिनिधित्व बढ़ाने की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने ताल ठोकी है। समाज ने 08 नवंबर को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इसमें उन्होंने मांग की है कि नवगठित जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 बम्हनी चारभांठा, क्रमांक 12 गैंदाटोला और क्रमांक 14 कुमर्दा को आदिवासी के लिए आरक्षित किया जाए। उन्होंने छुरिया नगर पंचायत को भी आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित किए जाने की मांग रखी है। इन मांगों को लेकर समाज की अपनी दलील है। समाज के नेताओं का कहना है कि, जिले में अनुसूचित जनजाति समुदाय की संख्या 65 प्रतिशत से अधिक है। फिर भी उन्हें समुचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। वे ओबीसी सर्वे को ही आधार बनाकर दावा कर रहे हैं कि चुनाव में उनके आरक्षण के लिए जब 2024 के सर्वे को आधार माना जा रहा है तो हमें 2011 की जनगणना के तौर पर आरक्षण क्यूं।



### 4 घंटे चली बैठक में बनी रणनीति

सर्व आदिवासी समाज के मंच पर आदिवासी समुदाय के सभी वर्गों नेता जुटे। 10 नवंबर को राजनांदगांव के रेवाडीह में कंवर धर्मशाला में इनकी बैठक हुई। 4 घंटे तक चली बैठक में आपसी चर्चा में सामाजिक नेताओं और प्रतिनिधियों ने आगे की रणनीति बनाई है। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जसवंत गावड़े ने कहा कि, हम स्पष्ट हैं। हमने अपनी मांगे प्रशासन के सामने रख दी है। अगर उसे नहीं माना गया तो हम हक की लड़ाई लड़ेंगे।

### खुज्जी विधानसभा में आदिवासी वर्ग का दावा!

आदिवासी समाज ने जिन तीन जिला पंचायत क्षेत्र में दावेदारी ठोकी है वह तीनों ही खुज्जी विधानसभा में शामिल है। छुरिया नगर पंचायत भी खुज्जी विधानसभा में ही है। अगर आदिवासियों की मांग पर उन्हें यह आरक्षण मिल जाता है तो भविष्य में खुज्जी विधानसभा में भी आदिवासी वर्ग की दावेदारी को बल मिलेगा। यह विधानसभा क्षेत्र हमेशा ही ओबीसी वर्ग की सबसे सुरक्षित सीट रही है लेकिन आदिवासी समाज इसमें सेंध लगा सकता है।

### ओबीसी, एससी से पिछड़ा एसटी वर्ग

एसटी वर्ग के नेताओं की दलील है कि नगरीय निकायों में एससी को डोंगरगढ़ की सीट मिली हुई है। यहां विधानसभा और नगर पालिक में उन्हें आरक्षण प्राप्त है। ओबीसी वर्ग को कई जगहों पर प्रतिनिधित्व मिलता है। लेकिन राजनांदगांव जिले से मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अलग होने के बाद उन्हें राजनांदगांव जिले में किसी विधानसभा में उन्हें आरक्षण नहीं मिला है। निकाय में शुरुआत से उनके प्रतिनिधित्व को नज़र अंदाज किया जा रहा है।

सरकार और प्रशासन के जनसंख्या के आंकड़े विश्वसनीय नहीं है। हमें आरक्षण की नई व्यवस्था और पंचायतों, निकायों में अपना प्रतिनिधित्व चाहिए जिसके लिए समाज ने अपनी मांग रखी है। अनुसूचित जनजाति में शामिल एक दर्जन से अधिक वर्ग के समाज के पास अपना डेटा है। हमारी मांगे सरकार को माननी ही चाहिए। हमने आगे प्रदर्शन की रणनीति तैयार कर ली है। हक की लड़ाई लड़ेंगे।



## बैठक में नहीं आए तो समाज से निकाला, विरोध करने पर पिटाई की

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ के ग्राम भोथली में सामाजिक बैठक में एक परिवार से मारपीट का मामला सामने आया है। प्रकरण में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि कुछ सामाजिक लोगों ने उसके परिवार को समाज से बाहर कर दिया। जब उसने बैठक में इसका विरोध किया तो उसे पिता और उसके भाई के साथ पीटा गया।

**पुलिस ने दर्ज किया अपराध, बाप-बेटों से हुई मारपीट**

पीड़ित टकेश्वर देवांगन के मुताबिक, 8 नवंबर को गांव में सामाजिक बैठक रखी गई थी। बैठक में वह अपने पिता दीनाराम देवांगन और छोटे भाई ढालचंद देवांगन के साथ पहुंचा था। मींटिग में समाज अध्यक्ष बालाराम देवांगन से पीड़ित ने उसके परिवार को समाज से बाहर किए जाने का कारण पूछा। बालाराम देवांगन ने उन्हें 7 नवंबर को बैठक में शामिल न होने पर बाहर किए जाने की बात कही। उनसे समाज के लोगों को मेल मिलाप करने से मना किए जाने की बात भी कही गई।

पीड़ित ने शिकायत में बताया है कि, जब उसने अध्यक्ष से तुम कौन होते हो हमें समाज से अलग करने वाला कहा तो बालाराम देवांगन भड़क गया और जान से मारने की धमकी देकर उसकी पिटाई की। जब दीनाराम देवांगन और ढालचंद ने बीच बचाव की कोशिश की तो बालाराम और संजय देवांगन लाठी डंडे से उन्हें मारा। अनुरूध देवांगन और थानेश्वर देवांगन ने भी मारपीट की। आखिर में बैठक में मौजूद लोगों ने उन्हें बचाया। मारपीट में सभी को चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# श्याम प्रभु के जन्मोत्सव के दूसरे दिन आज निकलेगी भव्य निशान यात्रा

■ रसिया ग्रुप चंग धमाल होगा आकर्षण का मुख्य केंद्र

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर आयोजित चार दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन आज निशान यात्रा रामाधीन मार्ग स्थित श्री श्याम कुटी से प्रारंभ होगी। सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति एवं युवा शक्ति के द्वारा अपने हाथों में धर्म ध्वजा निशान उठाए जाएंगे। निशान यात्रा शाम 5:00 बजे प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री हनुमान श्याम मंदिर जी ई रोड रायपुर नाका पहुंचेगी। श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा जारी जानकारी अनुसार खाटू वाले श्याम प्रभु के चार दिवसीय जन्मोत्सव के प्रथम दिवस 10 नवंबर को श्याम नाम की मेहंदी सैकड़ो माता - बहनों एवं बंधुओ ने अपने हाथ में रचवाकर श्याम प्रभु के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। 11 नवंबर को श्याम प्रभु की भव्य निशान यात्रा श्री श्याम कुटी रामाधीन मार्ग से प्रारंभ होकर श्याम मंदिर गली से कामठी लाइन होते हुए भारत माता चौक, तिरंगा चौक से रामाधीन मार्ग , जी ई रोड होते हुए श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंचेगी। यहां भक्तों के द्वारा उठाए गए निशान श्याम प्रभु को समर्पित किया जाएगा। निशान यात्रा में श्याम प्रभु की विशेष अलौकिक दर्शनीय झांकी प्रस्तुत की जाएगी। इस निशान यात्रा का विशेष आकर्षण कोलकाता के रसिया ग्रुप चंग धमाल का होगा ,जो नगर में पहली बार प्रदर्शित हो रहा है। चंग धमाल की मस्ती में श्रद्धालु भक्त माता - बहने एवं बंधु गण हाथों में धर्म ध्वजा लहराते नृत्य करते हुए निशान यात्रा में सम्मिलित होंगे।



## आंगनबाड़ी से राशन बर्तन चोरी

**राजनांदगांव।** खैरागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खजरी में चोरों ने आंगनबाड़ी का ताला तोड़कर राशन सहित बर्तनों की चोरी कर ली। मामले की शिकायत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने पुलिस में दर्ज कराई है। डाक्टरीन मारिया (44) ने पुलिस को सूचना दी कि, वह 7 नवंबर को आंगनबाड़ी में रोज की तरह 3:30 बजे ताला लगाकर घर चली गई थी। दूसरे दिन वह खैरागढ में धरना प्रदर्शन में आई थी। 9 नवंबर रोज की तरह 9:30 बजे आंगनबाड़ी क्रमांक 01 की सहायिका हुलिया बाई ठाकुर जब आंगनबाड़ी खोलने पहुंची तो भवन के सभी ताले टूटे हुए थे। भीतर रखा बच्चों का पोषण आहार जिसमें एक क्विंटल चांवल कीमती, अरहर की दाल, आटा, खाने का तेल, टुल्लू पंप एवं खाने बनाने के बर्तन को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

# घुमका नगर पंचायत या ग्राम पंचायत स्पष्ट करें सरकार : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की अंधेरगर्दी को फिर से रेखांकित करते हुए कहा कि, जिला पंचायत के नवीन परिसीमन में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 के रूप घुमका को दर्शित किया गया है। घुमका सहित 30 ग्रामों को इस क्षेत्र में समाहित किया गया है। इससे यह साबित होता है कि घुमका प्रशासनिक दृष्टि में नगर पंचायत नहीं है या पंचायती राज के प्रति सरकार गंभीर नहीं है। साथ ही प्रशासनिक अधिकारी, सरकार, पूर्व मुख्यमंत्री, नगरीय निकाय मंत्री को बौना साबित कर रहे हैं क्योंकि जब ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि मंडल ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से नगर पंचायत के विषय में चर्चा की थी तो मंत्री ने तत्काल घोषणा की बात की थी।



उन्होंने कहा कि, भाजपा के नुमाइंदे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के पास जाकर घुमका को नगर पंचायत घोषित करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए वाहवाही लूटे चुके हैं। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने विधि,नगरीय प्रशासन मंत्री की घोषणा को और डॉ रमन सिंह की घोषणा को रद्दी की टोकरी में डालकर एक प्रकार से प्रशासनिक आतंकवाद का प्रमाण दिया है। कांग्रेस शासन में घुमका नगर पंचायत घोषित होकर राजपत्र में समाहित क्षेत्र के लिए दावा आपत्ति कार्यवाही प्रगति पर थी। इससे ग्रामवासी खुश थे। अब ग्रामवासी इस पशोपेश में है कि वे नगर पंचायत की खुशी मनाएं या गौरव ग्राम में शराब दुकान खोलने का मातम। क्योंकि जिले के प्रशासनिक अधिकारी को छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की नीति सिद्धांत से कोई सरोकार नहीं है और सरकार भी बेसुध है। अतः सरकार यह स्पष्ट करे कि घुमका नगर पंचायत है या ग्राम पंचायत। यदि नगर पंचायत है तो जिला पंचायत के परिसीमन में उसे कैसे शामिल किया गया।

## अमित नामदेव को मिली कृषि अभियांत्रिकी में डॉक्टरेट की उपाधि



**राजनांदगांव।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर ने कृषि अभियांत्रिकी (कृषि यंत्र एवं शक्ति अभियांत्रिकी) विषय में अमित नामदेव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की हैं। वे स्व. गजेंद्र नामदेव एवं वीणा नामदेव के सुपुत्र है। उनके शोध के प्रमुख सलाहकार डॉ. वी.एम. विक्टर है उनके ही निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण किया। इनके शोध कार्य में सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. आर.के नायक, डॉ. डी. खलखो, डॉ. जी.एल. शर्मा एवं डॉ. ए.के. दवे रहे। इनके पीएचडी शोध का शीर्षक 'प्याज के बीज बुवाई हेतु ट्रैक्टर चलित यंत्र की संरचना एवं विकास' था। वर्तमान में अमित नामदेव रोपण मासिक कृषि पत्रिका के संपादक एवं रोपण पब्लिकेशन के प्रकाशक है।

# चाकू लहराते वायरल हुआ वीडियो, पुलिस ने तीन को दबोचा

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

चाकू लहराकर एक युवक को सड़क पर दौड़ने वाले आरोपियों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी युवकों की इन हरकतों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले में पीड़ित को पुलिस ने तलब किया था। पीड़ित के बयान पर अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि, 08 नवंबर को सोशल मिडिया में एक युवक को तीन बदमाशों पर धारदार हथियार लेकर दौड़ाने का वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस ने इस पर संज्ञान लिया। 10 नवंबर को ही टांकापारा निवासी संतोष तांडी (28) को पुलिस ने बुलाया और उससे पूछताछ की। इस आधार पर आरोपी मोहला-मानपुर का सूरज ठाकुर (35) और संजू मंडावी (27) लखोली और एक नाबालिग के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने इन्हें जब हिरासत में लिया तो उनके कब्जे से धारदार चाकू भी बरामद हुआ। मामले में धारा धारा 296, 115, 351 (2), 3 (5) बीएनएस व आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



# दामाखेड़ा घटना की साहू समाज ने की भर्त्सना

■ तहसील साहू संघ द्वारा सख्त कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




तहसील साहू संघ की विशेष बैठक आहुत की गई। बैठक में कबीरपंथ के गुरू वंशाचार्य प्रकाशमुनि नाम साहेब के आश्रम दामाखेडा मे कुछ असामाजिक तत्वो द्वारा की गई अशोभनीय घटना की तहसील साहू संघ डोंगरगांव ने कड़ी भर्त्सना कर दोषियो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग किए जाने का प्रस्ताव किया।

तहसील साहू संघ के अध्यक्ष हेमंत साहू की अध्यक्षता में कर्मा भवन में आयोजित समाज की विशेष बैठक में तहसील साहू संघ ने नवोदित वंशाचार्य पंथश्री उदितमुनि नाम साहेब के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा किए गए गालीगलौज व अभद्र व्यवहार तथा आश्रम मे बलात प्रवेश करने की कोशिश को गंभीर अपराध मानते हुए शासन प्रशासन से ठोस कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

बैठक में पूर्व जिला महामंत्री व तहसील संरक्षक अमरनाथ साहू, सचिव धनराज साहू, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, सुरेन्द्र साहू, डा प्रेमदास साहू, मूलचंद साहू, सुंदर लाल साहू, दौवा राम साहू, पुरुषोत्तम साहू, हिरदे राम साहू, राधेश्यामं साहू, प्यारेलाल साहू, गोवर्धन साहू, सीएल हिरवानी, कौशल कुमार साहू, पूर्णिमा साहू, उमा बाई साहू सहित अन्य सामाजिकजन उपस्थित थे।

**तपोभूमि : राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन में म्यांमार, वियतनाम, मलेशिया, अमरिका व भारत से सैकड़ों की संख्या में पहुंचे बौद्ध भिक्खु व भिक्खुणी**

# मन की एकाग्रता से अनित्य अनात्म का बोध होता है : भदन्त डॉ. अशिन ओत्तमाथारा

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

चतुर्थ राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन, दिनांक 7 नवम्बर 2024 को तपोभूमि, शिवनाथ नदी तट (ऑक्सीजोन मोहारा) भंवरमरा राजनांदगांव (छ.ग.) स्थित नैसर्गिक वातावरण के बीच पुज्य भदन्त धम्मतप अध्यक्ष मेत्ता संघ व आयोजक राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन तपोभूमि राजनांदगांव के मार्गदर्शन में म्यांमार, वियतनाम, मलेशिया, अमरिका व भारत से सैकड़ों की संख्या में बौद्ध भिक्खु संघ पहुंचा। मुख्य अतिथि पूज्य भदन्त डॉ. अशिन ओत्तमाथारा महाथेरो अध्यक्ष थाब्रावा नेचुरल सेन्टर म्यांमार, आशीर्वादक पुज्य भदन्त आनंद महास्थविर अध्यक्ष अखिल भारतीय भिक्खु महासंघ भारत एवं भिक्खु धम्मतप आयोजक राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन, तपोभूमि राजनांदगांव (छ.ग.) के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भिक्खु धम्मतप जी अध्यक्ष मेत्ता संघ व आयोजक राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन तपोभूमि राजनांदगांव (छ.ग.) ने अपने उपदेश में कहा प्रतिवर्ष शिवनाथ नदी तट स्थित तपोभूमि में राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन भारतीय संविधान निर्माता, बोधिसत्व डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी के प्रथम शाला प्रवेश दिन को आधार मानकर तपोभूमि का निर्माण किया गया है ताकि यहा से ज्ञान, ध्यान का संचार निरन्तर होता रहे। बोधिसत्व डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने लाखों लोगों को बौद्ध धम्म देकर विश्व मैत्री एवं बंधुत्व से जोड़ा है। इस वर्ष डॉ. आम्बेडकर जी के गुरूभूमि म्यांमार से हमारे बिच पुज्य भदन्त डॉ. अशिन ओतमाथारा महाथेरो म्यांमार से पहुंचे है। तपोभूमि की निर्मिति के संबंध में भदन्त जी कहते है अनाथपींडक ने भगवान गौतम बुद्ध के उपदेश को सुनकर भगवान को धम्मदेशना के लिये श्रावस्ती में आमंत्रित किया बुद्ध ने अनाथपींडक को कहे थे धम्मसभा स्थल ना ही गांव के करिब हो, ना ही गांव के दूर हो इसी बात को जानकर अनाथपींडक ने राजकुमार जेत के उद्यान को चयन किये। मैने भी धम्म सुनने समझने की दृष्टि को देखते हुए आध्यात्मिक सुख एवं ध्यान साधना के लिए अनुकुलित जगह जानकर इस ऑंक्सीजोन परिसर का चयन किया हूँ, जो आज तपोभूमि के नाम से जाना जाता है। तपोभूमि भी ना ही गावं के करिब है ना ही दूर है। इस भूमि में मन की एकाग्रता के लिए ध्यान केन्द्र का निर्माण करना चाहते है ताकि सभी जाति धर्म के लोग यहा आकर आध्यात्मिक सुख पा सके एवं अपने मन को एकाग्र कर सके। बौद्ध धम्म के वजह से विश्व शांति, करूणा व मैत्री का पैगाम दुनिया में गया है उसी पैगाम को आपस में बांटने के लिए तपोभूमि में म्यांमार, वियतनाम, मलेशिया, अमरिका एवं भारत से बौद्ध भिक्खु संघ सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर विश्व शांति बंधुत्व व मैत्री का संदेश दिये। विश्व में शांति एवं मानवता का पैगाम देने के उद्देश्य से यह राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन किया गया है यह बौद्ध सम्मेलन राज्य स्तरीय ना होकर अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन हो गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुज्य भदन्त डॉं. अशिन ओत्तमाथारा महाथेरो म्यांमार ने अपने उपदेश में कहा मै सोच रहा था खुली जगह होगी ऊपर एवं चारो तरफ से पंड़ाल से घीरा होगा गरम का वातावरण को सहन करना होगा जब मै यहा पहुंचा तो मुझे बहुत सुकुन महसूस हुआ बुद्ध ऐसी ही जगह पर अपने उपदेश किया करते थे ऐसा मै इस तपोभूमि को देखकर महसूस कर रहा हूँ, मै एक ध्यानी बौद्ध भिक्खु होने के नाते इस नैसर्गिक वातावरण में ध्यान के लिए कितना अच्छा तपोभूमि का परिसर है उसको महसूस कर पा रहा हूँ, मै भिक्खु धम्मतप के निमंत्रण को स्वीकार यहा आया हूँ मै उनके प्रति आशीर्वाद प्रदान करता हूँ।



## ठगी के आरोपियों ने बाइक सवार से की थी यूपीआई से लूटपाट, 3 गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राहगीर को रोककर उससे यूपीआई के माध्यम से लूटपाट करने वाले तीन आरोपी धरे गए हैं। मामला सोमनी थाना क्षेत्र का है। घटना 15 सितंबर की है। टेड़ेसरा में हुई इस वारदात के आरोपियों के खिलाफ पहले भी झाड़-फूंक और इलाज के नाम ठगी और लूटपाट का मामला इसी थाने में दर्ज है। थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि, मामले में सूरज कुमार वर्मा (26) ग्राम कुरूभाठा, राजेश गोड (21) ग्राम टेडेसरा और तारकेश्वर सिंह (34) ग्राम तिलई को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने दुर्ग की ओर टेड़सरा आ रहे एक व्यक्ति से लूटपाट की थी। पीड़ित बाइक सवार को टेड़ेसरा से पहले रोककर आरोपी उसे शराब दुकान की ओर ले गए। जहां सुनसान जगह पर उससे मारपीट की। आरोपियों ने उससे मारपीट की और फिर डरा धमकाकर उसके फोन में यूपीआई एप से पूणे के एक दोस्त के खाते में एक लाख रुपए ट्रांसफर किए कर दिए। घटना के बाद वे फरार हो गए। मामले में पुलिस ने बैंक खाता की जांच, डंप नंबर ट्रेक करने के बाद संदिग्धों की पहचान की और उन्हें हिरासत में लिया। आरोपिया के पास से लूट की 30 हजार रुपए की रकम बरामद की गई है।

# पुलिस की कार्रवाई से बिना हेलमेट वाहन चालकों में हड़कंप दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में पुलिस की सार्थक पहल

## पुलिस अधीक्षक के पदस्थापना के बाद लगातार चेकिंग कार्रवाई में वृद्धि





पायनियर संवाददाता ∢ लवन
www.dailypioneer.com

पुलिस कप्तान के रूप में जब से विजय अग्रवाल की पदस्थापना बलौदाबाजार जिला में हुआ है तब से कानून व्यवस्था में जबरदस्त कसावट देखने को मिल रहा है चाहे यातायात कार्रवाई की बात हो या अवैध कारोबारियों के विरुद्ध सभी तरफ पुलिस की कार्रवाई से चारों तरफ दिखाई दे रहा है। डोंगरीडीह स्थित बस स्टैंड पर विगत कुछ माह से लगातार बिना लाइसेंस ,बिना कागजात बिना हेलमेट एवं तीन सवार सहित माल वाहक गाड़ियों पर यात्रियों से भरी गाड़ियों पर पुलिस की लगातार कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है वहीं इस प्रकार के कार्रवाई से दुर्घटनाओं में भारी मात्रा में गिरावट भी लगातार दर्ज हुई है। लोगों ने पुलिस की चेकिंग कार्रवाई को सही मानते हुए पुलिस अधीक्षक एवं विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए नजर आ रहे हैं। आपको बताते चलें कि डोंगरीडीह बस स्टैंड पर प्रभारी यादव के नेतृत्व में टीम में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 7 हजार से ऊपर समन शुल्क रसीद काटा गया है एवं गाड़ियों को थाना में खड़ा कर अच्छी कार्रवाई का परिचय दिये हैं।



# गायत्री परिवार हनोदा कर रहा राष्ट्र निर्माण की तैयारी

## बच्चों में हो रहा शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमता का विकास



पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com

हनोदा में गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं द्वारा गांव के बच्चों को सुबह सुबह उठाकर एक जगह इकठ्ठा कर योग आसान प्राणायाम दौड़ एवं खेल कराए जाते है जिसमें बच्चों को विभिन्न खेल सिखाए जाते है जो संस्कार युक्त व बौद्धिक क्षमता बढ़ाने में सक्षम हैं जैसे नीर-तीर, गुथम गुथी, हथकड़ी, पिट्ठूल, नमस्ते जी नमस्ते, मेरी गड़ी छूट गई, मै कहता हु, बोलो बच्चे कितने सहित अनेक नए खेल का अभ्यास कराए जाते है जिससे बच्चे स्वस्थ, तेज और प्रसन्न रहते है साथ ही प्राणायाम का अभ्यास भी कराया जाता है। इस वर्ष भी बहुत बच्चों ने भाग लिया लगभग 70 से अधिक बच्चे की भागीदारी रही। गायत्री परिवार बच्चों को भविष्य में श्रेष्ठ कार्य करने हेतु सतत् प्रयास करते रहता है जिसमें नशा मुक्ति रैली, जन जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान, वृक्षा रोपण बाल संस्कार शाला जैसे अनेक योजना बनकर क्रियान्वित करते रहते है जिसका प्रभाव गांव में देखने भी मिलता है ग्राम हनोदा के बच्चे गांव के प्रत्येक अच्छे कार्य में स्वयं से भाग लेते है। युवा टीम लीडर भेष राम पटेल ने कहा ये बच्चे कल राष्ट्र का निर्माण करेंगे इनके कंधों पर बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है जिसके लिए हम बच्चों को शारीरिक एवं बौद्धिक रूप से तैयार कर रहे है जो पुरानी विकृतियों को रोकने व नए चुनौतियों से लड़ने में बच्चों को सहायता होगी। इन बच्चों के प्रभारी के रूप में होमेश कुंभकार, राजीव साहू, यावेंद्र साहू, चंचल पटेल, योगिता साहू सहित युवा टीम लीडर भेषराम पटेल प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# आंवला नवमी के पावन अवसर पर महिलाओं ने की श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना

पायनियर संवाददाता ∢ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



कनहर नदी के तट पर स्थित मां महामाया मंदिर में स्थित आंवले के वृक्ष में महिलाओं ने बड़ा श्रद्धा भाव के साथ पूजा अर्चना के साथ कथा श्रवण कर भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त किया। हिंदू धर्म के मान्यता के अनुसार माता लक्ष्मी ने आंवला वृक्ष की पूजा कर भगवान विष्णु और शिव को प्रसन्न किया था और उनके आशीर्वाद से यह परंपरा चल पड़ी। इस दिन आंवला के वृक्ष के नीचे भोजन बनाकर भगवान शिव और भगवान विष्णु को भोग अर्पित किया गया था और फिर स्वयं भी भोजन किया जाता है तभी से यह परंपरा जारी है। रविवार को महिलाओं ने आंवला नवमी के अवसर पर आंवला वृक्ष की पूजा की। इस मौके पर महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा की। साथ ही आंवला के वृक्ष की 108 बार परिक्रमा की। महिलाओं ने आंवला वृक्ष के समक्ष पूजा कर मनवांछित फल की कामना की और इस व्रत को एक धार्मिक परंपरा के रूप में निभाया। पूजा के बाद महिलाएं ब्राह्मण को श्रृंगार का सामान दान किया। और विनम्रता के साथ प्रणाम कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया वहीं आंवले पेड़ के नीचे भोजन उपरांत सभी महिलाएं एवं परिवार के सदस्य अपने गंतव्य के लिए निकल पड़े।

# हर घर जल से बदली गांव की तस्वीरः बेमेतरा का मोहतरा गांव बना जल जीवन मिशन की सफलता का प्रतीक

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





बेमेतरा जिले के ग्राम पंचायत मोहतरा (ख) में सफलता की एक प्रेरणादायक कहानी लिखी गई है, जहां हर घर जल का सपना अब हकीकत बन गया है। हाल ही में इस गांव में 'हर घर जल उत्सव' का आयोजन हुआ, जिसमें सरपंच गौरी पटेल, सचिव पूनम जायसवाल, और अन्य ग्रामीण जनों की उपस्थिति ने इसे एक विशेष अवसर बना दिया। यह उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि उन सभी ग्रामीणों के लिए गर्व का क्षण था, जिन्होंने जल जीवन मिशन के इस महत्वपूर्ण अभियान का हिस्सा बनकर अपने गांव में एक नया अध्याय लिखा। गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 260 घरों में नल कनेक्शन दिए गए हैं, जिससे अब हर घर में शुद्ध पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। इस काम को अंजाम देने के लिए 3305 मीटर की पाइप लाइन बिछाई गई है, जो गांव के हर कोने तक पानी पहुंचाने का काम करती है। इसके साथ ही, गांव में एक पानी की टंकी का निर्माण भी किया गया है जो जल आपूर्ति का प्रमुख स्रोत है। यह टंकी न केवल गांव के सभी घरों में पानी पहुंचाती है बल्कि यह जल संग्रहण का भी एक बड़ा साधन है, जिससे जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। इस मिशन के लाभों का आनंद लेते हुए, गांव की महिलाएं, विशेष रूप से धन्ना बाई मानिकपुरी और पुष्पा साहू, अत्यंत प्रसन्न हैं। पहले उन्हें पानी के लिए गांव के कुओं या हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे उन्हें न केवल मेहनत करनी पड़ती थी बल्कि अधिक समय भी खर्च करना पड़ता था। घर के अन्य कामकाज में उनकी यह व्यस्तता एक बड़ी चुनौती बन गई थी। लेकिन अब, जब उनके घर के आंगन में ही नल से पानी उपलब्ध है, तो यह उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। अब उन्हें पानी भरने के लिए समय और ऊर्जा की चिंता नहीं करनी पड़ती। जल जीवन मिशन ने न केवल गांव के लोगों को पानी के स्रोत से जोड़ा है, बल्कि स्वास्थ्य और स्वच्छता के स्तर को भी सुधारा है। ग्रामीण अब शुद्ध पानी का सेवन कर रहे हैं, जिससे जलजनित बीमारियों में भी कमी आई है। इसके अलावा, बच्चों और महिलाओं को अब पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती, जिससे वे अपनी पढ़ाई और अन्य कामों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। इस तरह, यह मिशन केवल पानी की उपलब्धता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण ग्रामीण समाज के विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। ग्राम पंचायत मोहतरा (ख) का यह कदम अन्य गांवों के लिए भी एक उदाहरण है। जल जीवन मिशन की यह सफलता बताती है कि जब सामूहिक प्रयास और सरकार की योजनाओं का समन्वय होता है, तो किसी भी समस्या का हल संभव है। इस गांव के लोगों ने दिखा दिया कि छोटी-छोटी मुश्किलों को पार करके एक बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। हर घर जल उत्सव के आयोजन के साथ ही यह संदेश फैलाया गया कि जल संरक्षण की आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी इसका लाभ मिल सके। ग्रामीणों ने एकजुट होकर इस मिशन को सफल बनाया और अपने गांव में एक नई शुरुआत की।

# विवा एसीपी ने क्लैडिंग इनोवेशन में एक नए युग की शुरुआत करते हुए सुपरस्टार अनिल कपूर को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



विवा, एशिया का सबसे बड़ा एल्युमिनियम कंपोजिट पैनल (एसीपी) निर्माता और सप्लायर, सुपरस्टार अनिल कपूर को अपना पहला ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह ऐतिहासिक साझेदारी एसीपी उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिससे विवा को कपूर जैसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के सेलिब्रिटी के साथ सहयोग करने वाला पहला ब्रांड बनाया गया है। अभिनेता का प्रतिष्ठित व्यक्तित्व और बहुमुखी करियर नवीनता और गतिशील ऊर्जा की उसी भावना को दर्शाता है जिसने वास्तुशिल्प डिजाइन में क्रांति लाने में वीवा एसीपी की यात्रा को परिभाषित किया है। दो दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, विवा एसीपी उच्च गुणवत्ता, स्टाइलिश, और टिकाऊ क्लैडिंग समाधानों के लिए मानक स्थापित करता है। यह न केवल भवनों के फसादों को फिर से परिभाषित करता है, बल्कि आधुनिक आंतरिक समाधानों की पेशकश करता है। विवा के उत्पाद अपनी कटिंग-एज तकनीक के लिए जाने जाते हैं, जिसमें 4 रंग कोटिंग जैसी उद्योग की प्रथम नवाचार शामिल हैं। 500 से अधिक शेड्स के साथ, विवा एसीपी आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर्स डिजाइनर्स और प्रोजेक्ट डेवलपर्स के बीच एक शीर्ष पसंद बन गया है। इसकी बहुमुखी प्रतिभा इमारतों से परे फैली हुई है, जो परिवहन और खुदरा जैसे उद्योगों पर प्रभाव डालती है। इस महत्वपूर्ण सहयोग पर टिप्पणी करते हुए, विवा एसीपी के सीएमडी, प्रकाश जैन ने कहा, हमें खुशी है कि हम अनिल कपूर का विवा परिवार में स्वागत कर रहे हैं। उनकी अद्वितीय सफलता, भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, हमारी उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और भारतीय नवाचार को वैश्विक स्तर पर ले जाने के हमारे दृष्टिकोण को दर्शाती है। हम एक साथ मिलकर क्लैडिंग डिजाइन में नए दृष्टिकोणों को प्रेरित करने और एल्युमिनियम कंपोजिट पैनलों की असीम संभावनाओं को उजागर करने का लक्ष्य रखते हैं।

# क्रिश्चन मिशन भूमि पर एसडीएम ने छत्तीसगढ़ डायोसिस के पक्ष में दिया आदेश

- करोड़ो की जमीन के नियमविरूध्द पंजीयन,निर्माण में कांग्रेस नेताओं की संलिप्तता का आरोप

पायनियर संवाददाता ∢ पिथौरा
www.dailypioneer.com



रायपुर क्रिश्चन मिशन भूमि के अवैध सौदे और निर्माण करने वाले लोगो पर कार्रवाई की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ डायोसिस के सचिव नितिन लॉरेंस के नेतृत्व में सैकड़ो लोगो ने पिथौरा में जिला व पुलिस प्रशासन को नामजद शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की जिसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने अविलंब स्टे देने की बात कही और प्रकरण दर्ज करने का आदेश दिया। डायसिस ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव नितिन लॉरेंस ने जानकारी देते हुए बताया बिना चर्च के अनुमति के चन्द्रभूषण जॉसेफ जो कि ग्राम-मेमरा तहसील - पिथौरा का मूल निवासी है, उसे चर्च की जमीन को अपना बताकर अपने पुत्र प्रशील जॉसेफ को गवाह भूपेन्द्र साहू निवासी-बरेकेल, गवाह-जितेन्द्र सिन्हा निवासी-बस्तीपारा पिथौरा की उपस्थिति में उपपंजीयक पिथौरा के समक्ष अर्जीनवीश से तैयार करवाकर दान रजिस्ट्री कराये हैं। पटवारी हल्का नंबर 22/12 ने तहसीलदार पिथौरा के निर्देश पर नजरी नक्शा दान के लिये तैयार किया है, जबकि इन सभी लोगों को चर्च की जमीन पुराना ख.नं. 37 नया ख.नं. 290/1क रकबा -3.092 हे. को बीते 5 अगस्त को पंजीकृत दान पत्र कराने का अधिकार नही था। नगर पंचायत- पिथौरा में चर्च को सूचित किये बिना उक्त दान पत्र के आधार पर चन्द्रभूषण एलियल ने अपने पुत्र प्रशील जोसफ के नाम से नामांतरण आवेदन प्रस्तुत कर भवन कर पंजी में अपना नाम दर्ज करा लिया है, इस प्रकार से चर्च की भूमि को अवैधानिक रूप से पंजीयन कराने में संलग्न दानदाता, दानग्रहिता, पटवारी, तहसीलदार पिथौरा ने भूमि को अंतरित करने का कार्य किया है, एवं नगर पंचायत- पिथौरा ने नगर पालिका अधिनियम धारा-150 अंतर्गत अवैधानिक रूप से नामांतरण किया है, चर्च की भूमि को मौके में पीयुष पिता- नरेश अग्रवाल एवं नरेश पिता- रामधन अग्रवाल और उसका पूरा परिवार मिलकर क्रिश्चयन धर्म की भूमि, भवन को तोड़कर मौके में कब्जा कर अवैध निर्माण कर रहे हैं फर्ज़ी कूटरचित दस्तावेज तयार कर रजिस्ट्री भी करवा लिया गया जिस मे शामिल कुछ कोंग्रेसी भी की नाम जद शिकायत एफ आई आर दर्ज़ करने की मांग की।

# जिला एवं जनपद स्तर पर संविदा रिक्त पदों की कौशल परीक्षा 11 नवंबर को

## साक्षात्कार 13,14 और 18 नवम्बर को होगा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला एवं जनपद स्तर पर संविदा रिक्त पदों के (सहायक प्रोग्रामर-01, विकासखण्ड समन्वयक-01, तकनीकी सहायक-04, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर-02, लेखापाल एवं सहायक ग्रेड-03 का 01 पद) की भर्ती हेतु 25 सितंबर 2024 को वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से 10.10.2024 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके लिए आवेदकों की पात्र/अपात्र सूची को जिले की वेबसाईट में अपलोड कर 28.10.2024 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गयी थी। संबंधित अभ्यर्थियों से पदवार प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण चयन समिति द्वारा किए गए परीक्षण उपरांत पदवार दावा-आपत्ति निराकरण सूची एवं पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची को जिले की वेबसाईट पर 04.11.2024 को अपलोड कर मेरिट सूची पर दावा-आपत्ति 08.11.2024 तक आमंत्रित किया गया था। मेरिट सूची के संबंध में प्राप्त दावा-आपत्ति का चयन समिति के द्वारा किए गए परीक्षण उपरांत दावा-अपात्ति निराकरण, अंतिम मेरिट सूची एवं अंतिम मेरिट सूची अनुसार 1:15 के अनुपात में कौशल परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की वर्गवार/ पदवार सूची का प्रकाशन जिले की वेबसाईट www.bemetara.gov.in पर की गयी है। संबंधित अभ्यर्थियों से पदवार प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण चयन समिति द्वारा किए गए परीक्षण उपरांत पदवार दावा-आपत्ति निराकरण सूची एवं पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची को जिले की इसी वेबसाईट पर की गयी है। मेरिट सूची के संबंध में प्राप्त दावा-आपत्ति का चयन समिति के द्वारा किए गए परीक्षण उपरांत दावा-अपात्ति निराकरण, अंतिम मेरिट सूची एवं अंतिम मेरिट सूची अनुसार 1:15 के अनुपात में कौशल परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की वर्गवार/पदवार सूची का प्रकाशन जिले की वेबसाईट पर किया गया है। उपरोक्तानुसार कौशल परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी अपने समस्त मूल दस्तावेजों के साथ पी.जी. भवन, शासकीय पंडित जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.) में 11.11.2024 को समय सुबह 09:00 बजे से दस्तावेज सत्यापन के लिए एवं कौशल परीक्षा में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में पृथक या व्यक्तिगत रूप से कोई पत्राचार नहीं किया जावेगा। अनुपस्थिति की स्थिति में उम्मीदवारी निरस्त मानी जावेगी। साक्षात्कार लिए जाने वाले पदों हेतु तिथि, समय एवं स्थान क्लेक्ट्रेट जिला बेमेतरा के कक्ष क्रमांक 1 (कलेक्ट्रेट चेम्बर) में होगा। : तकनीकी सहायक (अंतिम मेरिट सूची सिविल के स.क्र. 01 से 30 तक के अभ्यर्थी) 13.11.2024 सुबह 11:00 बजे से, तकनीकी सहायक (अंतिम मेरिट सूची सिविल के स.क्र. 31 से 45 तक के अभ्यर्थी एवं अनुसूचित जाति श्रेणी के सरल क्रमांक 45 के बाद के 15 अभ्यर्थी)विकासखण्ड समन्वयक (अंतिम मेरिट सूची के शुरूआत के 15 अभ्यर्थी) 14.11.2024 सुबह 11:00 बजे से और सहायक प्रोग्रामर (अंतिम मेरिट सूची के शुरूआत के 15 अभ्यर्थी) 18.11.2024 सुबह 11:00 बजे से होगा।

## एम.व्ही.टी. सेंटर में आयोजित हुई पुरस्कार वितरण के कार्यक्रम

# राजहरा में विश्व ओजोन दिवस पर अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित हुई

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर पर्यावरण विभाग, एम.व्ही.टी. सेंटर लौह अयस्क समूह-राजहरा द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता, नारा लेखन एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता के विजेताओं को लौह अयस्क खदान समूह के प्रमुख आर.बी. गहरवार (मुख्य महाप्रबंधक-खदान) द्वारा पुरस्कृत किया गया। एम.व्ही.टी. सेंटर में आयोजित इस पुरस्कार वितरण के कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने पर्यावरण के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को पर्यावरण का चिंतन करना सबसे ज्यादा आवश्यक है, क्योंकि भविष्य में पर्यावरण से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला यदि कोई है, तो वह आज की युवा पीढ़ी ही है। इसलिए इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से जहाँ एक ओर बच्चों और युवाओं में प्रतिस्पर्धा तो होती ही है, साथ-ही-साथ उनका ज्ञानार्जन भी होता है, और विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिताओं से अनेक बातें सीखने को मिलती हैं। गहरवार ने विश्व ओजोन दिवस का महत्त्व बताते हुए आगे कहा कि ओजोन गैस हमारी पृथ्वी के लिए रक्षात्मक छतरी का कार्य करती है, यदि यह छतरी न हो, तो सूर्य से आने वाली पराबैगनी किरणों के प्रभाव से पृथ्वी के जीवों का जीवन मुश्किल में पड़ जाएगा, तथा धरती का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। इसलिए हमें पर्यावरण की रक्षा में हरसंभव कार्य करने चाहिए. इस कार्यक्रम में बिपिन कुमार (महाप्रबंधक-अनुरक्षण एवं सेवाएँ), आर.के. बैनर्जी (सहायक महाप्रबंधक-प्रशिक्षण एवं सुरक्षा), आशुतोष त्रिपाठी (सहायक महाप्रबंधक-झरनदल्ली), नितेश छत्री (वरिष्ठ प्रबंधक) ने भी अपने विचार रखे, जिसमें सबने पर्यावरण के प्रति चिंता प्रकट की। ए.के. सार्वे (उप प्रबंधक-पर्यावरण) ने ओजोन दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता पर जानकारी देते हुए बताया कि राजहरा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय (अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम), निर्मला सीनियर सेकेंडरी स्कूल व डीएव्ही इस्पात सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के लगभग 197 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के भाग लिया. प्रतियोगिता के लिए विषय था जलवायु परिवर्तन को रोकने की कार्यवाही आगे बढ़ाएं।

### इन प्रतियोगिताओं का परिणाम इस प्रकार रहा

वर्ग कक्षा 9 से 12 में चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम हेमंत कुमार (स्वामी आत्मानन्द स्कूल), द्वितीय - निकिता शर्मा (निर्मला स्कूल), तृतीय दीक्षा रामटेके (स्वामी आत्मानन्द स्कूल), नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम निकिता शर्मा (निर्मला स्कूल), द्वितीय भव्यश्री उर्वशा (निर्मला स्कूल), तृतीय हरमन सिंह रूपराये (निर्मला स्कूल), निबंध प्रतियोगिता में प्रथम हिना साहू (स्वामी आत्मानन्द स्कूल), द्वितीय कशिश प्रजापति (स्वामी आत्मानन्द स्कूल), तृतीय तान्या (स्वामी आत्मानन्द स्कूल) वर्ग कक्षा 5 से 8 में चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम सूरज शर्मा (स्वामी आत्मानन्द स्कूल), द्वितीय राहुल कुमार (डीएवी स्कूल), तृतीय वेदांत चौधरी (डीएवी स्कूल), नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम प्रेक्षा ठाकुर (निर्मला स्कूल), द्वितीय के. धनलक्ष्मी (स्वामी आत्मानन्द स्कूल), तृतीय रेहान कोठारी (निर्मला स्कूल), निबंध प्रतियोगिता में प्रथम प्रियांशु निषाद (डीएवी स्कूल), द्वितीय - यश कुमार निर्मलकर (निर्मला स्कूल), तृतीय दीक्षा कोठारी (स्वामी आत्मानन्द स्कूल). कार्यक्रम का सञ्चालन धनराज साहू, कनिष्ठ प्रबंधक (पर्यावरण) ने किया तथा आभार प्रदर्शन आर.के. बैनर्जी ने किया।

# स्काउट गाइड हाइक (सिरपुर) के लिए हुवे रवाना



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के अदेशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी, पदेन जिला आयुक्त स्काउट डॉक्टर कमल कपूर बंजारे के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक व्यक्तिव विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर दिनांक 08 से 10 नवंबर 2024 तक स्थान जलकी सिरपुर जिला महासमुंद में आयोजित किया जा रहा हैं। जिला सचिव सत्यनारायण साहू, जिला संगठन आयुक्त फनेन्द्र लोधी के मार्गदर्शन में जिला - बेमेतरा के विभिन स्कूलों से स्काउट 15, गाइड 14 , 1 स्काउटर, 01 गाइडर कुल 31 सदस्यों की दल जिला प्रभारी स्काउट डॉ धर्मेंद्र वर्मा शा उ मा वि बीजा, जिला प्रभारी गाइड वंदना लावातरे शास. कन्या उ.मा. वि बेरला के नेतृत्व में शिविर के लिए रवाना हुवे। रवानगी के समय जिले के उद्धव साहू, गौकरण पाटिल, ऋषभ राजपूत, लक्ष्मनी साहू स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे।

# पायनियर हलचल...

## कांग्रेस भी गैर ब्राह्मण उम्मीदवार पर ही विचार करेगी?





रायपुर दक्षिण का उप चुनाव कई मायनों में अहम हो गया है। दरअसल इस क्षेत्र में तकरीबन 35 से 40 हजार ब्राह्मण वोटर हैं। सम्भतः इसीलिए ब्राह्मण समाज के लोग भाजपा कार्यालय और कांग्रेस कार्यालय अपने समाज से उम्मीदवार को टिकट देने की मांग करने गए थे। कहते हैं कि भाजपा ने तो, ब्राह्मण समाज को परशुराम भगवान का वंशज बताकर प्रणाम कर लिया, लेकिन कांग्रेस में बात बन गई शायद इसीलिए अकाश शर्मा को दक्षिण उप चुनाव में कैंडीडेट घोषित कर दिया गया। अब आकाश और कांग्रेस को इस समाज से काफी उम्मीदें हैं। हालांकि अब तक इस क्षेत्र के ब्राह्मण वोटर बृजमोहन के साथ खड़े नजर आते रहे हैं, लेकिन इस बार खुद इस समाज के लोग पार्टी दफ्तर जाकर टिकट देने की मांग की थी, ऐसे में आगे क्या होगा फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। रायपुर दक्षिण में पिछले 40 साल से बृजमोहन अग्रवाल बतौर उम्मीदवार और विधायक रहे, लेकिन इस बार विधायक प्रत्याशी के रुप में सुनील सोनी को मैदान में उतारा गया है। यह बात अलग है कि बृजमोहन अपनी कला से जनता तक यह मैसेज देने में सफल हो गए हैं कि चुनाव सुनील नहीं बल्कि वह खुद लड़ रहे हैं। और कांग्रेस यह बताने में कही न कहीं चूक गई है कि कैंडीडेट बृजमोहन अग्रवाल नहीं बल्कि सुनील सोनी हैं। कुल मिलाकर यदि सुनील और बृजमोहन की जीत होती है तो सम्भवतः कांग्रेस भी अब इस समाज से दूरी बनाना पसंद करेगी।

## राज्य औषधि पादप बोर्ड का क्या?




छत्तीसगढ़ राज्य वन संपदा से घिरा हुआ क्षेत्र है, यहां के जंगलों में अनेकों प्रकार के पौधे पाये जाते हैं। वन औषधि की दृष्टि से छत्तीसगढ़ देश का सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। लेकिन यह बोर्ड दम तोड़ते दिख रहा है। राज्य के कितने किसान औषधि का उत्पादन कर रहे हैं ? या खेती की जा रही है? यह कहीं दिखाई नहीं देता। बोर्ड का काम सिर्फ दफ्तर तक सीमित होकर रह गया है, जबकि छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बाहुल्य राज्य में इसकी महती उपयोगिता हो सकती है। नेशनल मेडिशिनल प्लांट बोर्ड के द्वारा अनेको योजनाएं संचालित की जा रही हैं। केन्द्र सरकार राज्यों को इसके लिए भरपूर वित्तीय सहायता देने को तैयार है, सम्भवतः दिया भी जा रहा है। लेकिन इसका लाभ राज्य की जनता को दूर-दूर तक नहीं मिल रहा है। दरअसल पूर्व की कांग्रेस सरकार ने राज्य औषधि पादप बोर्ड के सीइओ के पद पर एक रिटायर्ड आईएफएस जेएसीएस राव की तैनाती की थी, जो सरकार बदलने के बाद भी कुर्सी में विराजमान हैं। पिछले पांच साल में इस बोर्ड में क्या काम हुए? कितने प्रोजैक्ट से यहां के आदिवासी-वनवासी लाभांवित हुए? इसको लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

## सीएम ने जनसंपर्क विभाग की खुले मन से की प्रशंसा



राज्योत्सव की दूसरी संध्या पर छत्तीसगढ़ी रंग में डूबने से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खुद को रोक नहीं पाये। यहीं नहीं मुख्यमंत्री साय मांदर की थाप पर थिरकते नजर आये। मुख्यमंत्री ने जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी की जमकर सराहना की। दरअसल प्रदर्शनी में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का भाषण सुनकर विष्णुदेव साय विभाग की प्रसंशा करने से खुद को रोक नहीं पाये। हालांकि राज्योत्सव के कुछ दिन पहले विभाग में नए कमिश्नर की पदस्थापना की गई थी, लेकिन इस बीच जनसंपर्क विभाग के सचिव का दायित्व संभाल रहे मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद लगातार विभाग की बैठकें लेते रहे, राज्योत्सव की तैयारी में वह खुद डटे रहे। राज्योत्सव के ठीक कुछ दिन पहले ही जनसंपर्क विभाग के नए कमिश्नर डॉ. रवि मित्तल ने पदभार ग्रहण कर दायित्व संभाला था। निश्चित तौर पर डॉ. मित्तल के लिए इस तरह का यह पहला आयोजन रहा, जहां राज्य स्तरीय आयोजन में मुख्यमंत्री ने उनके विभाग की खुले मन से प्रशंसा की।

## ई-कुबेर या ई-सुदामा?


कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, छत्तीसगढ़

नवा रायपुर, दिनांक 30/10/2024

प्रति,
1. समस्त मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय) छत्तीसगढ़
2. समस्त वनमंडलाधिकारी, छत्तीसगढ़

विषय :- दिनांक 04/11/2024 को मुख्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित होने बाबत।

-0-

[illegible]

1. कार्यों की भौतिक एवं आर्थिक प्रगति-प्रपत्र-ए (अक्टूबर 2024 की स्थिति)।
2. वर्तमान E-kuber प्रणाली में आ रही समस्याओं के संबंध में [illegible]
3. ऐसे कार्य जो पूर्ण हो चुके है किन्तु वर्तमान में E-kuber प्रणाली के कारण भुगतान लंबित है, कि जानकारी।
4. [illegible]
5. अन्य विषय।

राज्य में वित्तीय पारर्शिता के लिए ई-कुबेर की व्यवस्था लागू की गई। लेकिन यह ई-कुबेर वन विभाग के लिए ई-सुदामा साबित हो रहा है। दरअसल इस वित्तीय वर्ष के तकरीबन 8 माह बीतने को हैं, लेकिन वन विभाग लाख प्रयत्नों के बाद अब तक बजट का औसत 11 प्रतिशत राशि ही खर्च कर पाया है। इसके लिए विभाग में सिर्फ बैठकों का दौर चल रहा है, लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं मिल पाया है। जिसके कारण फील्ड के काम लगभग ठप्प पड़े हुए हैं, वनांचल में मदजूरों के भुगतान अटके पड़े हुए हैं। इस वित्तीय वर्ष के लिए 4 माह और शेष बचे हैं ऐसे में बजट राशि खर्च करना विभाग के लिए सरदर्द बन गया है। एक ओर जहां अन्य विभाग में बजट की कमी की बात सामने आती है, वहीं इस विभाग में राशि खर्च न होने से विभाग के अफसर परेशान और हलाकान हैं। हालातों को देखकर अब विभाग के अन्दर ई-कुबेर को ई-सुदामा कहा जाने लगा है।

## जबड़ा या गिरेबान



वैशाली नगर से भाजपा विधायक रिकेस सेन ने भरी भीड़ में एक आदमी का जबड़ा पकड़ लिया। अब इसे जबड़ा कहा जाए या गिरेबान मतलब एक ही है। आमतौर पर इस समाज के लोगों की ऐसी तस्वीर देखने को नहीं मिलती, सम्भवतः यह तस्वीर भी छत्तीसगढ़ की राजनीति की विरली तस्वीर है। सेन समाज के लोग अमूमन सहज और सरल स्वभाव के होते हैं, लेकिन रिकेस को इतना गुस्सा क्यों आया? यह तो भाजपा विधायक रिकेस सेन ही जानेंगे। वहीं भाजपा भी अब तक ऐसी राजनीति से परहेज करती रही है, लेकिन रिकेस को लेकर भाजपा खामोश क्यो हैं? कहतें हैं कि नामकरण को लेकर विरोध जताते हुए बड़ी संख्या में लोग विधायक रिकेस सेन के कार्यालय वैशाली नगर पहुंचे थे। लेकिन गुस्से से तमतमाये रिकेस सेन से रहा नहीं गया वह एक व्यक्ति का सार्वजनिक रुप से जबड़ा पकड़ लिए। रिकेस सेन के इस वीडियो के बाद विपक्ष को बैठे- बिठाये मुद्दा मिल गया। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने इस वीडियो को सोसल मीडिया में पोष्ट करते हुए लिखा कि जो व्यक्ति गर्दन पकड़े हुए धमका रहे हैं वो वैशाली नगर के भाजपा विधायक हैं, और जिनसे बात हो रही है वो छत्तीसगढ़ की जनता है। बहरहाल जनता द्वारा चुने गए एक जनप्रतिनिधि का जनता जनार्दन के लिए ऐसा चरित्र कितना वाजिब है? इस पर भाजपा नेताओं को मंथन और चिंतन करने की जरुरत है।

## योगी जी पधारो हमारे राज, सुस्वागतम......



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा के फायरब्रांड नेता हैं। योगी राज में उत्तर प्रदेश की पुलिस लगातार एनकांउटर को लेकर सुर्खियां बटोरती रही है। अब छत्तीसगढ़ पुलिस का भी नाम एनकाउंटर से जुड़ गया है। कानून व्यवस्था के वर्तमान हालातों को देखते हुए यहां की पुलिस के सपनों में योगी राज की गूंज सुनाई देने लगी है। सम्भवतः लगातार कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवाल से निजात पाने पुलिस महकमें द्वारा यह तरकीब निकाली गई है। आमतौर पर इस शांत प्रदेश में एनकांटर जैसी स्थिति पिछले कई वर्षो में निर्मित नहीं हुई। इसके पहले दिग्विजय सरकार के दौरान सदर बजार में हुए एनकाउंटर की खूब वाहवाही मिली थी। तब दहशतगर्द ने प्रदेश में दहशत का महौल बना रखा था। उसके बाद रमन सरकार के 15 साल और भूपेश सरकार के कार्यकाल में भी एनकाउंटर की खबर दूर-दूर तक सुनाई नहीं दी। लेकिन अचानक दुर्ग में हुए एनकाउंटर के बाद लोग कह रहे हैं, योगी जी पधारो हमारे राज, सुस्वागतम.....

editor.pioneerraipur@gmail.com

# 1977-78 में सिलिंग भूमि के रुप में शासन के नाम भूमि विक्रय

## बिना किसी अधिकार व आदेश के सुधार कर सिलिंग भूमियों का विक्रय, जानकारी छुपाने के लिए ही लगभग 20 वर्ष से ग्राम पटपर का मिशल नक्शा लापता

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



पहले के जमाने में राजा महाराजा व जमीदारों का वर्चस्व माना जाता था, जहाँ पर आम गरीब मजदूर किसान इनके जमीन खून पसीना बहाकर मजदूरी करते थे। वहीं उस भूमि पर वह अपना सारा जीवन समर्पित कर देता था परंतु उनके पास अपना कोई जमीन नहीं होता था। जिसे शासन ने बीते समय के साथ सीलिंग भूमि जमीन के रुप में उन्हें प्रदान किया जो कि राजा-महाराजाओं या जमीदारों से प्राप्त भूमि है, जो शासन के अधीन रहती है और जिसका पट्टा जरूरतमंदों को दिया जाता है ताकि वे उस पर खेती कर सकें। इस भूमि को बेचा नहीं जा सकता। यहां किसी तरह की बिल्डिंग नहीं बनाई जा सकती। न ही किसी तरह का व्यवसाय किया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पटपर के बी-1. वर्ष 1977-78 में सिलिंग भूमि के रूप में शासन के नाम दर्ज रही भूमियाँ है रकबा कमशः- 0.34, 227, 0.17, 1.21, 0.59, 1.43, 0.89, 0.56, 1.93, 2.97, 0.10, 0.35, 0.16, 0.14, 3.11, 0.19, 0.28, 0.08, 0.09, 0.30, 0.15, 0.59, 0.12 भूमियों को ग्राम पटपर की बी- 1 वर्ष 1980-81 में मध्यप्रदेश शासन के नाम को बिना किसी अधिकार व बिना किसी आदेश के सुधार कर ताहुतदार धर्मशाला व्यवस्थापक बनकर सभी सिलींग भूमियों का विक्रय कर दिया गया। यह कि इन्ही भूमियों के विषय में छत्तीसगढ़ विधानसभा के दिसम्बर 2012 के सत्र में दिन शुक्रवार 14 दिसम्बर 2012 की कार्यवाही में तारांकित प्रश्नोत्तर में कमांक 14 में प्रश्न क्रमांक 251 के द्वारा राजस्व मंत्री से भाटापारा विधायक के द्वारा प्रश्न किया गया था कि-

(क) छत्तीसगढ़ में मालगुजार ताहुतदार प्रथा कब समाप्त हुई ?

(ख) भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तरेंगा के मालगुजार कौन कौन थे व उनकी कितनी कितनी भूमि कहाँ कहाँ थी?

(ग) में उल्लेखित है कि भूमियों में से कौन कौन से खसरा नम्बर की भूमि सीलिंग एक्ट के तहत शासन के अधिकार में कब आई?

छत्तीसगढ़ विधानसभा में भाटापारा विधायक चैतराम साहू के प्रश्न पर राजस्व मंत्री दयालदास बघेल के द्वारा कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा से जानकारी प्राप्त कर प्राप्त जानकारी के आधार पर ग्रामवार हल्का पटवारी नम्बर सहित सीलिंग से प्राप्त भूमियों का विवरण खसरा नम्बर सहित जवाब 14 दिसम्बर 2012 को प्रस्तुत किया गया था। जवाब में अन्य भूमियों के अतिरिक्त ग्राम पटपर की उपरोक्त वर्णित खसरा एवं रकबा की भूमियों को 20/04/78 को शासन में निहित होना बताया गया तथा कैफियत कालम में 20/04/78 को शासन में निहित होना उल्लेखित किया गया है। आवेदनपत्र के कंडिका कमांक आठ एवं दस में वर्णित भूमियाँ सन 2012 के पूर्व ही विषयांकित व्यक्तियों के द्वारा विकय की जा चुकी है। यह कि इन भूमियों के विषय में यह तथ्य स्पष्ट करना उचित एवं आवश्यक है कि इन भूमियों की जानकारी छुपाने के लिये ही लगभग 20 वर्ष पूर्व से ग्राम पटपर का मिशल नक्शा राजस्व विभाग द्वारा गायब बताया जा रहा है ।

> उक्त मामले से सम्बंधित जानकारी प्रशासन के पास है इस सम्बंध में जाँच कि प्रक्रिया के बाद आगे कार्यवाही कि जायेगी।
>
> **- कलेक्टर,**
> दीपक सोनी

# बागबाहरा जंगल से रेस्क्यू कर सफेद पूंछ वाले बीमार गिद्ध की बचाई जान

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर के समीप स्थित नंदनवन जंगल सफारी के वन अधिकारियों एवं चिकित्सकों की टीम ने विलुप्त प्रजाति के सफेद पूंछ वाले बीमार गिद्ध का रेस्क्यू कर उसकी जान बचाने में सफल रही है। यह बीमार गिद्ध लगभग 500 किलोमीटर की उड़ान भरता हुआ बीते दिनों छत्तीसगढ़ राज्य के महासमुंद वनक्षेत्र के बागबाहरा पहुंचा था। इस बीमार गिद्ध के रेस्क्यू के बाद नंदनवन जंगल सफारी के वन्य चिकित्सकों एवं वन अधिकारियों ने बड़ी सावधानी के साथ इस गिद्ध का रेस्क्यू कर इलाज किया। इसके स्वास्थ्य पर सतत निगरानी रखी, जिसके चलते कुछ ही दिनों में यह गिद्ध स्वस्थ एवं सामान्य स्थिति में आ गया। जंगल सफारी की टीम ने इस गिद्ध को फिर से उड़ान भरने के लिए छोड़ दिया है। नंदनवन जंगल सफारी के अधिकारियों द्वारा बीमार गिद्ध के बचाव कार्य की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वन मंत्री केदार कश्यप ने सराहना की है। उन्होंने गिद्ध के रेस्क्यू ऑपरेशन और इलाज में लगी अधिकारियों की टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विलुप्त होती गिद्ध की इस प्रजाति का छत्तीसगढ़ के अधिकारियों द्वारा बचाव के लिए किए गए प्रयासों की जितनी सराहना की जाए कम है। गौरतलब है कि सफेद पूंछ वाला गिद्ध (वाईट रुम्पड वल्चर) एक संकट ग्रस्त प्रजाति है। वर्तमान में इस प्रजाति की संख्या देश में 13 हजार से भी कम रह गई है। यह गिद्ध बड़े पेड़ों पर घोंसला बनाते हैं और साल भर में केवल एक ही अंडा देते हैं, जिससे इनकी संख्या बढ़ने की गति धीमी होती है। ये गिद्ध केवल उन्हीं क्षेत्रों में पाए जाते हैं, जहां जैव विविधता समृद्ध होती है और प्रदूषण या औद्योगीकीकरण का प्रभाव कम होता है। गिद्ध के इस प्रजाति के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भारत में वाईट रुम्पड वल्चर की निगरानी और संरक्षण के लिए बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) और ताडोबा अंधेरी टाइगर रिजर्व ने एक विशेष पहल करते हुए 10 सफेद पूंछ वाले एक गिद्धों को एक साथ जियो-ट्रैकिंग उपकरण के साथ जंगल में छोड़ा गया था, जिसमें से एक गिद्ध महाराष्ट्र राज्य में उड़ान भरते हुए छत्तीसगढ़ के इन्द्रावती टाईगर रिजर्व होते हुए कांकेर जिले से महासमुंद वन क्षेत्र बागबाहरा में पहुंच गया था। नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) और ताडोबा अंधेरी टाइगर रिजर्व का गिद्धों को छोड़ने उद्देश्य उनके प्रवास मार्गों का अध्ययन करने के साथ-साथ उनको प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रख उनका संरक्षण और संवर्धन करना था। उन 10 गिद्धों में से एक गिद्ध 20 दिनों में लगभग 500 किलोमीटर की उड़ान भरने के बाद महासमुंद वन क्षेत्र में आ गया था। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) की निगरानी टीम ने जियो-ट्रैकिंग उपकरण की मदद से जाना कि यह गिद्ध बागबाहरा जंगल मे एक ही स्थान पर लंबे समय तक रुका हुआ है। इस स्थिति को देखते हुए उन्होंने नंदनवन जंगल सफारी रायपुर के अधिकारियों से सम्पर्क किया और पूरी स्थिति की जानकारी दी। नंदनवन जंगल सफारी के वन्यजीव डॉक्टरों और वन अधिकारियों की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बागबाहरा क्षेत्र से गिद्ध का सुरक्षित रेस्क्यू किया और 26 अगस्त को उसे नंदनवन जंगल सफारी ले आए। यहां चिकित्सकों की देखरेख में गिद्ध को उचित उपचार और पोषण दिया गया, जिससे वह स्वस्थ होने लगा। कुछ दिनों में ही गिद्ध पूरी तरह से स्वस्थ हो गया और उसकी सक्रियता लौट आई। नंदनवन जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने बताया कि नंदनवन जंगल सफारी से वन्य जीव चिकित्सकों के सलाह के आधार पर 26 सितंबर 2024 को गिद्ध को फिर से उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया, जिसके बाद यह गिद्ध यहाँ से 1100 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करते हुए गुजरात राज्य के सूरत इलाके में पहुंच गया है। इस गिद्ध की लोकेशन की ट्रेकिंग बीएनएचएस द्वारा की जा रही है।

## मतदान दिवस और मतदान के एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्वप्रमाणीकरण

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा उप-निर्वाचन के लिए इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत उप-निर्वाचन के लिए मतदान तिथि 13 नवम्बर तथा उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्वप्रमाणीकरण आवश्यक है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र की जानकारी देते हुए बताया कि मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए यह अनिवार्य होगा। आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि आवेदनकर्ताओं द्वारा ऐसे विज्ञापन के प्रस्तावित प्रकाशन दिनांक से कम से कम दो दिवस पूर्व मीडिया प्रमाणन समिति को आवेदन प्रस्तुत किए जाने चाहिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने बताया कि मतदान दिवस के पूर्व एवं मतदान तिथि को प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद वे दल अथवा प्रत्याशी जो इससे प्रभावित होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खंडन का अवसर नहीं होता। ऐसे में स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए मतदान दिवस के एक दिन पहले और मतदान तिथि को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व विज्ञापनों का पूर्वप्रमाणन आवश्यक है।

## खनिज विभाग की टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी



**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में रायपुर जिले में गौण खनिजों के उत्खनन एवं अवैध परिवहन के मामले में कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। उप संचालक खनिज के.के. गोलघाटे के निर्देशन में खनिज अधिकारियों की टीम अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध उत्खनन एवं परिहवन में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कार्रवाई कर रही है। खनिज विभाग के सुपरवाइजर सुनीलदत्त शर्मा एवं उनकी टीम ने बीते दिनों आरंग इलाके के ग्राम गुदगुदा में रेत अवैध खनन में संलिप्त पनडुब्बी नुमा मशीन, एक चेन माउन्टेन और एक हाईवा को मौके से जप्त कर थाना आरंग के सुपुर्द करने की कार्रवाई की। इससे पूर्व इस टीम ने रेत के अवैध परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टर एवं एक हाईवा को आरंग के समीप ग्राम कुरूद से जब्त कर थाना गिद्धपुरी को सुपुर्द किया। इस कार्रवाई में सुपरवाइजर बेलचंदन, डी के साहू व सैनिक रूपेश चंद्राकर, राजू बर्मन, गोलू वर्मा, केदार वर्मा, लुकेश वर्मा, प्रेम कुर्रे एवं पुलिस के जवानों का सहयोग रहा।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403